CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार, 5 दिसंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –216 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु





इंडिया गठबंधन के लिए नीतीश खतरनाक पृष्ठ 3
■ पर 2024 की कोई गारंटी नहीं है!
■ भारतीय अर्थव्यवस्था विकास के पथ पर लेकिन नयी नौकरियां पैदा ... पृष्ठ 4
■ गाजा में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 15,523 हुई
■ जर्मनी के मंत्री सीओपी28 में शामिल नहीं होंगे : रिपोर्ट पृष्ठ 9
भगवान का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझे एक और मौका दिया : अर्शदीप पृष्ठ 10

# मिजोरम में जेडपीएम की बड़ी जीत

## नए राजनीतिक दल जोरम पीपुल्स मूवमेंट ने 40 में से 27 सीटें जीती, मुख्यमंत्री जोरमथांगा को भी मिली हार

**एजल**, 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। मिजोरम विधान सभा चुनाव में सत्ता विरोधी तेज लहर के बीच प्रदेश के सबसे नए राजनीतिक दल जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने शानदार जीत दर्ज करते हुए 40 में से 27 सीटें जीत कर मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। मुख्यमंत्री जोरमथांगा एजल पूर्व-1 की अपनी सीट से चुनाव हार गए हैं। इस चुनाव ने मिजोरम के राजनीतिक इतिहास को एक नया मोड़ दिया है। मिजोरम को राज्य का दर्जा मिलने के बाद से यहां की सत्ता कांग्रेस और एमएनएफ के बीच घुमती चली आ रही थी । सत्ता की इस द्विध्रुवीय राजनीति को जेडपीएम ने भंग किया है।

**लगातार तीन बार से सत्ता में थी एमएनएफ**

एमएनएफ लगातार तीन बार से राज्य में सत्ता में थी और पिछले विधानसभा चुनावों में इसे 26 सीटें हासिल हुई थीं, इस पार्टी ने उसके बाद हुए उपचुनावों में दो और सीटें हासिल की थीं। इस बार चार अन्य राज्यों के साथ नवंबर में कराए गए मिजोरम के चुनाव की सोमवार को हुई मत गणना के बाद एमएनएफ केवल 10 सीटों पर सिमट कर रह गई है। भाजपा ने भी पिछले चुनाव में एक विधायक की तुलना में दो सीटें जीतकर कुछ बेहतर प्रदर्शन किया है। ईसाई-बहुल इस राज्य में कांग्रेस केवल एक सीट पर जीत हासिल कर पाई। वयोवृद्ध कांग्रेसी नेता सी न्गुनलियानचुंगा लॉन्टलाई पश्चिम सीट पर लगातार तीसरी बार विजय दर्ज करने में सफल रहीं। वहीं केन्द्र

➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤





**मिजोरम** कुल सीट (40)

| पार्टी | सीट |
|---|---|
| ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट | 27 |
| मिजो नेशनल फ्रंट | 10 |
| भारतीय जनता पार्टी | 2 |
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 1 |

**पहली बार तीन महिला विधायक चुनी गईं** - वर्ष 2023 के मिजोरम चुनावों ने एक नया इतिहास रचा है। राज्य में पहली बार तीन महिला विधायक चुनी गईं और तीनों अनारक्षित सीटों से जीतीं। आइजोल दक्षिण-तृतीय से जेडपीएम की उम्मीदवार बेरिल वन्नेइहसांगी तलाऊ, लुंगलेई पूर्व से लालरिनपुई और पश्चिम तुईपुई से एमएनएफ उम्मीदवार प्रवो चकमा ने जीत हासिल की।

**लालदुहोमा का अगला मुख्यमंत्री बनना तय**

आईपीएस अधिकारी से नेता बने लालदुहोमा की पार्टी ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के 40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा में 27 सीटें जीतने के बाद उनका राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनना लगभग तय है। जेडपीएम के अध्यक्ष और पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार लालदुहोमा ने बहुकोणीय मुकाबले में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एमएनएफ के जे. माल्सावमजुआला वानचावंग को 2,983 मतों के अंतर से हराकर अपनी सेरछिप सीट बरकरार रखी।

**मिजोरम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी हारे**

मिजोरम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष लालसावता को आइजोल पश्चिम-3 निर्वाचन क्षेत्र में जेडपीएम उम्मीदवार और मौजूदा विधायक वीएल जैथनजामा के सामने हार का सामना करना पड़ा। मंत्री रॉबर्ट रोमाविया रॉयटे व लालचंदमा राल्ते ने जीत हासिल की।

### संसद का शीतकालीन सत्र शुरू

# हार का गुस्सा सदन में न निकाले : मोदी

**नई दिल्ली**, 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष का आज आह्वान किया कि वे संसद को पराजय का गुस्सा निकालने का मंच ना बनायें और नकारात्मकता एवं नफरत छोड़ कर सकारात्मक विचार के साथ आये और देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए जनता की आकांक्षा को पूरा करने में सहयोग करें। श्री मोदी ने यहां संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत के पहले संसद भवन परिसर में मीडिया को दिये अपने वक्तव्य में चार राज्यों के चुनावी परिणामों को नकारात्मकता के विरुद्ध जनादेश बताते हुए कहा, कल ही चार राज्यों के चुनाव नतीजे आए हैं। बहुत ही उत्साहवर्धक परिणाम आए हैं। ये उनके लिए उत्साहवर्धक हैं, जो देश के सामान्य मानवी के कल्याण के लिए, देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, सभी समाजों और सभी समूहों की महिलाएं, युवा, हर समुदाय और समाज के किसान और मेरे देश के गरीब। ये चार ऐसी महत्वपूर्ण जातियां हैं जिनके सशक्तिकरण, उनके भविष्य को सुनिश्चित करने वाली ठोस योजनाएं और अंतिम व्यक्ति तक पहुंच के उसूलों पर जो चलता है, उन्हें भरपूर समर्थन मिलता है। उन्होंने कहा कि इतने उत्तम जनादेश के बाद आज हम संसद के इस नए मंदिर में मिल रहे हैं। जब इस नए परिसर का उद्घाटन हुआ था, तो उस समय एक छोटा सा सत्र था और एक ऐतिहासिक निर्णय हुआ था। लेकिन इस बार लंबे समय तक इस सदन में कार्य करने का अवसर मिलेगा। श्री मोदी ने कहा कि देश ने नकारात्मकता को नकारा है। सत्र के प्रारंभ में विपक्ष के साथियों के साथ हमारा विचार विमर्श होता है, सबके सहयोग के लिए हम हमेशा आग्रह करते हैं। इस बार भी ये सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई हैं।



**आप सांसद राघव की निलंबन रद्द**-आम आदमी पार्टी के निलंबित राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को बडी राहत मिली है। सभापति जगदीप धनकड ने 115 दिनों के निलंबन के बाद उनकी संसद सदस्यता बहाल कर दी है।

**राज्यसभा के उप सभापति पैनल का पुनर्गठन**- राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को सदन के उप सभापति पैनल का पुनर्गठन करने की घोषणा की। पैनल में कांग्रेस की फूलो देवी नेताम को भी शामिल किया गया है।

## सार संक्षेप

### मायावती ने चुनाव परिणामों को बताया विचित्र

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने चार राज्यों के चुनावी नतीजों को विचित्र और रहस्यमयी बताया है। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया बैठक में इसे लेकर मंथन किया जायेगा। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी अपने बयान में कहा कि चार राज्यों में अभी हाल में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम एक पार्टी के पक्ष में एकतरफा होने से सभी लोगों का शंकित, अचंभित व चिंतित होना स्वाभाविक है। चुनाव के पूरे माहौल को देखते हुए ऐसा विचित्र परिणाम लोगों के गले के नीचे उतर पाना बहुत मुश्किल है।

### डॉक्टर कफील खान पर केस दर्ज किया गया

**लखनऊ।** गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज के पूर्व डॉक्टर कफील खान और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ उनकी किताब के प्रकाशन पर मामला दर्ज किया गया है, जिसका कुछ पाठ कथित तौर पर उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ है। थाना प्रभारी, कृष्णा नगर, लखनऊ, जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा- प्राथमिकी कृष्णा नगर के व्यवसायी मनीष शुक्ला की शिकायत पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं और प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम के उल्लंघन के तहत दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार, डॉ- कफील की किताब उनके समर्थकों के बीच पैसा जुटाने, अपनी बेगुनाही साबित करने, राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने और केंद्र सरकार को रोकने के साधन के रूप में वितरित और बेची गई है।

### कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज होगी

**जयपुर।** राजस्थान में सौलहवीं विधानसभा के लिए हुए चुनाव के बाद कांग्रेस विधायक दल की बैठक मंगलवार को बुलाई गई हैं। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने यह बैठक पूर्वाह्न ग्यारह बजे आहूत की है। श्री चतुर्वेदी ने बताया कि विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों को पांच दिसम्बर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर होने वाली विधायक दल की बैठक में शामिल होने के निर्देश दिए गए है। उल्लेखनीय है कि इस चुनाव में कांग्रेस के 69 विधायक चुने गए है।

# हैदराबाद के पास में वायुसेना का ट्रेनी विमान दुर्घटनाग्रस्त

## दुर्घटना में दो पायलटों की मोत



**हैदराबाद**, 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। हैदराबाद से लगभग 60 किलोमीटर दूर मेडक जिले के तूप्रान के पास सोमवार सुबह भारतीय वायु सेना (आईएएफ) का एक प्रशिक्षण विमन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें दो पायलटों की मौत हो गई। पिलाटस पीसी 7 एमके टू ट्रेनर विमान ने सुबह नियमित प्रशिक्षण उड़ान के लिए वायु सेना अकादमी, हैदराबाद से उड़ान भरी थी।

वायुसेना अधिकारियों ने बताया कि दोनों पायलटों में से एक प्रशिक्षक और एक प्रशिक्षु था। आईएएफ ने एक बयान में कहा, यह बेहद अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि एलएएफ पुष्टि करता है कि विमान में सवार दोनों पायलटों की मौत हो गई हैं। किसी भी नागरिक जीवन या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। इसमें कहा गया है कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है । विमान चट्टानों के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गया और आग में पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना सोमवार सुबह करीब 8.30 बजे हुई। स्थानीय लोग दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया।

■ कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया

# राज्यपाल से मिले भाजपा प्रभारी ओम माथुर

**रायपुर**, 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से ओम माथुर ने मुलाकात की। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड विजय के पश्चात छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी के तौर पर उन्होंने महामहिम राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से भेंट की। इसके पहले भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आज रखा गया कार्यक्रम स्थगित किया गया था।

जिसके बाद माथुर और सह प्रभारी नीतिन नबीन राजभवन पहुंचे थे। गौरतलब है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को नकार दिया। वहीं भाजपा को 54 सीटों पर शानदार जीत मिली है। 75 सीटों का दावा करने वाली कांग्रेस 35 सीट पर सिमट गई।



**भाजपा विधायक दल की बैठक स्थगित**

छत्तीसगढ़ विधानसभा के 90 विधानसभा सीटों में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की वापसी हुई है। इस बड़ी जीत के साथ आज भाजपा विधायक दल की बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में होने वाली थी, जिसे स्थगित कर दिया गया है। भाजपा मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में दोपहर 11 बजे भाजपा विधायक दल की बैठक आहूत की गई थी। यह बैठक बीजेपी के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सहप्रभारी नितिन नवीन की मौजूदगी में होने वाली थी। इस बैठक में ओम माथुर सभी जीते हुए प्रत्याशियों के साथ 121 चर्चा करने वाले थे। हालांकि इस कार्यक्रम को स्थगित करने की कोई वजह भाजपा की ओर से सामने नहीं आई है।

### सरकार बदलते ही इस्तीफे का दौर शुरू

# मुख्यमंत्री भूपेश के बाद महाधिवक्ता वर्मा और प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला ने दिया इस्तीफा

**रायपुर**, 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही इस्तीफे का दौर शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस्तीफे के बाद अब महाधिवक्ता सतीश वर्मा और संविदा में प्रमुख सचिव पद पर नियुक्त डॉ। आलोक शुक्ला ने इस्तीफा दे दिया है। महाधिवक्ता वर्मा ने राज्यपाल को इस्तीफा भेज दिया है।

वहीं, भूपेश बघेल सरकार में संविदा में प्रमुख सचिव पद पर नियुक्त डॉ। आलोक शुक्ला ने देवेंद्र नगर ऑफिसर कॉलोनी में मिले अपने बंगले को खाली कर लिया है। डॉ. शुक्ला दो ट्रक में बंगले से पूरा सामान लेकर टेमरी अपने निजी आवास पर ले गए हैं। बताया जा रहा है कि डॉ. आलोक अपने संविदा में नियुक्ति पत्र को लेकर आज अपना त्यागपत्र मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन अमिताभ जैन को सौंप दिया है। वहीं, खबर है कि आज कल में कुछ और संविदा पर चल रहे ब्यूरोक्रेट अपना इस्तीफा दे सकते हैं।



**सत्ता परिवर्तन होने के बाद सीएम और मंत्रियों के निज सचिव और ओएसडी रहे अफसरों की मूल विभाग में वापसी**

छत्तीसगढ़ के गठन के बाद इस राज्य में हुए विधानसभा चुनावों में पहली बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। प्रदेश की सत्ता में परिवर्तन हो गया है। सीएम भूपेश बघेल ने कल शाम राजभवन में अपना इस्तीफा सौंप दिया है। जिसके बाद मुख्यमंत्री के निज सचिव और ओएसडी को उनके मूल विभाग में पदस्थापना की गई है। इस लिस्ट में मंत्रियों के निज सचिव का नाम शामिल है। जिन्हें उनके मूल विभाग में पदस्थापना दी है। जिसका आदेश सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव क्लेमेन्टीना लकड़ा ने जारी किया है।

### कांग्रेस को सहयोगियों ने आंख दिखाना शुरू किया

# गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं होंगी ममता

**नई दिल्ली**, 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली बड़ी पराजय के बाद अब इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों ने उसे आंख दिखाना शुरू कर दिया। पहले कांग्रेस की हार के लिए सहयोगियों ने उसे खुद जिम्मेदार बताया।

अब जबकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 6 दिसम्बर को इंडिया गठबंधन की बैठक बुलाई गई है तो टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने इसमें भाग लेने से इनकार कर दिया है। ममता ने कहा कि उन्हें इंडिया गठबंधन की बैठक के बारे में कोई जानकारी नहीं है। जबकि उनका पहले से ही सप्ताह भर का कार्यक्रम तय हैं। लिहाजा अब अगर उन्हें बुलाया भी जाता है तो वे इसमें भाग नहीं ले पाएंगी।

वहीं सूत्र बता रहे हैं कि ममता कांग्रेस के रवैए से नाराज हैं। क्योंकि बैठक बुलाने से पहले उनसे कोई सलाह- मशविरा नहीं किया गया। इसके चलते वे इस बैठक में भाग लेने से इनकार करके कांग्रेस को चेताना चाहती हैं। ताकि खेत्रीय दल होने के नाते कांग्रेस ने हल्के में न ले।

साथ ही वे चाहती हैं कि इंडिया गठबंधन में उन्हें संयोजक या कोई अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिले। ताकि कांग्रेस पार्टी सहयोगी दलों के साथ बराबरी के स्तर पर बात करे। मालूम हो कि पांच राज्यों के चुनाव से पहले भाजपा से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस, टीएमसी, राजद, जदयू, सपा और डीएमके समेत 26 विपक्षी दलों ने एक साथ आकर इंडिया गठबंधन बनाने की घोषणा की थी। इसकी लगातार तीन बैठकें भी हुई। लेकिन पांच राज्यों के विधानसभा .चुनाव में कांग्रेस ने सहयोगी दलों को कोई तवज्जो नहीं दिया। जिसके चलते उनमें गहरी नाराजगी है और अब वे इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की अगुवाई नहीं बल्कि बराबर के स्तर पर आगे की बातचीत चाहते हैं।



■ खड़गे ने 6 दिसम्बर को बुलाई है इंडिया गठबंधन की बैठक
■ बैठक के बारे में जानकारी से इनकार किया

### भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने जारी किया अलर्ट

# चक्रवात 'मिचौंग' के आज नेल्लोर पहुंचने की संभावना

**नई दिल्ली**, 4 दिसंबर (देशबन्धु)। दक्षिण बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरे दबाव का क्षेत्र चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया है। जिसे मिचौंग नाम दिया गया है। इसके कल सुबह तक आंध्र प्रदेश के नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच पहुंचने की आंशका है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गंभीर चक्रवाती तूफान मिचौंग सोमवार को भारतीय समयानुसार ढाई बजे दक्षिण बंगाल की खाड़ी के ऊपर चेन्नई से करीब सौ किलोमीटर उत्तर पूर्व और नेल्लोर से 120 किलोमीटर दक्षिण पूव में केंद्रित था। यह धीरे-धीरे तेज होगा और उत्तर की ओर बढ़ेगा और गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में पांच दिसंबर की दोपहर बापटला के करीब नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच दक्षिण आंध्र प्रदेश तट को पार करेगा।



**भारी बारिश से जलमग्न हुए चेन्नई के कई इलाके**-चेन्नई के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लगातार हो रही भारी बारिश के चलते ओमनदुरार सरकारी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के बाहर वालाजाह रोड, माउंट रोड, अन्ना सलाई, चेपॉक सहित कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। भारी बारिश के चलते चेन्नई के लोकप्रिय मरीना बीच पर पानी भर गया और जलभराव के कारण माउंट रोड से मरीना बीच तक की सड़कें अवरुद्ध हो गईं।

**चेन्नई हवाईअड्डे पर उड़ानें रद्द**

चक्रवात मिचौंग के कारण सोमवार को तमिलनाडु में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और चेन्नई सबसे अधिक प्रभावित हुआ। राज्य की राजधानी में भारी बारिश हुई है, इसके परिणामस्वरूप सबवे और मुख्य सड़कों पर पानी जमा हो गया है। सोमवार सुबह भारी बारिश के कारण चेन्नई हवाई अड्डे पर उड़ानों में देरी हुई और उड़ानें रद्द कर दी गईं। सूत्रों ने कहा कि बारिश कम होने के बाद सेवाएं फिर से शुरू हो जाएंगी, 20 से अधिक उड़ानों में देरी हुई है। यात्रियों को हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति की जांच करने के लिए कहा गया है।

### खुलासा — राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट से मिली जानकारी

# दिल्ली महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर

**नई दिल्ली, 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने 2022 की रिपोर्ट जारी कर दी है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर है। यहां 2022 में एक दिन में 3 दुष्कर्म के मामले दर्ज किए गए।**

*रिपोर्ट में बताया कि देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 4 लाख 45 हजार 256 केस दर्ज किए गए, यानी हर घंटे लगभग 51 प्राथमिकी दर्ज हुईं। 2021 में यह आंकड़ा 4 लाख 28 हजार 278 था। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 की तुलना में महिला अपराधों में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वहीं 2022 में 28 हजार 522 मर्डर केस दर्ज हुए यानी हर दिन 78 हत्याएं हुईं।*

*एससी एसटी के खिलाफ अपराध बढ़े*

*देश में बच्चों, अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति और साइबर क्राइम बहुत ज्यादा बढ़े हैं। एनसीआरबी रिपोर्ट में सामने आया है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2021 में 64.5 फीसदी से बढ़कर 2022 में 66 फीसदी हो गई है। इसमें से 2022 के दौरान 19 महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 48 हजार 755 मामले दर्ज किए गए, जो 2021 (43 हजार 414 केस) की तुलना में 12.3 फीसदी ज्यादा हैं। 2022 में महिला अपराध में 65 हजार 743 मामलों के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। इसके बाद महाराष्ट्र (45331 केस) और राजस्थान (45058 केस) पश्चिम बंगाल (34738 केस) और मध्य प्रदेश (32765 केस) का नंबर हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय दंड संहिता और विशेष और स्थानीय कानून के तहत रजिस्टर्ड क्राइम में कमी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रति लाख जनसंख्या पर रजिस्टर क्राइम रेट 2021 में 445.9 से घटकर 2022 में 422.2 हो गए हैं। 2022 में 58 लाख 24 हजार 946 अपराध दर्ज किए गए, जिनमें 35 लाख 61 हजार 379 भारतीय दंड संहिता और 22 लाख 63 हजार 567 विशेष और स्थानीय कानून अपराध शामिल हैं। 2021 में यह आंकड़ा 60,96,310 रजिस्टर्ड केस का था। रिपोर्ट में सामने आया है कि 2022 में 18 साल से कम उम्र के 10 हजार 295 बच्चों ने आत्महत्या की। वहीं महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 4 फीसदी का इजाफा हुआ।*

# जिले में आप व बसपा का नहीं दिखा असर

## छह विधानसभा सीटों में किसी भी सीट पर तीसरा मोर्चा का कोई प्रभाव नजर नहीं आया

**बिलासपुर,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। बिलासपुर जिले में तीसरा मोर्चा के रूप में लड़ने वाले अलग-अलग दलों का असर इस चुनाव में पूरी तरह ध्वस्त हो गया। आम आदमी पार्टी से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के सीएम भगवंत मान की गारंटी और उत्तरप्रदेश की पूर्व सीएम बहन मायावती की अपील सहित जनता कांग्रेस जोगी की छत्तीसगढ़िया ताकत का कोई फायदा देखने को नहीं मिला।

जिले के छह विधानसभा सीटों में किसी भी सीट पर तीसरा मोर्चा का कोई प्रभाव नजर नहीं आया। कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों ने मतदाताओं को मतगणना के अंत तक अपनी ओर बांधकर रखा। विधानसभा बिलासपुर, मस्तूरी, बेलतरा, तखतपुर, बिल्हा, कोटा में आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी (जे) के प्रत्याशी चुनाव मैदान पर ऊतरे थे। तीनों दलों के नेता आचार संहिता लगने के बाद से मतगणना तक जीत का पूरा जोर दावा करते रहे। इससे पहले तीसरा मोर्चा के कारण साल 2018 विधानसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति बन गई थी। तब छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस और बसपा के प्रत्याशी सामान्य तरीके से चुनाव लड़े। इसका फायदा बीजेपी को मिला था और जिले के मस्तूरी डा. कृष्णमूर्ति बांधी, बेलतरा में रजनीश सिंह, बिल्हा में धरमलाल कौशिक और कोटा में जनता कांग्रेस से डा. रेणु जोगी जीत दर्ज किए थे। बिलासपुर जिले में इस बार तीसरा मोर्चा के किसी भी पार्टियों का कोई प्रभाव देखने को नहीं मिला। उल्टे सभी दलों के प्रत्याशियों को साल 2018 की तुलना में बहुत कम वोट मिली है। छह विधानसभाओं के जनता ने तीसरा मोर्चा को पूरी तरह से नकार दिया। कांग्रेस व बीजेपी के प्रत्याशियों ने अपने दम पर चुनावी मैदान फतह किया। जिले में तीसरा मोर्चा के प्रत्याशियों के समर्थन में दो बड़ी राष्ट्रीय पार्टी उत्तर प्रदेश के बहुजन समाज पूर्व सीएम मायावती, आम आदमी पार्टी के पंजाब के सीएम भगवंत मान, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने साइंस कालेज मैदान में दो बड़ी सभा किए थे। आप पार्टी के नेताओं ने जोरशोर से जनता के सामने अपनी गारंटी रखें। वहीं मायावती ने दलित मतदाताओं को साधने की कोशिश की थी। इन दोनों सभाओं में जमकर लोगों की भीड़ दिखी। इसे लेकर चुनाव में फायदा मिलने का दावा भी किया जा रहा था, लेकिन सारी अटकलें आज चुनाव परिणाम के बाद धराशाई हो गई। यहीं वजह है कि तीनों राष्ट्रीय नेताओं ने भीड़ को वोट के रूप बदलने में नाकाम हो गए।

# छत्तीसगढ़ की डिस्टलरी कुम्हारी का एक माह के लिए लाइसेंस सस्पेंड

**रायपुर,** 4 दिसंबर (देशबन्धु)। नकली होलोग्राम का खुलासा होने पर कुम्हारी स्थित छत्तीसगढ़ डिस्टलरी का लाइसेंस एक महीने के लिए लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है। बस्तर में अक्टूबर महीने में पकड़े गए एक ट्रक अवैध शराब के बाद मामले का खुलासा हुआ था। इसके बाद डिस्टलरी संचालक से जवाब मांगा गया था। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर आबकारी आयुक्त महादेव कांवरे ने यह कार्रवाई की है। यह नकली होलोग्राम आबकारी निगम के पूर्व एमडी एपी त्रिपाठी के परिजनों की फर्म तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराती थी।

आबकारी आयुक्त ने एक अधिकृत विग्यप्ति में बताया कि बस्तर में उड़ीसा राज्य की सीमा में स्थित धनपूंजी जांच चौकी में पुलिस विभाग के द्वारा बीते 2 अक्टूबर को ग्राम धनपूंजी नगरनार जिला बस्तर में एक ट्रक क्रमांक क्क 32 रुह 3549 को जांच के लिए रोक कर तलाशी लेने पर आटा की बोरियों में छुपाकर 890 पेटी गोवा स्पेशल व्हिस्की छत्तीसगढ़ राज्य को विक्रय हेतु लेबल की अवैध रूप से परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन में कुल 890 पेटी गोवा स्पेशल व्हिस्की के संबंध में वाहन चालक एवं अन्य 02 व्यक्ति जो वाहन में सफर कर रहे थे के द्वारा विधिवत दस्तावेज उपलब्ध न कराये जाने पर मदिरा को अवैध मानते हुए छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 ;2द्ध के तहत् अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं वाहन सहित 890 पेटी गोवा स्पेशल व्हिस्की को जप्त कर वाहन में सवार सभी 03 व्यक्ति के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत् गैर जमानती प्रकरण दर्ज किया गया। जप्त मदिरा की जांच करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि सभी 890 पेटी मदिरा कुल 42,720 नग पाव में चस्पा की गई होलोग्राम का नम्बर एक समान ही था

# कुम्भकार समाज की शोभायात्रा निकाली जाएगी



**तखतपुर** 04 दिसंबर (देशबन्धु)। कुम्भकार समाज की बैठक में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक विषय पर चर्चा की गई ।नगर में तखतपुर राज् महासंघ की बैठक एवं शोभायात्रा निकाले जाने पर चर्चा की गई जिसमें सभी ने अपनी सहमति दी।

बैठक में कुंभकार समाज की महिलाओं का नारी शक्ति समूह तैयार किया गया जो समाज के विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय होकर कार्य करेगा ।समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र कुंभकार बल्हा ने बताया कि समाज के वार्षिक कार्यक्रम एवं महासभा के लिए हम सबको अच्छा कार्य करना है। सियाराम कुंभकार ने सभी को वार्षिक गतिविधियों की जानकारी दी । समाज के संरक्षक दिलीप तोलानी ने सामाजिक नियमों एवं गतिविधियों में एकरूपता के साथ कार्य करने का आह्वान किया इस अवसर पर संत राम कुंभकार छेदु कुंभकार नंदू कुंभकार टेकू लाल कुंभकार विजय कुंभकार नंदू कुंभकार संतोष कुंभकार सियाराम कुम्भकार प्रियाशरण कुंभकार कन्हैया कुम्भकार संजय कुम्भकार मीरा कुम्भकार लीला कुंभकर रामेस्वरी कुम्भकार हेमलता कुंभकार पूजा कुम्भकार अलका कुम्भकार प्रियंका कुंभकार सीमा कुम्भकार विष्णु कुम्भकार गायत्री कुम्भकार रिंकी कुम्भकार कविता कुम्भकार संतोषी कुम्भकार खुशबू कुंभकार मधु कुम्भकार डोली कुम्भकार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### शराब पीकर गाली गलौज करने पर की गई कार्रवाई

**तखतपुर** 04 दिसंबर (देशबन्धु)। शराब पीकर गाली गलौज करने वाले आरोपीयों के साथ पुलिस ने धारा 294, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुनसरी निवासी दुरपती हिमले ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि गांव का ही तोप सिंह भण्डारी, कांति बाई और जगजीत भण्डारी आए दिन शराब पीकर वाद विवाद करते है 2 दिसम्बर को रात्रि 8 बजे फिर से तीनों शराब पीकर आए और उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने तीनों आरोपीयों के खिलाफ धारा 294, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

### चाकू से प्राण घातक हमला करने का आरोपी गिरफ्तार



**जांजगीर,** 04 दिसम्बर (देशबन्धु)। गाली गलौच देने से मना करने पर हत्या करने के नियत से चाकू से प्राण घातक हमला कर सीने में गंभीर चोट पहुंचाने वाले आरोपी को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 307 भादवि. के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामले पर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी सुभम श्रीवास का भाई शिवम श्रीवास उम्र 23 वर्ष निवासी बिरगहनी शाम के लगभग 07.00 बजे गांव के स्कूल के तरफ से घर की ओर आ रहा था जो गांव का आरोपी दीनानाथ साहू गुड़ी चौक के पास गाली गलौच कर रहा था, जो आहत शिवम को भी वहां से गुजरने के दौरान गाली दिया, तब शिवम गाली देने से मना किया तो उसे मारने पीटने के लिऐ उतारू हो गया तब शिवम् डर कर वहां से भाग कर घर आ गया, थोड़ी देर बाद दीनानाथ शिवम के घर के पास आकर शिवम को मारते हुऐ शीतल चौक के पास ले गया और हत्या करने के नियत से चाकू से उसके सीने पर प्राणघातक हमला कर गम्भीर चोट पहुंचाया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना जांजगीर में धारा 307 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी दीनानाथ साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जो जुर्म स्वीकार किए जाने से उसके उसके मेमोरंडम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त एक चाकू को बरामद कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी जांजगीर, सह.उपनिरीक्षक माधव सिंह एवं अन्य स्टाफ का योगदान रहा।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**मिजोरम में जेडपीएम की ...**

की सत्ता में आसीन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को दो सीटों पर ही जीत हासिल हुई है। वर्ष 2017 में स्थापित जेडपीएम ने अपने गठन के बाद मिजोरम विधानसभा के दूसरे चुनाव में अपनी धाक जमायी है। इस पार्टी के उत्थान के साथ एमएनएफ और कांग्रेस जैसी राज्य की पुरानी पार्टियां इस बार हासिए पर चली गयीं। तीन बार के मुख्यमंत्री जोरमथांगा और उप-मुख्यमंत्री तावंलुइया सहित कई दिग्गज समझे जाने वाले उम्मीदवारों को इस चुनाव में मुंह की खानी पड़ी है। श्री जोरमथांगा (79) एजल पूर्व-1 विधान सभा सीट पर जेडपीएम उम्मीदवार और पूर्व विधायक लालथनसांगा से 2101 वोटों से हारे। उप मुख्यमंत्री और जेडपीएम के अस्सी वर्षीय उम्मीदवार तावंलुइया को तुइचांग निर्वाचन क्षेत्र में जेडपीएम उम्मीदवार डब्ल्यू छुआनावमा पराजित किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जोडिंटलुआंगा और निहार कांति चकमा, (दोनों पूर्व मंत्री) को क्रमश: थोरांग और पश्चिम तुईपुई के अपने गृह क्षेत्रों में हार का सामना करना पड़ा। ये दोनों क्रमश: लगातार चार और पांच बार से जीतते आ रहे थे।

# जेएमपी कॉलेज में ग्रुमिंग थ्रू इंग्लिश पर कार्यक्रम




**तखतपुर** 04 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय जे.एम.पी. महाविद्यालय तखतपुर में अंग्रेजी विभाग द्वारा पर्सनल ग्रुमिंग थ्रू इंग्लिश लैंग्वेज पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर मधुलिका लाल द्वारा छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी भाषा की महत्वा को बताते हुए दैनिक जीवन में अंग्रेजी भाषा की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मनोज वर्मा ने अंग्रेजी भाषा की कठिनाइयों को सहज एवं सरल रूप में बताते हुए इसकी अंत-क्रिया विश्लेषण से संबंधित अपने विचार व्यक्त किये । कार्यक्रम का संचालन सागर सिंह क्षत्रिय एवं आभार डॉ सीमा नाथ ने किया।

# सेवादल सिंधी समाज छोटे बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण





### व्यवसाय सुनील रामाख्यानी ने दिया समाज सेवा का उदाहरण

### शीतलहर के प्रकोप के बाद समाजसेवी संस्थाएं आने लगी आगे

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 04 दिसंबर (देशबन्धु)। वनांचल क्षेत्र में शीत लहर के प्रकोप के बाद ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गर्म कपड़ों के वितरण के लिए सामाजिक संस्थाएं आगे आने लगी हैं। इसी कड़ी में सेवा दल ( सिंधी समाज ) पेंड्रा के द्वारा सुनील रामरख्यानी के सहयोग से पेंड्रा के ग्राम लाटा स्थित सरकारी प्राथमिक शाला बगैया पारा में 34 बच्चो को स्वेटर(गर्म कपड़ा) प्रदान किया गया जिसमे अनिल खत्री, विजय असनानी, दौलत पंजाबी, सुनील रामरख्यनी,नरेश वाधवानी, भारत छाबरिया, प्रदीप गुलवानी, अजय पुरशवानी, दिनेश वाधवानी(बुल्लू), सोनू वाधवानी,चिंटू मलानी,दर्शन खत्री मौजूद रहे।

### सामाजिक संस्थाओं का यही है दायित्व और यही है मानवता

अक्सर होता यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब बच्चे के माता-पिता अपने बच्चों को मौसम के अनुसार गर्म कपड़े नहीं दिला पाते जिसके कारण स्कूल में आने वाले बच्चे गर्म कपड़ों के अभाव में साधारण कपड़े ही पहन कर आ जाते हैं। कई बार यह अभिहारिक लगता है कि जहां एक और संपन्न वर्ग की अलमारियां गर्म कपड़ों से भरी रहती हैं वही इसी समाज में एक ऐसा वर्ग भी है जिन्हें एक स्वेटर तक नसीब नहीं हो पाता ऐसे में सामाजिक संस्थाओं का दायित्व है कि वह ऐसे वर्ग के लिए सामने आए। समाज में इस तरह की उदारता को ही मानवता कहा जाता है। सौम्या और सज्जन व्यक्तित्व के धनी व्यवसाय सुनील रामाख्यानी ने मानवता किस धर्म का निर्वहन करते हुए वंचित वर्ग के बच्चों के लिए गर्म स्वेटर उपलब्ध कराया और अपने समाज के लोगों की उपस्थिति में वितरित कराया जो न सिर्फ प्रशंसनीय है बल्कि समाज सेवा का बहुत अच्छा उदाहरण है।

**व्यवसाय विनोद सोनी ने भी किया गया बच्चों को दिया गर्म कपड़ा**

गौरेला पेंड्रा मरवाही स्कूली बच्चों को गर्म कपड़े वितरण की कड़ी में पेंड्रा के व्यवसाय विनोद सोनी द्वारा भी प्राथमिक शाला सेमरा में 38 बच्चों को गर्म कपड़ा स्वेटर वितरण किया गया।

# धर्मजीत की जीत पर नगर में जबरदस्त उत्साह



**तखतपुर** 04 दिसंबर (देशबन्धु)। तखतपुर नगर में भारतीय जनता पार्टी के धर्मजीत सिंह ठाकुर के द्वारा विधायक चुनाव 2023 मैं बंपर जीत के खुशी में लगातार भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं जनमानस के द्वारा पटाखा फोड़कर मिठाइयां बाँटकर सौहार्द पूर्ण वातावरण में खुशियां मनाई जा रही है। इसी कड़ी में आज मंडी चौक में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा जबरदस्त उत्साह के साथ खुशियां मनाई गई। ज्ञात हो कि विधानसभा तखतपुर के सारे रिकॉर्ड को तोड़ते हुए धर्मजीत सिंह ठाकुर 15176 वोट से कांग्रेस प्रत्याशी को प्राप्त कर विजय हासिल किया जो ऐतिहासिक रहा द्य आज के कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिनेश राजपूत, अशोक ठाकुर घनश्याम शिवहरे, पूरे उपाध्यक्ष नगर पंचायत बांसी पांडे, नैनलाल साहू,कृष्ण कुमार साहू, राजेश सोनी, प्रमोद ठाकुर, ज्ञान सिंह ठाकुर, ईश्वर ठाकुर, बाला ठाकुर, ईश्वर देवांगन, सरजू यादव राघवेंद्र पांडे वंदना ठाकुर मालती यादव, शिप्रा सैमुअल, रामानंदी, लता कश्यप, ललित कश्यप, संतोष कश्यप, विक्रम सिंह, मुकेश ताम्रकार, ठाकुर, शिव देवांगन, अंकित अग्रवाल,चंद्रकांत द्विवेदी,विश्वनाथ यादव,अजय यादव, काशी देवांगन, जितेंद्र ठाकुर, विनोद डडसेना,सुनील देवांगन सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**नगरपालिका बूथवार सूची**

तखतपुर विधानसभा चुनाव में नगरपालिका क्षेत्र से बूथवार मत कांग्रेस और भाजपा के साथ अन्य को भी मिला है जिसमें नगरपालिका क्षेत्र के सभी वार्डो में भाजपा को 7523 और कांग्रेस को 4417 मत मिला जिसमें नगरीय क्षेत्र से भाजपा ने 3116 मत से लीड़ दिया। विधानसभा चुनाव के परिणाम आते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भर गया है तखतपुर क्षेत्र में विधानसभा चुनाव में प्रमुख मतदाता सकरी और तखतपुर नगरपालिका क्षेत्र के मतदाताओं की भूमिका अहम रही। जिसमें तखतपुर नगरपालिका क्षेत्र के 15 वार्डो में 3116 मतदाताओं से भाजपा ने बढ़त बनाकर आने वाले नगरपालिका चुनाव के लिए नई चुनौतीयां कांग्रेस के लिए बनी रहेंगी। तखतपुर नगरपालिका क्षेत्र में आज वर्तमान में कांग्रेस की सरकार है अब विधानसभा चुनाव के बाद नये सिरे से नगरपालिका चुनाव के लिए भाजपा नई ऊर्जा से ताकत लगाऐगी। तखतपुर विधानसभा चुनाव में तखतपुर बूथ क्रमांक 167 से भाजपा को 592 कांग्रेस को 208, बूथ क्रमांक168 से भाजपा 465 कांग्रेस 106, बूथ क्रमांक 169 में भाजपा को 417 कांग्रेस को 114, बूथ क्रमांक 170 में भाजपा 260 कांग्रेस 204, 171 में भाजपा को 384 कांग्रेस 144, 172 में भाजपा को 246 कांग्रेस को 189, बूथ क्रमांक 173 से भाजपा को 279 कांग्रेस को 504, बूथ क्रमांक 174 में भाजपा को 171 कांग्रेस 210, बूथ क्रमांक 175 में भाजपा को 199 कांग्रेस 301, बूथ क्रमांक 176 में भाजपा को 493 कांग्रेस 160, बूथ क्रमांक 177 में भाजपा को 316 कांग्रेस 97, बूथ क्रमांक 178 में भाजपा को 350 कांग्रेस 164, बूथ क्रमांक 179 में भाजपा को 374 कांग्रेस 127, बूथ क्रमांक 180 में भाजपा 643 कांग्रेस 226, बूथ क्रमांक 181 में भाजपा 312 कांग्रेस 95, बूथ क्रमांक 182 में भाजपा 463 कांग्रेस 225, बूथ क्रमांक 183 में भाजपा 421 कांग्रेस 307, बूथ क्रमांक 184 में भाजपा 289 कांग्रेस 164, बूथ क्रमांक 185 में भाजपा 494 कांग्रेस 487, बूथ क्रमांक 186 में भाजपा 368 कांग्रेस 385 इन सभी बूथों में भाजपा को 7523 और कांग्रेस को 4417 मत प्राप्त हुए। जिसमें भाजपा को 3116 वोट से आगे रही।

**एल्डरमैन की चर्चा**- तखतपुर क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी धर्मजीत सिंह के जीतने के बाद नगर में अब नये एल्डरमेन की चर्चा भी काफी सुर्खियों में जहां नगर में अपना नम्बर बढ़ाने के लिए चुनावी घमासान में अपनी आहूति देने का प्रमाण भी दे रहे है। सोशल मिडिया में जीते हुए प्रत्याशी के साथ पोस्ट डालने की होड़ लगी हुई है।

# चुनाव में सभी ने निभाई अपनी सहभागिता, कलेक्टर एसपी ने जताया आभार



**सारंगढ़** 04 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत कृषि उपज मंडी सारंगढ़ में मतगणना का कार्य शुरू होने से पहले सुबह 5 बजे से जिन-जिन अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित थे वे आने लगे। कलेक्टोरेट से जुड़े गेट नंबर 1 में अधिकारी-कर्मचारी का प्रवेश द्वार बनाया गया था। मेन रोड से जुड़े गेट-2 से मीडिया सेंटर और उद्घोषक मंच के लिए राजनीतिक दलों के एजेंटों का प्रवेश द्वार बनाया गया था। सुबह 5 बजे से मतगणना कार्मिक, सभी राजनीतिक दल के सदस्य, अभ्यर्थी, गणना एजेंटों का प्रवेश एफसीआई गोदाम की ओर से बने गेट नंबर 3 से किया गया। इन सभी को 7.30 बजे तक मतगणना स्थल में प्रवेश करना अनिवार्य था। इस गेट में पुलिस दल के द्वारा सभी लोगों का चेक किया गया। मतगणना स्थल के लिए प्रतिबंधित सामग्री (मोबाइल, स्मार्ट घड़ी, कैमरा, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, बीड़ी सिगरेट, पान मसाला गुटका आदि) को अपने माध्यम से सुरक्षित रखने के लिए कहा गया।

सारंगढ़ के तहसील कार्यालय परिसर स्थित कोषालय से सुबह 6.30 बजे रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा के निर्देशन में सरकारी गाड़ी से पुलिस बल की सुरक्षा में डाकमत लाया गया। इसमें 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाता, दिव्यांग मतदाता का डाकमत और डाक विभाग से प्रतिदिन सेवा वर्ग के मतदाताओं से प्राप्त डाकमत था।

### लाउडस्पीकर व्यवस्था से मतगणना स्थल के बाहर भीड़ ने प्रत्येक राउंड को सुना

मतगणना स्थल प्रतिबंधित क्षेत्र होने के कारण सामान्य नागरिकों के प्रवेश के लिए प्रतिबंधित किया गया था। इस कारण मतगणना परिणाम जानने के इच्छुक भीड़ सड़क और सामने स्थित उद्यान में लाउडस्पीकर से गिनती को सुनकर मतों की संख्या को सुन पा रहे थे। जिले में समाचार पत्र और टीवी चैनल पत्रकारों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया गया था। इन सभी के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा बैठक एवं आवश्यक व्यवस्था-वाईफाई, टीवी, चाय, नाश्ता, भोजन और मतगणना कक्ष से माइक का सीधा प्रसारण साउंड बॉक्स के माध्यम से किया गया था। जनसंपर्क अधिकारी के द्वारा सभी पत्रकारों को अलग अलग दल के रूप में मतगणना कक्ष के अवलोकन के लिए ले जाया गया और निर्वाचन नियमानुसार फोटो वीडियो उपलब्ध कराया गया।

### मतगणना परिसर सुरक्षा व्यवस्था

एसपी आशुतोष सिंह के निर्देशन में जिला पुलिस बल का तीन स्तर में सुरक्षा प्रदान किया गया था शांतिपूर्ण चुनाव के लिए कलेक्टर व एसपी ने सभी सम्बंधितों का आभार जताया है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

प्रारूप 'ख' (नियम 2 देखिए)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. / अ-27/
ग्राम प.ह.नं.

क्यों कि मौजा सिरगिट्टी प.ह.नं. 41 तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के सह-भूधारी मनी कुमार वगै. ने निम्न अनुसूची से विनिर्दिष्टि खाते में अपने भाग में बंटवारे के हेतु आवेदन किया है, तथा क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित किया गया है और सुनवाई दिनांक 07/12/2023 स्थान तहसील कार्यालय बिलासपुर पर 10.30 बजे नियत किया गया है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को स्वयं या किसी अधिवक्ता अथवा मान्य अभिकर्ता द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक तथा स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां प्रस्तुत न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**खाते का विवरण**

| सर्वेक्षण अंक/भू-खंडाक | क्षेत्रफल भू-राजस्व |
|---|---|
| 955/1 | 0.055 |
| 956/2 | 0.070 |
| 964/1 | 0.056 |

दिनांक 23/11/2023
सील
**अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**NOTICE**

M/S. SURENDRA ENGINEERING ENTERPRISES

Under Section - 72 of indian partnersship act 1932 it is here by notified to general public that firm m/s surendra engineering enterprise is going to introduce shri Amit Sharma as a new partner from w.e.f. 01.04.2023

Further the remaining partners (1) surendra sharma (2) sumit sharma and (3) amit sharma will continue the said firm.

FOR. M/S SURENDRA ENGINEERING ENTERPRISES
PLACE
BALCO NAGAR
KORBA

उवाच

"महाराष्ट्र के बारामती क्षेत्र के किसानों की मदद करे सरकार। जलवायु परिवर्तन के कारण ओला, सूखा और अतिवृष्टि की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसके गंभीर प्रभाव महाराष्ट्र में भी देखने को मिल रहे हैं

-सुप्रिय सुले, राकांपा नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 16° | 12° |
| मुंबई | 27° | 26° |
| कोलकाता | 22° | 21° |
| चेन्नई | 26° | 24° |

# हड़बड़ी में लाया डाक सेवा विधेयक : तृणमूल कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। विपक्षी दलों के सदस्यों ने सोमवार को राज्यसभा में डाक सेवा विधेयक 2023 में उपभोक्ताओं के हितों के साथ समझौता किए जाने का आरोप लगाते हुए इसका कड़ा विरोध किया। तृणमूल कांग्रेस के सुखेंदु शेखर रॉय ने कहा कि विधेयक में डाक विभाग के अधिकारियों को किसी भी डाक या पत्र को रोकने, खोलने और नष्ट करने के असिमित अधिकार दिए गए हैं और हैरानी की बात यह है कि इसके लिए कोई ठोस प्रक्रिया भी निर्धारित नहीं की गई है। विधेयक हड़बड़ी में लगाया गया है। उन्होंने कहा कि विधेयक में यह निर्धारित होना चाहिए कि किस शक्ति या अधिकार के तहत अधिकारी को यह पत्र खोलने की अनुमति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि केवल संदेह के आधार पर यह अनुमति दिया जाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि निजी कुरियर सेवाओं को इस विधेयक के दायरे से बाहर रखना भी इस पर सवाल उठाता है। उन्होंने कहा कि वह इस विधेयक का कड़ा विरोध करते हैं।

### विधेयक में लोगों की निजता व गोपनीयता के साथ किया गया समझौता

वहीं द्रमुक के पी विल्सन ने भी विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि इसमें सेवाओं के लिए ढांचागत सुविधाएं मुहैया कराने के बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि विधेयक में अधिकारियों को बिना किसी प्रक्रिया और व्यवस्था के असिमित अधिकार दिए गए हैं



**विधेयक में डाक विभाग के अधिकारियों को किसी भी डाक या पत्र को रोकने, खोलने व नष्ट करने के असिमित दिए गए हैं अधिकार : सुखेंदु शेखर रॉय**

जो अनुचित है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि यह विधेयक केवल पुराने विधेयक को बदलने के लिए हड़बड़ी में लाया गया है। इसमें लोगों की निजता और गोपनीयता के साथ समझौता किया गया है। उन्होंने उपभोक्ताओं की निगरानी किए जाने के प्रावधानों को अनुचित करार दिया। आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा ने भी विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि इसमें दो खतरनाक प्रावधान हैं जिनमें उपभोक्ताओं के हितों के साथ समझौता किया गया है। उन्होंने कहा कि विधेयक के प्रावधानों में संविधान के अनुच्छेद 19 और 21 का उल्लंघन किया गया है। उन्होंने अनेक सांसदों सहित विभिन्न लोगों के मोबाइल फोन पर एप्पल कंपनी द्वारा भेजे गये संदेश का मामला उठाते हुए इसकी संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराए जाने की मांग की। बता दें कि संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन राज्यसभा से सोमवार को डाकघर विधेयक, 2023 पारित कराया गया। इसमें 125 साल पुराने

- **विपक्षी दलों ने विधेयक में उपभोक्ताओं के हितों के साथ समझौता किए जाने का लगाया आरोप**
- **केवल संदेह के आधार पर यह अनुमति दिया जाना उचित नहीं**

भारतीय डाकघर अधिनियम को निरस्त करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही इस विधेयक के माध्यम से सरकार देश में डाकघरों से संबंधित कानून में कई अहम संशोधन भी करेगी। यह विधेयक संसद के मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में पेश किया गया था। विधेयक पर विचार के लिए चर्चा का जवाब केंद्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिया। राज्य सभा से पारित विधेयक का मकसद देश की डाक सेवाओं के महानिदेशक को बड़े अधिकार देने हैं।

अब भारतीय डाक के महानिदेशकों के पास नियम बनाने के साथ-साथ सेवाओं के लिए शुल्क तय करने का अधिकार भी होगा। प्रस्तावित कानून के अनुसार नियमों और कानूनों में बदलाव के लिए केंद्र सरकार अधिसूचना जारी कर सकेगी। केंद्र सरकार अधिसूचना जारी कर किसी भी अधिकारी को राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों, सार्वजनिक व्यवस्था, आपातकाल या सार्वजनिक सुरक्षा के हित में डाक से भेजे जा रहे सामान/ पार्सल को रोकने या उसे खोलने का अधिकार दे सकती है। विधेयक जब कानून की शक्ल लेगा तब किसी भी अधिकारी, जिसे केंद्र ने डाक विभाग के संबंध में नियुक्त किया हो, उसे डाक विभाग से भेजी गई किसी भी वस्तु को रोकने, खोलने या हिरासत में लेने का अधिकार होगा। किसी भी कानून के प्रावधान के उल्लंघन की घटना पर भी यह अधिकारी कार्रवाई कर सकेगा। संसद में विधेयक पर बयान देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी ने बताया, इतने जटिल और विविधतापूर्ण समाज में वर्तमान समय बेहद कठिन है। उन्होंने सामान को रोकने या पार्सल पर पाबंदी के संबंध में प्रस्तावित कानूनी बदलावों पर कहा, अवरोधन बहुत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए सरकार ने इस तरह का प्रावधान किया है।

## डाकघरों का निजीकरण नहीं होगा : वैष्णव

**नई दिल्ली।** संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि डाकघरों का निजीकरण नहीं किया जाएगा और सरकार की ऐसी कोई मंशा भी नहीं है। वैष्णव ने सोमवार को राज्यसभा में डाक घर विधेयक 2023 पर हुई चर्चा का जबाव देते हुए कहा कि कुछ सदस्यों ने डाकघरों के निजीकरण किए जाने की आशंका जताई है जो सही नहीं है। डाकघरों का निजीकरण नहीं किया जा रहा है और सरकार की ऐसी कोई मंशा भी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से डाकघर का विस्तार कर कई तरह की सेवाएं शुरू करने के प्रावधान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डाकघर अब बैंक बन चुके हैं। डाकघर के बचत खातों में 17 लाख करोड़ रुपए से अधिक जमा है। इसके साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना में भी एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ भी डाकघर के माध्यम से घर घर पहुंचाए जा रहे हैं। वैष्णव ने कांग्रेस के शक्ति सिंह गोहिल के सवालों का जबाव देते हुए कहा कि कांग्रेस अब तक सिर्फ उपनिवेशवाद की मानसिकता से काम करती रही है और यही कारण है कि कांग्रेस अब सिमटती जा रही है। उन्होंने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को मिली हार की ओर इशारा करते हुये कहा कि ये परिणाम कांग्रेस के सिमटने का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के शासनकाल से पहले से ही देश में डाकसेवा की व्यवस्था थी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने डाक विभाग में एक लाख 28 हजार लोगों को रोजगार दिया है। कांग्रेस के कार्यकाल में 600 से अधिक डाकघरों को बंद कर दिया गया था जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में पांच हजार से अधिक नये डाकघर खुले हैं और पांच हजार से अधिक डाकघर शुरू करने की तैयारी चल रही है। इसके बाद सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया।



## संसद से

### किसानों की अधिग्रहित भूमि का उचित मुआवजा दिया जाए : रितेश पांडे

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के रितेश पांडे ने सोमवार को लोकसभा में शून्य काल के दौरान उत्तर प्रदेश में अम्बेडकर जिले से निकलने वाले एक्सप्रेस-वे के निकट बनने वाले औद्योगिक क्षेत्र एवं लॉजिस्टिक्स हब निर्माण के लिये अधिग्रहित की जा रही भूमि के बदले किसानों को दिए जा रहे अपर्याप्त मुआवजे का मुद्दा उठाया और उन्हें उचित राशि देने की मांग की। पांडे ने मांग की कि भूमि अधिग्रहण कानून में उचित बदलाव किए जाएं और किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। किसानों को बाजार दर के मुकाबले काफी कम मुआवजा दिया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि जिन किसानों की भूमि अधिग्रहीत की जा रही है, उनके परिवार के युवाओं को इन औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक्स हब में नौकरियां दी जाएं।

### रास ने अपने पूर्व सदस्यों को दी श्रद्धांजलि

राज्यसभा ने सोमवार को आरंभ हुए संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन अपने पूर्व सदस्यों प्रोफेसर एम. एस. स्वामीनाथन और डॉ एम. एस. गिल समेत कई अन्य सदस्यों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए सदन के पूर्व सदस्य ललित भाई मेहता, श्रीमती बसंती सलमा, प्रोफेसर एम. एस. स्वामीनाथन, डॉ एम. एस. गिल और श्री डी.बी. चंद्र गौड़ा के निधन की जानकारी दी। धनखड़ ने सभी सदस्यों के संबंध में स्मृति लेख पढ़े। इसके बाद सदस्यों ने अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर दिवंगत सदस्यों को मौन खड़े होकर श्रद्धांजलि दी।

### दो वर्षों में पेट्रोल की कीमतों में 11 प्रतिशत की कमी : पुरी

सरकार ने राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पिछले दो वर्षों में पेट्रोल की कीमतों में 11 प्रतिशत की कमी की गई है और डीजल की कीमत भी कम हुई है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में नवम्बर 221 और मई 222 में पेट्रोल की कीमतों में कुल मिलाकर 11 प्रतिशत की कमी की गयी थी। यह कमी विशेषकर केंद्र सरकार ने केंन्द्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती कर की थी। उन्होंने इथेनॉल मिश्रित जैव ईंधन की उपलब्धता बढ़ने का उल्लेख करते हुए कहा कि नवम्बर 222 में दस प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखा गया था लेकिन सरकार की कोशिश से इस लक्ष्य को पांच माह पहले ही हासिल कर लिया गया था और अब 2 प्रतिशत मिश्रण के लक्ष्य को वर्ष 225 तक हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है और इसको हासिल कर लिया जायेगा क्योंकि अभी 12 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण हासिल कर लिया गया है।

### राज्यसभा में उठी एसिड हमलों से पीड़ित महिलाओं की मदद की मांग

राज्यसभा में सोमवार को एसिड पीड़ित महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक मदद देने की मांग की गई और कहा गया कि इस संबंध में उच्चतम न्यायालय के आदेशों को लागू किया जाना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की संगीता यादव ने सदन में शून्यकाल में सभापति की अनुमति से उठायें गए मामलें के दौरान कहा कि समाज में महिलाओं पर एसिड हमलों में वृद्धि हो रही है। देश में 15 से अधिक एसिड हमले दर्ज किए जाने चाहिए। सरकार को इस संबंध में उच्चतम न्यायालय के आदेशों को लागू करना चाहिए। एसिड हमले से पीड़ित महिला और उसका परिवार न केवल सामाजिक अलगाव झेलता है बल्कि आर्थिक संकट से सामना भी करता है। सरकार को एसिड हमले रोकने की पूरी व्यवस्था करनी चाहिए और पीड़ित महिला की आर्थिक मदद की जानी चाहिए।

### आयुष्मान योजना से गरीबों को वंचित रखने का उठा मुद्दा

लोकसभा में गरीबों को आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत मामूली त्रुटि के कारण योजना का लाभ लेने से वंचित करने का मुद्दा सोमवार को लोकसभा में उठा और सरकार से इस दिशा में जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया गया ताकि गरीबों को इस महत्वाकांक्षी योजना का पर्याप्त लाभ मिल सके। जनता दल-यूनाइटेड के सुनील कुमार पिंटू ने नियम 377 की तहत यह मामला उठाया और कहा कि आयुष्मान योजना भारत सरकार की गरीबों के हित की स्वास्थ्य लाभ देने की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है जिससे गरीबों को मुफ्त इलाज मिलता है और उन्हें इलाज के बदले अस्पतालों की भारी भरकम राशि का भुगतान नहीं करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड में कार्ड धारक के नाम, गांव के नाम या परिवार के सदस्यों के नाम में मामूली त्रुटि के कारण गरीबों को आयुष्मान कार्ड का लाभ लेने हक से वंचित कर दिया जाता है। असुविधा तब और बढ़ जाती है जब अस्पताल प्रशासन उनकी समस्या का समाधान करने की बजाय उनके साथ अभद्रता की जाती है और गरीबों को

## सार संक्षेप

### तेलंगाना के राज्यपाल ने भंग की दूसरी विधानसभा

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने सोमवार को तेलंगाना राज्य की दूसरी विधान सभा को भंग कर दिया है। राज्यपाल के सचिव के. सुरेंद्र मोहन ने यहां एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मंत्रिपरिषद की सलाह पर राज्यपाल ने देश के संविधान की धारा 174 (2) (बी) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विधानसभा को भंग कर दिया। तेलंगाना राज्य की दूसरी विधानसभा को भंग करने की सिफारिश करने वाली मंत्रिपरिषद के कल के प्रस्ताव के परिणामस्वरूप राज्यपाल ने यह फैसला किया है। गौरतलब है कि 119 सदस्यीय विधानसभा के लिए 3 नवम्बर को चुनाव हुए थे जिसमें कांग्रेस ने 65 तो उसके सहयोगी दल माकपा ने एक सीट पर जीत हासिल की। सबसे पुरानी पार्टी एक बार फिर से राज्य में नयी सरकार बनाने के लिए तैयार है।

### कमलनाथ ने शिवराज से की मुलाकात

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलने उनके निवास पहुंचे। कमलनाथ ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर चौहान को जीत की बधाई दी। चौहान ने भी गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस दौरान कमलनाथ के सांसद पुत्र नकुलनाथ भी उनके साथ उपस्थित रहे।

### कश्मीर में तापमान में गिरावट, ठंड बढ़ी

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में शुष्क तथा ठंडे मौसम के बीच रात के तापमान में और गिरावट आने से गुलमर्ग एवं पहलगाम सोमवार को कश्मीर घाटी के सबसे ठंडे स्थान रहे। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर में 1 दिसम्बर तक मौसम शुष्क रहने और 11 दिसम्बर को आम तौर पर बादल छाए रहने का अनुमान है। फिलहाल, जम्मू-कश्मीर में अधिकांश जगहों पर मौसम साफ है। प्रदेश के सभी स्टेशनों पर अगले सात दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 1-3 डिग्री सेल्सियस से नीचे जाने के आसार हैं।

### सारण में महिला बैंक कर्मी ने की आत्महत्या

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में सोमवार को एक महिला बैंककर्मी ने आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कटिहार जिले के मनिहारी थाना क्षेत्र के मनिहारी निवासी ओमप्रकाश चौधरी की पुत्री अर्चना कुमारी जिला मुख्यालय सारण के आईसीआईसीआई बैंक में नौकरी करती थी। वह थाना क्षेत्र के बाजार समिति के समीप किराये के मकान में रहती थी।

## आगामी चुनाव में भाजपा का धराशायी होना तय : जदयू

**पटना,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजे लोकसभा चुनाव पर असर नहीं पड़ने का दावा किया और कहा कि आगामी संसदीय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का धराशायी होना तय है। रंजन ने सोमवार को भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि तीन राज्यों में मिली जीत पर इतरा रहे भाजपा के नेता खुशफहमी के शिकार हो चुके हैं। इन राज्यों में मिली जीत को लोकसभा से जोड़ना उन्हें काफी भारी पड़ने वाला है। देश का चुनावी इतिहास गवाह है कि लोकसभा और विधानसभा दोनों में मतदाता अलग-अलग मुद्दों पर वोट करते हैं इसीलिए हर बार दोनों के चुनाव परिणाम में भारी अंतर देखने को मिलता है।



- **राज्यों के परिणाम का लोस चुनाव पर नहीं पड़ेगा असर**

जदयू महासचिव ने कहा कि याद करें तो वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को बिहार और दिल्ली दोनों राज्यों में अच्छी जीत मिली थी लेकिन दिल्ली में महज छह महीने और बिहार में साल भर के बाद चुनावों में इन्हें सर छुपाने की जगह भी नहीं मिली थी। इसी तरह ओडिशा में लोकसभा के साथ हुए विधानसभा चुनावों में भी भाजपा को मुंह की खानी पड़ी थी।

## लोकतंत्र-राजनीति में इस प्रकार के परिणाम आते रहते हैं : अखिलेश यादव

**लखनऊ/वाराणसी,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीन राज्यों में भाजपा की जीत और इंडिया गठबंधन के भविष्य को लेकर कहा कि हम निराश नहीं हैं। लोकतंत्र में ऐसे नतीजे आते रहते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि सबका साथ और सबका विकास हो रहा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव सोमवार को वाराणसी पहुंचे। इस दौरान मुरदहा स्थित नेशनल इक्वल पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद मीडिया से बातचीत में राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों पर कहा कि राजनीति में इस तरह के परिणाम आते रहते हैं। हम परिणाम को स्वीकार करते हैं। लेकिन, यह नहीं भूलना चाहिए की लड़ाई अभी बहुत लंबी है। यह चुनाव परिणाम उन राज्यों के हैं, जहां के लोग अभी भाजपा के शासनकाल से पूरी तरह परिचित नहीं हैं। जिन राज्यों में भाजपा का शासन है, वहां की जनता से हकीकत पूछिए तो बात समझ में आएगी। कांग्रेस से गठबंधन के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि एमपी में गठबंधन को लेकर बात नहीं बन पाई थी। मध्य प्रदेश की परिस्थितियां बिल्कुल अलग हैं। लोकसभा चुनाव में क्या स्थितियां बनेंगी, यह आने वाला वक्त ही बताएगा। ईवीएम को लेकर उठ रहे सवाल पर उन्होंने कहा कि हमारे लैपटॉप अभी चल रहे हैं। मतगणना का तरीका हमें जापान और अमेरिका से सीखना चाहिए। वहां एक महीने काउंटिंग होती है। कांग्रेस के सनातन विरोध पर निशाना साधते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि हम सब लोग सनातन धर्म को मानने वाले हैं। खास बात तो यह है कि जो लोग सनातन का विरोध कर रहे हैं, वे भूल गए हैं कि उनकी जड़ें भी सनातन धर्म से ही जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि हर घर बेरोजगार, मांगे रोजगार के नारे के साथ समाजवादी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जनता के बीच जाएगी।

बेरोजगारी की समस्या वर्तमान में भी पहले की तरह ही जटिल और विकराल है। भाजपा सरकार दिखावे के लिए रोजगार बांटने का नाटक कर रही है।



- **यह नहीं भूलना चाहिए की लड़ाई अभी बहुत लंबी है**

### चार राज्यों के चुनाव नतीजों पर बोले चिराग पासवान

## इंडिया गठबंधन के लिए नीतीश खतरनाक

**नई दिल्ली,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने चार राज्यों के चुनाव नतीजों के बाद जदयू नेता व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बडा हमला किया है। उन्होंने 2024 में एनडीए की बड़ी जीत का दावा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन के लिए खतरनाक हैं। वे जिस भी गठबंधन में रहेंगे, उसकी हार सुनिश्चित है। संसद भवन में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि चाहे इंडिया गठबंधन हो या कोई और किसी भी गठबंधन अगर कोई नेता डुबाने की क्षमता रखता है तो वह नीतीश कुमार हैं। वहीं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मानसिक हालत पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और उन्हें इलाज की जरूरत है। आईएएनएस से बात करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि वह किसी ताने या तंज के रूप में यह नहीं कह रहे हैं बल्कि यह मानते हैं कि यकीनन उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री हैं, उन पर पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी है। चिराग ने आगे कहा कि वह मानते हैं कि नीतीश कुमार की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, उन्हें इलाज की जरूरत है, उनका उचित और अच्छे ढंग से इलाज होना ही चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि इसका सच लोगों के सामने आना चाहिए और इसके लिए यह जरूरी है कि उनका मेडिकल बुलेटिन जारी हो। आपको बता दें कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी नीतीश कुमार का हेल्थ बुलेटिन जारी करने की मांग करते हुए एक्स पर पोस्ट कर यह कह चुके हैं कि पिछले 10 दिनों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत खराब है।



**हर गठबंधन को डुबाने की क्षमता रखते हैं नितीश : चिराग पासवान**

### गैरजिम्मेदार बयानों की वजह से हुआ नुकसान

चिराग पासवान ने कहा कि अभी तक इंडिया गठबंधन को जो भी नुकसान हुआ है वह नीतीश कुमार और उनके गैरजिम्मेदार बयानों की वजह से हुआ है। चिराग पासवान ने हाल ही नीतीश के कुछ बयानों का हवाला देते हुए कहा कि जिस तरह से उन्होंने महिला और दलित विरोधी बयान दिए हैं और उनकी सरकार द्वारा राजनीतिक लाभ के लिए सूबे के जाति सर्वे में गड़बड़ी की गई है,इसे बिहार की जनता अच्छी तरह से समझ गई है। उन्होंने दावा किया कि हाल के चुनावों में विपक्ष की हार के लिए सबसे बडे गुनाहगार नीतीश कुमार ही हैं।

## केसीआर ने पार्टी नेताओं संग की बैठक

**हैदराबाद,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने सोमवार को गजवेल निर्वाचन क्षेत्र के एर्रावेल्ली स्थित अपने आवास पर पार्टी नेताओं के साथ बैठक की। इस मौके पर चुनाव जीतने वाले उम्मीदवारों ने केसीआर के साथ उनका आशीर्वाद लिया। केसीआर ने उन्हें बधाई दी।

उनके साथ कई पूर्व मंत्री और अन्य नेता भी सीएम से मिलने वालों में शामिल थे। गया, जो सामान्य से 0.3 डिग्री सेल्सियस ऊपर है।

दक्षिण कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में न्यूनतम तापमान पिछली रात के शून्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस से नीचे के मुकाबले सोमवार को गिरकर शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया, जो सामान्य से शून्य से 0.1 डिग्री सेल्सियस कम है।

### आंकड़े — पांच राज्यों के चुनावी परिणाम आने के बाद कांग्रेस ने जारी किए आंकड़े

## चार राज्यों में कांग्रेस को मिले भाजपा से दस लाख ज्यादा वोट

**नई दिल्ली, 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। पांच राज्यों के चुनावी परिणाम आने के बाद कांग्रेस पार्टी ने बताया है कि उसे भाजपा के मुकाबले, 1 लाख ज्यादा वोट मिले हैं। भले ही मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा ने प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज कराई है। कांग्रेस पार्टी की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को यह आंकड़ा जारी करते हुए कहा कि।**

इसलिए लड़ाई लड़नी जरूरी है। इस देश ने 4 राज्यों में कांग्रेस को भाजपा से 10 लाख ज्यादा वोट दिए हैं। जिन राज्यों में भाजपा जीती, वहां भी कांग्रेस को औसतन 40 प्रतिशत से ऊपर लोगों ने अपना वोट दिया है। चार राज्यों में मिले वोटों का आंकड़ा जारी करते हुए सुप्रिया श्रीनेत ने अपने ट्वीट पर लिखा, चार राज्यों में कांग्रेस के वोट 4 करोड़ 90 लाख से ऊपर रहे हैं। वहीं भाजपा को 4 करोड़ 81 लाख से ऊपर मत मिले हैं।



- **चालीस फीसदी लोगों ने जताया पार्टी पर भरोसा**

तेलंगाना कांग्रेस का वोट प्रतिशत 39.40 रहा है, जबकि भाजपा का प्रतिशत 13.90 रहा है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का वोट प्रतिशत 42.23 रहा है। वहीं भाजपा का वोट प्रतिशत 46.27 है। राजस्थान में कांग्रेस का वोट प्रतिशत 39.53 है। भाजपा का वोट प्रतिशत 41.69 है। मध्यप्रदेश में कांग्रेस का वोट प्रतिशत, 40.40 है, जबकि भाजपा का वोट प्रतिशत 48.55 रहा है। सुप्रिया श्रीनेत ने लिखा, हार जीत चुनावी राजनीति का हिस्सा है, लेकिन इतने सारे लोगों के इस विश्वास के भी कुछ मायने हैं, आंकड़े तो यही बताते हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा को प्रचंड बहुमत हासिल हुआ है। कांग्रेस पार्टी को इन तीनों राज्यों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। करारी हार के बाद भी कांग्रेस पार्टी को 20 साल पहले वाले चमत्कार पर भरोसा है। कांग्रेस को लगता है कि तीन राज्यों की हार उसके लिए शुभ है। पार्टी नेता जयराम रमेश ने रविवार को अपने ट्वीट में साफ कर दिया है। उन्होंने लिखा, बीस साल पहले कांग्रेस पार्टी, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में चुनाव हार गई थी। इसके कुछ माह बाद ही लोकसभा चुनाव में, कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। कांग्रेस ने तब केंद्र में सरकार बनाई थी।

इस आशा, विश्वास, दृढ़ संकल्प और लचीलेपन की भावना के साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनावों के लिए तैयारी कर रही है। जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और स्टार प्रचारक राहुल गांधी ने तीन राज्यों में हुई पार्टी की हार के बाद कहा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश हम विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं। विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी। तेलंगाना के लोगों को मेरा बहुत धन्यवाद। प्रजालु तेलंगाना बनाने का वादा हम जरूर पूरा करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया। राहुल गांधी ने इस हार के बावजूद यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस, अपनी विचारधारा से दूर नहीं जाएगी।

देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार 5 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन


## कांग्रेस की कठिनाइयां और गुंजाइशें

चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के रविवार को निकले नतीजों में कांग्रेस के हिन्दी पट्टी राज्यों में हुए पराभव से यह साफ है कि उसकी आगे की राह पहले के मुकाबले कहीं अधिक कठिन हो चली है। नवम्बर में विभिन्न चरणों में हुए चुनावों के बाद इनके परिणाम जब निकले तो उसकी छत्तीसगढ़ और राजस्थान की सरकारें छिन चुकी थीं और जिस मध्यप्रदेश को वह भारतीय जनता पार्टी से झटक लेने की मानसिकता में थी, वह भी हाथ नहीं आया। यह सच है कि भारत राष्ट्र समिति को हरा कर दक्षिण भारत का तेलंगाना उसकी झोली में आया है जो एक बड़ी उपलब्धि तो है पर आसन्न लोकसभा चुनाव (2024) के मद्देनज़र जो बड़ी छलांग लगाने की वह सोच रही थी, उसमें बड़ी रुकावट तीन राज्यों की पराजय है जिसने कांग्रेस के लिये आगे की सियासी राह को बहुत कठिन कर दिया है। फिर भी ऐसा नहीं कि वह खेल में कभी लौट ही नहीं सकेगी।

कांग्रेस की दिक्कतों एवं सम्भावनाओं पर विचार करते समय पहले उसकी कठिनाइयों पर चर्चा कर ली जाये। उसका सबसे बड़ा अवरोध तो यही है कि उसके बारे में भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा उनके अन्य सहयोगी संगठनों द्वारा बनाई गई अवधारणाएं एवं परिकल्पनाएं इस कदर प्रगाढ़ रूप से लोगों के मन में बिठा दी गई हैं, कि उनका निराकरण सहज रूप से होता सम्भव नहीं लगता। देश की सबसे पुरानी पार्टी एवं उसके नेताओं के बारे में जो जहरखुरानी की गई है उसके चलते जनता का एक बड़ा हिस्सा, खासकर नयी पीढ़ी उसे भ्रष्टाचार व वंश परम्परा का पोषण करने वाली पार्टी मानती है। राममंदिर आंदोलन के बाद से उसे अधर्मी एवं हिन्दू विरोधी दल के रूप में भी स्थापित किया गया है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जब से भारतीय जनता पार्टी केन्द्र में काबिज हुई है और आज जब केन्द्र के साथ उसकी बड़ी संख्या में राज्य सरकारें बन चुकी हैं, कांग्रेस के प्रति नफरत व नकारात्मकता का भाव सर्वत्र फैला दिया गया है। इसी का यह परिणाम है कि उसकी मुद्दा आधारित राजनीति को इन तीनों राज्यों में स्वीकार्यता नहीं मिल पाई। पिछले करीब एक दशक से भाजपा द्वारा हिन्दुओं व गैर हिन्दुओं के बीच जो अलगाव पैदा किया गया है, उसे मिटाने के लिये जब कांग्रेस के नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकालते हैं, तो उसके असर को खत्म करने के भी पुरजोर प्रयास भाजपा व उसके अनुषांगिक संगठन करते दिखाई देते हैं। एक तरह से कांग्रेस की समावेशी विचारधारा को खारिज कराने के सारे प्रयास किये गये हैं। इन तीन राज्यों में तो यही दिखाई दिया है। कम से कम छत्तीसगढ़ व राजस्थान में तो ध्रुवीकरण का मुद्दा मतदाताओं के सिर पर चढ़कर बोला। इसी प्रकार लोगों के मन में कांग्रेस व उसके नेताओं के प्रति भ्रष्टाचारी होने की अवधारणा भी मिटाये नहीं मिट रही है।

अपनी विचारधारा के प्रति लोगों को कैसे सहमत किया जाये, यह अब भी कांग्रेस की समझ से परे है। जिस राहुल के पीछे लाखों की भीड़ चलती रही और जिस कांग्रेस की प्रचार सभाओं में जनता की विशाल भागीदारी हुआ करती थी, उसी के द्वारा शासित राज्य की सरकारें भी उससे छीन जायें तो इसे अजूबा ही कहा जाएगा। ऐसे में मध्यप्रदेश को हासिल करना तो दूर की बात है।

इसके ठीक विपरीत तेलंगाना भी उदाहरण है जहां के लोगों ने भावनात्मक मुद्दों की बजाय यथार्थवादी मुद्दों को तरजीह देते हुए उसे शानदार जीत दिलाई। उसके पहले कर्नाटक में उसके द्वारा भ्रष्टाचार, वंश परम्परा के संवाहक तथा कट्टर साम्प्रदायिकता का पर्याय बन चुकी भाजपा को हराने का भी दृष्टांत भी है। और पहले जाएं तो हिमाचल प्रदेश भी है। ये तीनों राज्य बताते हैं कि अभी कांग्रेस के लिये सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। अगर वह संगठित तरीके से जनता के बीच जाये, चुनाव पूरी मुस्तैदी से लड़े और लोगों को समझाये तो कहानी बदली जा सकती है। तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश के बारे में कहा जा सकता है कि हिन्दी पट्टी से उसकी दूरी के कारण इन राज्यों की मानसिकता अलहदा है जो भावनात्मक मुद्दों को लेकर वैसी उद्वेलित नहीं होती, जिस प्रकार से हिन्दीभाषी व उनसे जुड़े कुछ अन्य इलाके हैं। दरअसल इस प्रखंड का नैरेटिव ही भाजपा-संघ की राजनैतिक व सामाजिक विचारधारा का अंश है। दुर्भाग्य से यही केन्द्रीय विमर्श भी बन गया है या यों कहा जाये कि बना दिया गया है।

इन सारी परिस्थितियों व भाजपा द्वारा बुने गये जाल को देखते हुए कांग्रेस का अन्य दलों से मिलकर बना गठबन्धन ही एकमात्र उपाय है जो भाजपा को मात दे सकता है। चुनावी बिसात पर होती उसकी पराजयों की भरपायी 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लूज़िव एलाएंस- जिसकी बुधवार को दिल्ली में बैठक होगी) के जरिये और उसकी मदद से नयी जमीन हासिल करके हो सकती है। यह अच्छी बात है कि अपनी स्थापना के करीब छह माह बाद भी और कांग्रेस को तीन राज्यों में मिली हार के बावजूद यह गठजोड़ न केवल अक्षुण्ण है वरन अब भी मिलकर आगे बढ़ना चाहता है। 28 दलों को मिलकर बने इंडिया की असली ताकत यह समझ है कि मिलकर ही वे भाजपा को मात दे सकते हैं। यह बात भी गठबन्धन के सामने साफ है कि उनका अस्तित्व तभी बचा रहेगा जब कांग्रेस का न सिर्फ वजूद बचा रहे वरन वह मजबूत भी बने। बेशक, कांग्रेस की राह को इन तीन राज्यों की पराजयों ने कठिन बनाया है लेकिन वह याद रखे कि उसका इतिहास गिरकर उठने का भी रहा है।

# पर 2024 की कोई गारंटी नहीं है!

आम चुनाव से ठीक पहले के विधानसभाई चुनावों के चक्र में प्रभावशाली जीत के बाद, भाजपा ने इन चुनावों को सिर्फ सेमीफाइनल ही नहीं, उससे आगे बढ़कर एक प्रकार से फाइनल भी कहना शुरू कर दिया है। मतगणना के ही दिन, 3 अक्टूबर को देर शाम, नई-दिल्ली में भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित विजय सभा में अपने संबोधन में खुद प्रधानमंत्री ने जिस तरह तीन राज्यों की जीत को, 2024 के चुनाव की (जीत की) गारंटी बताया है, इसी का इशारा करता है। आने वाले दिनों में बार-बार चुनाव के इस चक्र की जीत को, 2024 के चुनाव में मोदी की शानदार जीत का संकेतक साबित करने की कोशिश नहीं की जा रही हो, तभी हैरानी की बात होगी। बहरहाल, इस संदर्भ में, संक्षेप में यह याद दिला देना उपयोगी रहेगा कि इस चक्र के नतीजे और उसमें भी खासतौर पर हिंदी पट्टी के तीन राज्यों—राजस्थान, मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़—के नतीजे, ठीक-ठीक क्या कहते हैं और क्या नहीं कहते हैं।

यह निर्विवाद है कि इस चुनाव में तीनों हिंदीभाषी राज्यों में भाजपा को जोरदार जीत हासिल हुई है और आम तौर पर विपक्ष को और खासतौर पर कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। भाजपा ने 2018 के चुनाव के इसी चक्र के नतीजों को पूरी तरह से पलटते हुए, इन तीनों राज्यों में दोबारा सत्ता पर कब्जा ही नहीं कर लिया है, उस मध्य प्रदेश में भी उसने शानदार जीत दर्ज कराई है, जहां 2018 की हार के करीब डेढ़ साल बाद, दलबदल के जरिए उसने फिर से सत्ता हासिल कर ली थी और इस तरह इस बार चुनाव के समय उसकी ही सरकार थी। इस तरह, भाजपा ने इन तीन राज्यों में अपनी राज्य सरकारों की संख्या एक से बढ़ाकर तीन ही नहीं कर ली है, उसने सारे पूर्वानुमानों को झुठलाते हुए मध्य प्रदेश में अपनी सीटों की संख्या में, 2018 के मुकाबले 54 की बढ़ोतरी कर, 163 सीटें हासिल कर ली हैं और छत्तीसगढ़ में अपनी सीटों में 39 की बढ़ोतरी कर, कुल 54 सीटों पर कब्जा कर लिया है। राजस्थान में भी, बहुत अप्रत्याशित नहीं होते हुए भी, उसने अपनी सीटों में 42 की बढ़ोतरी कर, कुल 115 सीटों पर जीत दर्ज कराई है, जिसे प्रभावशाली बहुमत तो जरूर कहा जाएगा।

लेकिन, इतना ही नहीं है। मध्य प्रदेश में भाजपा ने अपने मत फीसद में 7.5 फीसद की बढ़ोतरी के साथ, कुल 48.6 फीसद वोट हासिल किए हैं। इसी प्रकार, छत्तीसगढ़ में उसने 13.3 फीसद की बढ़ोतरी के साथ, 46.3 फीसद वोट हासिल किए हैं। यहां तक कि राजस्थान में भी उसने 2.9 फीसद की बढ़ोतरी के साथ कुल 41.7 फीसद वोट हासिल किए हैं। छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश में मत फीसद में भारी बढ़ोतरी और राजस्थान में भी कुछ बढ़ोतरी का, 2024 के चुनाव के लिए एक स्पष्ट संकेत है जो किसी को भी नहीं भूलना चाहिए। भाजपा हिंदीभाषी क्षेत्र में अब भी अपना वोट बढ़ा पा रही है। और मोटे तौर पर उसका वोट 45 फीसद से करीब तक पहुंच गया है।

दूसरी ओर, इस चुनाव में आमतौर पर विपक्ष के और खासतौर पर कांग्रेस के हाथों से दो राज्यों—राजस्थान और छत्तीसगढ़—की सत्ता चली गई है। यह धक्का इसलिए और भी बड़ा है कि इसके बाद कांग्रेस के पास बिहार में महागठबंधन सरकार में हिस्सेदारी के अलावा, हिंदीभाषी क्षेत्र में सिर्फ हिमाचल की सरकार रह गई है। इसी प्रकार, मध्य प्रदेश में कांग्रेस पिछले चुनाव के मुकाबले 48 सीटें गंवाकर मात्र 66 सीटों पर आ गई है, जबकि छत्तीसगढ़ में 33 सीटें गंवाकर 35 पर और राजस्थान में 31 सीटें गंवाकर, 70 पर ही सिमट गई है। धक्का बेशक बड़ा है। इसके बावजूद, यह नहीं भूलना चाहिए कि चुनाव नतीजों से आम तौर पर जल्दी में जो नतीजा निकाल लिया गया है और धारणा बना ली गई है उसके विपरीत, 2018 के चुनाव के मुकाबले जब इन तीनों ही राज्यों में कांग्रेस ने जीत हासिल की थी, इस चुनाव में भी कांग्रेस ने अपना वोट कमोबेश बनाए ही रखा है। मध्य प्रदेश की जबर्दस्त हार के बावजूद, कांग्रेस के वोट में सिर्फ 0.5 फीसद की कमी हुई है और उसने 40.4 फीसद वोट हासिल किए हैं, जबकि राजस्थान में उसके वोट में 0.1 फीसद की मामूली बढ़ोतरी ही हुई और उसकी झोली में 39.7 फीसद वोट आए हैं। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस के वोट में 0.8 फीसद की कमी हुई है और उसके हिस्से में 42.2 फीसद वोट आए हैं।


कहने की जरूरत नहीं है कि इन तीनों राज्यों में भाजपा के वोट में जो भी बढ़ोतरी हुई है (जो मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ में भारी बढ़ोतरी कही जाएगी) और उसकी सीटों में उससे भी बढ़कर जो बढ़ोतरी हुई है, उसके पीछे 'अन्य' राजनीतिक खिलाड़ियों के निचोड़े जाने की ही कहानी है। मध्य प्रदेश में अन्य के खाते में, जिसमें बसपा, सपा तथा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी शामिल हैं, वोट पूरे 7 फीसद घटकर 11 फीसद पर आ गया और सीटें 6 की कमी के साथ सिर्फ 1 पर आ गईं। इसी प्रकार, छत्तीसगढ़ में इस श्रेणी का मत फीसद पूरे 12.5 फीसद की गिरावट के साथ 11.5 फीसद पर ही आ गया और सीटों का आंकड़ा 6 की कमी के साथ सिर्फ 1 पर। इसमें सपा, बसपा, गोंगपा आदि के अलावा अजीत जोगी की पार्टी भी शामिल थी। राजस्थान में ही अन्य के वोट में 3 फीसद की अपेक्षाकृत थोड़ी कमी ही आई है, हालांकि इस श्रेणी में शामिल पार्टियों की सीटों की संख्या पूरे 12 की कमी के साथ, 14 पर आ गई है। इस तरह, मोटे तौर पर अन्य की श्रेणी में आने वाली राजनीतिक ताकतों की कीमत पर ही भाजपा ने इस चुनाव में अपनी प्रभावशाली जीत दर्ज कराई है।

इन चुनावों में भाजपा की जीत और कांग्रेस व विपक्ष की हार की गंभीरता को कम नहीं करते हुए भी, इन नतीजों से एक बात आसानी से समझी जा सकती है। इन राज्यों के नतीजों के संदर्भ से, 2024 के आम चुनाव के नतीजे की गारंटी कोई नहीं कर सकता है। बेशक, इस चुनाव में भाजपा का पलड़ा भारी रहा है और पर्याप्त भारी रहा है, लेकिन यह भी सच है कि तीनों राज्यों में उसके सामने मुकाबले के लिए एक अच्छी-खासी ताकत थी। और यह ताकत, जो 2018 से 2023 के बीच के पांच सालों में लगभग जस की तस बनी रही है, अगले चुनाव तक भी आसानी से इधर-उधर होने नहीं जा रही है। इतना ही बड़ा सच यह भी है कि भाजपा का वोट 45 फीसद के करीब तक पहुंचने के बावजूद, अब भी वोट का स्पष्ट बहुमत उसकी पकड़ से बाहर है। और महत्वपूर्ण बात यह है कि एक मजबूत कोर भी मौजूद है, जिसके गिर्द यह गैर-भाजपा वोट जमा हो सकता है। और अगर यह वोट एक जगह जमा हो जाए, तो हिंदीपट्टी में भी भाजपा को पछाड़ा जा सकता है। शेष भारत को मिलाकर उसे पछाड़ना तो और भी आसान होना चाहिए क्योंकि तेलंगाना के हाल के नतीजों से साफ है कि दक्षिण और पूर्व (उत्तर-पूर्व से भिन्न) पूरी तरह से पहले ही उसके दबदबे से बाहर हैं।

यहीं इंडिया मंच महत्वपूर्ण हो जाता है। लेकिन, उसे इन चुनावों से कुछ जरूरी सबक सीखने होंगे। सबसे जरूरी सबक तो यही है कि भाजपाविरोधी ताकतों की एकजुटता किसी भी कीमत पर कायम होनी ही चाहिए। इन विधानसभाई चुनावों से नकारात्मक सबक लेने ही होंगे। बेशक, यह कसरत भी दिलचस्प हो सकती है कि इंडिया के संभावित सहयोगियों के वोट का एक साथ पड़ना, इस चुनाव में भी भाजपा को कितनी सीटें भेंट करने से बचा सकता था। ऐसी सीटों की संख्या अच्छी-खासी होगी। उम्मीद है कि इन चुनावों की पृष्ठभूमि में होने वाली इंडिया की पहली बैठक से ही, गठबंधन की सिलवटों को दूर करने के लिए गंभीरता से काम शुरू होगा। यही नहीं, इंडिया के साथ खड़ी ताकतों के दायरे को अधिकतम फैलाने के और नागरिक-सामाजिक संगठनों तथा ऐसी ही तमाम ताकतों को साथ लाने के सक्रिय प्रयास करने होंगे। दूसरा महत्वपूर्ण सबक यह होना चाहिए कि विपक्ष का नैरेटिव पूरी तरह से बेअसर तो नहीं है, पर उसे जनता की जिंदगी के वास्तविक मुद्दों से जोड़कर और धारदार और असरदार बनाए जाने की जरूरत है, जिससे मोदी राज की वैधता को चुनौती दी जा सके और उसे जनता के सामने बेनकाब किया जा सके।

आम चुनाव तक के चार-पांच महीने का समय इस सबके लिए बहुत थोड़ा भी नहीं है। अपनी मुंबई बैठक के फौरन बाद इंडिया गठबंधन जिस तरह से गति पकड़ रहा था, उस गति को दोबारा लाया जा सकता है, लाना ही होगा। विधानसभा चुनाव के इस चक्र का सबक यह भी है कि 2024 के चुनाव में, मोदी मैजिक के वास्तविक मुकाबले की स्थितियां बनाना इतना मुश्किल भी नहीं है। जीत की ये हैट्रिक अपनी जगह, 2024 में मोदी के आने की कोई गारंटी नहीं है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**



राजेंद्र शर्मा

**यहीं इंडिया मंच महत्वपूर्ण हो जाता है। लेकिन, उसे इन चुनावों से कुछ जरूरी सबक सीखने होंगे। सबसे जरूरी सबक तो यही है कि भाजपाविरोधी ताकतों की एकजुटता किसी भी कीमत पर कायम होनी ही चाहिए। इन विधानसभाई चुनावों से नकारात्मक सबक लेने ही होंगे। बेशक, यह कसरत भी दिलचस्प हो सकती है कि इंडिया के संभावित सहयोगियों के वोट का एक साथ पड़ना, इस चुनाव में भी भाजपा को कितनी सीटें भेंट करने से बचा सकता था।**

# भारतीय अर्थव्यवस्था विकास के पथ पर लेकिन नयी नौकरियां पैदा करने में असफल

■ के आर सुधामन

आजकल अर्थव्यवस्था पर एक घिसा-पिटा बयान दिया जाता है- भारत की अर्थव्यवस्था काफी अच्छी स्थिति में है जबकि कई अन्य देश लड़खड़ा रहे हैं, और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था धीमी हो रहा है और भू-राजनीति स्थिति को बदतर बना रही है। यह सच है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और यह निराशाजनक दुनिया, खासकर यूरोप, मध्य-पूर्व और चीन के तुलना में अधिक तेजी से बढ़ रही है।

पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार और विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री कौशिक बसु का कहना है कि इसमें संदेह करने की कोई बात नहीं है और भारत अब उचित रूप से एक उज्ज्वल स्थान पर है। इसका मतलब यह है कि अर्थव्यवस्था के अच्छा प्रदर्शन करने और तथाकथित जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठाने की संभावना है। इसलिए सवाल यह है कि क्या नीति निर्माता इस लाभ को भुनाने के लिए पर्याप्त प्रयास कर रहे हैं। उत्तर निश्चित रूप से नहीं में है। वृहत-आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों के साथ कुछ मुद्दे हैं। इसके अलावा पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं हो रही हैं, खासकर युवाओं के बीच।

बसु भारतीय अर्थव्यवस्था में एक अंतर्निहित कमजोरी की ओर इशारा करते हैं और बताते हैं कि हाल के वर्षों में बचत और निवेश दरों में लगातार गिरावट आई है। बसु का मानना है कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाले यूपीए शासन के दौरान बचत और निवेश दरें सकल घरेलू उत्पाद के 38 से 39 प्रतिशत तक पहुंच गईं। इससे भारत को इस शताब्दी के पहले दशक में स्थिर मूल्य आधार वर्ष पर लगभग 9 प्रतिशत की उच्च विकास दर प्राप्त हुई। विशेष रूप से घरेलू बचत की उच्च बचत दर ने यह सुनिश्चित किया कि निवेश भी तदनुसार अधिक था जिसके परिणामस्वरूप कम वृद्धिशील पूंजी उत्पादन अनुपात हुआ।

दुर्भाग्य से, बचत और निवेश दरें दोनों विशेष रूप से मोदी युग के दौरान गिर रही हैं और कोविड के वर्षों के दौरान 28 या 29 प्रतिशत के निचले स्तर तक गिर गई थीं। लेकिन अब अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के साथ थोड़ी तेजी आ रही है, जो स्वागत योग्य है। हालांकि, बसु बताते हैं कि यह अब 30 प्रतिशत के आसपास मंडरा रहा है, इसलिए निवेश दर की भी ऐसी ही स्थिति है, जो अर्थव्यवस्था के लिए पर्याप्त नहीं है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि देश में बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा हो, विशेष रूप से श्रम प्रधान उद्योगों में भारी निवेश की आवश्यकता है। लेकिन किसी तरह ऐसा नहीं हो रहा है। तथाकथित स्व-रोजगार के माध्यम से अल्प-रोज़गार भी बढ़ रही है। 35 साल से कम उम्र की आबादी के बड़े अनुपात वाले भारत के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। सीएमआईई डेटा से संकेत मिलता है कि बेरोजगारी, जो 5-6 प्रतिशत तक कम हो गई थी, अब फिर से बढ़ रही है। नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि यह अब 10 प्रतिशत के आसपास है।

कौशिक बसु के अनुसार, अधिक चिंताजनक बात यह है कि 15-22 वर्ष के आयु वर्ग में बेरोजगारी 22 प्रतिशत तक है। मध्य-पूर्व में 15-22 वर्ष आयु वर्ग में बेरोजगारी की संख्या भी इतनी अधिक थी। इससे तुरंत खतरे की घंटी बजनी चाहिए। जैसा कि कहा जाता है कि निष्क्रिय दिमाग शैतान का घर होता है। दुनिया भर के सशस्त्र बलों में, सैनिकों को कभी भी निष्क्रिय रहने की अनुमति नहीं दी जाती है और उन्हें हमेशा सुबह उठने के समय से ही कुछ न कुछ काम प्रदान किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अनुशासित रहें।

जब युवा व्यस्त नहीं होते हैं तो विघटनकारी प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। इस संदर्भ में अर्थव्यवस्था और समाज के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए रोजगार सृजन पर जोर देना बहुत महत्वपूर्ण है। रोजगार बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचे में वित्त पोषण बढ़ाना महत्वपूर्ण है और सरकार साल दर साल सार्वजनिक व्यय बढ़ाकर अपना काम कर रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल के बजट में सार्वजनिक व्यय को 2022-23 के 7.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये से थोड़ा अधिक कर दिया है। यह एक स्वागत योग्य घटनाक्रम है। निजी निवेश भी बढ़ रहा है। लेकिन चमड़ा, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण आदि जैसे श्रम प्रधान उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। साथ ही इन उद्योगों को पूरे देश में, विशेषकर छोटे कस्बों और शहरों में फैलाना होगा, ताकि ग्रामीण संकट को दूर किया जा सके।

इलेक्ट्रॉनिक्स और विनिर्माण को बढ़ावा देना एक स्वागत योग्य कदम है क्योंकि इससे नौकरियां पैदा होती हैं, लेकिन ये उद्योग आमतौर पर बड़े शहरों और उसके आसपास स्थापित होते हैं क्योंकि इसके लिए कुशल और उच्च कुशल जनशक्ति की आवश्यकता होती है। ग्रामीण संकट से निपटने के लिए कौशल विकास को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। स्किल मैपिंग से क्षेत्र विशेष के कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी। इन पर कार्य प्रगति पर है।

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह में सुधार हो रहा है। उन्नत देशों द्वारा चीन प्लस वन नीति अपनाने से विदेशी निवेश प्रवाह में भारत की ओर झुकाव हो रहा है। लेकिन विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका जैसी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में ब्याज दरें बढ़ने के साथ, उभरती अर्थव्यवस्थाओं से बहिर्वाह की संभावना है। हालांकि यह कुछ उभरती अर्थव्यवस्थाओं में हो रहा है। भारत से बहिर्वाह इस समय उतना महत्वपूर्ण नहीं है क्योंकि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के कई उद्योगपति भारतीय अर्थव्यवस्था को एक अवसर के रूप में देखते हैं। लेकिन अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के साथ, यह प्रवृत्ति कुछ ही समय में उलट हो सकती है। इसलिए इससे बचाव की जरूरत है।

एक कदम जिसे देश में तत्काल उठाये जाने की जरूरत है, वह है बचत और निवेश दरों को वापस सकल घरेलू उत्पाद का 38 से 39 प्रतिशत तक बढ़ाना। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समावेशी विकास के माध्यम से बेरोजगारी की समस्या से निपटने के अलावा वृहद-आर्थिक बुनियाद मजबूत बनी रहेगी। भारत में हमेशा 5 से 6 प्रतिशत बेरोजगारी दर रही है और यह एक प्रबंधनीय स्तर है। ध्यान देने वाली बात यह है कि युवाओं में बेरोजगारी, वह भी लगभग 20-22 प्रतिशत, परेशान करने वाली हो सकती है। सरकार को इस समस्या के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है ताकि भारत एक जीवंत अर्थव्यवस्था बना रहे।

**एक कदम जिसे देश में तत्काल उठाये जाने की जरूरत है, वह है बचत और निवेश दरों को वापस सकल घरेलू उत्पाद का 38 से 39 प्रतिशत तक बढ़ाना। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समावेशी विकास के माध्यम से बेरोजगारी की समस्या से निपटने के अलावा वृहद-आर्थिक बुनियाद मजबूत बनी रहेगी। भारत में हमेशा 5 से 6 प्रतिशत बेरोजगारी दर रही है और यह एक प्रबंधनीय स्तर है।**

## पावन प्रसंग

# पदार्थ से चेतना की ओर

विज्ञान ब्रह्मांड के मूल तत्व को गॉड पार्टिकल कहकर पुकारता है। दस अरब डॉलर खर्च करके 6 वैज्ञानिकों ने दिन-रात की मेहनत के बाद .यह दावा किया है कि सृष्टि की रचना में जिस जादुई कण ने बीज की बदौलत दुनिया है। आखिर हिग्स बोसोन है क्या? यह वही कण हैं जो प्रोटीन, इलेक्ट्रॉन और न्यूट्रॉन को दुनिया बनाने की ताकत देता है। माना जाता है कि इस कण के बिना इस सृष्टि में किसी चीज का अस्तित्व ही नहीं हो सकता है। यह वह कण है, जो हर चीज में भार प्रदान करता है और खुद लुप्त हो जाता है, जो किसी चीज को अपने अंदर रख सकती है, अगर कुछ नहीं होगा तो फिर किसी चीज का अस्तित्व नहीं होगा; क्योंकि परमाणु उसके भीतर घूमते रहेंगे, लेकिन भार के बिना जुड़ेंगे ही नहीं। हिंग्स बोसोन उस अदृश्य शक्ति का मूर्तरूप है, जो स्पेस में हर वस्तु को भार देता है। इसके बगैर न तो किसी परमाणु का अस्तित्व है और न ही जिंदगी के बारे में सोचा जा सकता है।

विज्ञान की दुनिया में गॉड पार्टिकल की परिकल्पना सबसे पहले सन् 1964 में ब्रिटिश वैज्ञानिक पीटर हिग्स ने की थी, हिग्स बोसोन कण के नाम में 'हिग्स' पीटर हिग्स से लिया गया है; जबकि 'बोसोन' भारतीय वैज्ञानिक सत्येंद्र नाथ बोस के नाम से रखा गया है। सत्येंद्र नाथ बोस ने 20वीं शताब्दी के तीसरे दशक में महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन के साथ मिलकर बोस-आइंस्टीन स्टेटिस्टिक्स और बोस-आइंस्टीन कंडेन्सेट की थ्योरी दी थी। क्वांटम फिजिक्स के क्षेत्र में बोस के उम्दा काम के सम्मान में ईश्वर कण का नाम 'हिग्स बोसोन' रखा गया है।

हमारी आध्यात्मिक परम्परा का केंद्रीय विचार हीह‍ै कि कण-कण में ईश्वर का निवास है, इसीलिए हम सब में संभावनाओं का वास है, हम सबमें असीम ऊर्जा का संचालन है, हम सभी एक ईश्वर का हिस्सा हैं और हम सबमें दुनिया की सारी विविधता और सारी समानता एक साथ बसती है। यह अध्यात्म, विज्ञान से इतर नहीं है, बल्कि उसका विस्तार ही वह वजह है कि जहां विज्ञान की सीमा खतम होती है- अध्यात्म की सीमा वहीं से शुरू हो जाती है। हर महान आत्मा, कालजयी कार्य के पीछे एक चमत्कार होता है जिसकी परिकल्पना विज्ञान में नहीं है, लेकिन अध्यात्म में उसे आत्मसात करने की क्षमता है। अल्बर्ट आइंस्टीन और मैडम क्यूरी जैसे महान वैज्ञानिकों को भी अध्यात्म का ज्ञान था, उसकी अनुभूति थी। हिग्स बोसोन की खोज में हमें बताया है कि अध्यात्म का मूल विचार कण-कण में भगवान की उपस्थिति का वैज्ञानिक आधार है। गॉड पार्टिकल वही कण है, जो सृष्टि के मूल में है। इस खोज के बाद विज्ञान ने एक नई विधा की खोज की है, जिससे उसे नए आयामों को समझने में मदद मिलेगी। इस खोज के बाद विज्ञान को चमत्कार को समझने की समझ मिलेगी।

दरअसल विज्ञान और अध्यात्म में विरोधाभास नहीं है, ये दोनों वस्तुत: एक सिक्के के ही दो पहलू हैं। विज्ञान से हमें तार्किकता मिलती है तो अध्यात्म मानवीय भावनाओं से साक्षात्कार कराता है। विज्ञान हमें मशीन बनाना सिखाता है तो अध्यात्म हमें उस मशीन को भलाई के लिए इस्तेमाल करना सिखाता है। विज्ञान हमें मैं बनाता है तो अध्यात्म इस मैं को हम का हिस्सा बनाना सिखाता है।

विज्ञान स्वार्थ है तो अध्यात्म परमार्थ है। इसीलिए हमें ऐसा विज्ञान चाहिए, जिस पर अध्यात्म की परत चढ़ी हो। हमें बिजली चाहिए, हमें सुंदर मकान चाहिए, बड़ी-बड़ी गाड़ियां चाहिए, विलासिता के सारे सामान चाहिए। विज्ञान ने हमारे लिए यह सब संभव बनाया है। हर बड़ी खोज एक महान उत्पाद को जन्म देती है, जो हमारी जिंदगी पर असर डालती है। यह सब विज्ञान की ही देन है, लेकिन इन सबके लिए हमें एक कीमत चुकानी पड़ती है। किसी बड़ी फैक्टरी का परिणाम भोपाल हादसे के रूप में होता है तो किसी कालजयी परमाणु शक्ति बनने की तमन्ना के बायप्रोडक्ट में चेरनोबिल हादसे से रूबरू भी होना पड़ता है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# मानवीय शक्ति और प्राकृतिक संसाधन, विकास और प्रगति के पहिये सार्थक समुचित उपयोग की दरकार

जब भी हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानि कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग-धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जीती बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है। उद्योगों की चिमनियों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कलकल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कम्प्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे-मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा-भरा हिंदुस्तान यानि कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी न मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने, महानगर बने, मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत! हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन, पानी, हरियाली, पक्षी, जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कांक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए। महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव के लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा, सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची-ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक-युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानि कि इतनी डिजिटल विषमताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव, जंगलों, नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत की हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ, साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम, थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टियां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है,

जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना,
पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे।

विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 141 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

**संजीव ठाकुर**

देशबन्धु
संस्कारधानी

मंगलवार 05 दिसंबर 2023

उल्टा पुल्टा

निर्मल की 2 करोड़ की लॉटरी निकली,
**लॉटरीवाला** – आपको टैक्स काटकर 1.75 करोड़ मिलेंगे,
**निर्मल** – ये गलत बात है, मुझे पूरे 2 करोड़ दो, नहीं तो मेरे टिकट के 100 रुपये वापस करो...



# कॉलेज छात्रा पर सरेराह जानलेवा हमला

## सिम्स में चल रहा उपचार

## कॉलेज की सुरक्षा भगवान भरोसे

## पूर्व में भी हो चुकी है घटना

## आरोपी युवक फरार


जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया




**बिलासपुर,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। कोटा क्षेत्र में स्थित निरंजन केशरवानी कालेज में एक बार फिर लापरवाही बात सामने आ रही है ।लोगों की माने तो यहां पढ़ने वाले छात्र छात्राओं की सुरक्षा के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है, न यहां सुरक्षा गार्ड है और न ही कैंपस के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगा है,वही कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा के ऊपर जानलेवा हमला हुआ है जानकारी के अनुसार कॉलेज के पास पहले भी कई घटनाएं घट चुकी है इसके बाद भी कॉलेज प्रबंधन सिख नही ले रहा है।

जिले के कोटा थाना क्षेत्र में छात्रा पर है, जिसमे शासकीय निरंजन केशरवानी कॉलेज कोटा में पढ़ने वाली छात्रा पर योगेश साहू नामक युवक ने जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जिसके बाद यहां आस पास मौजूद लोगों ने घायल छात्रा को ईलाज के लिए कोटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी के मुताबिक छात्रा रोज की तरह निरंजन केशरवानी कॉलेज कोटा गई थी और जब वो पढ़ाई करके घर वापस लौट रही थी इसी बीच योगेश साहू नमक युवक वहां पहुंचा औरछात्रा पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे छात्रा के गले व सिर पर चोट आई हैं। वही आरोपी युवक घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया है।

वही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टर द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद छात्रा को सिम्स बिलासपुर रिफर कर दिया है। और कोटा पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है। युवक ने घटना को अंजाम किस वजह से दिया है इसका खुलासा नहीं हो पाया है।

# जीत के बाद रायपुर पहुंचे अमर ओम माथुर से की मुलाकात

**बिलासपुर,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के शासन में 15 साल तक मंत्री रहे अमर अग्रवाल फिर से चुनाव जीत गए हैं। चुनावी जीत के बाद अमर सोमवार को रायपुर पहुंचे।



यहां भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में श्री अग्रवाल ने ओम माथुर से मुलाकात की। इतवार को नतीजों के बाद अमर अग्रवाल ने कहा था कि बिलासपुर शहर की जनता ने जो प्यार दिया है उसका ऋण में कभी नहीं चुका सकूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि विधायक बनने के बाद 15 दिन के अंदर सबसे पहले बिलासपुर शहर को अपराध मुक्त बनाना है। श्री अग्रवाल ने कहा कि बिलासपुर शहर के लोगों ने जो प्यार दिया है उसका ऋण हुए कभी नहीं चुका सकेंगे। उन्होंने कहा कि अब तक उन्हें जो भी ऊंचाइयां हासिल हुई है वह बिलासपुर शहर की जनता के प्यार की बदौलत ही है। जिसे वे कभी भी भूल नहीं सकते।

अमर अग्रवाल ने यह भी कहा कि विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद सबसे पहले काम वे यही करेंगे की 15 दिन के अंदर बिलासपुर शहर को अपराध से मुक्त करना है। बिलासपुर शहर के लोग पूरी तरह से निर्भय और अमन चैन के बीच रहें। यह उनकी हमेशा से प्राथमिकता रही है। इस बार भी यही उनकी प्राथमिकता होगी।

## संपादकीय

### राज्य को नये सीएम का इंतज़ार

*छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिये दो चरणों में हुए मतदान के रविवार को आये परिणामों में भारतीय जनता पार्टी ने अब तक की सर्वाधिक 54 सीटें हासिल कर सरकार बनाने का अधिकार पा लिया है तो वहीं कांग्रेस को 35 सीटों पर संतोष करना पड़ा है। अब वह विपक्ष में बैठेगी। इसके साथ ही प्रदेश को अब नये मुख्यमंत्री का इंतज़ार है कि किसके नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ेगा। जो भी नया सीएम बने, उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में राज्य का विकास होता रहेगा और नये सीएम ऐसी योजनाएं व कार्यक्रम लेकर आयेंगे जिनके कारण राज्य की अर्थव्यवस्था की स्थिति मतबूत बनी रहेगी और लोगों के जीवन में सतत सुधार होता रहेगा।*

*सभी की उत्सुकता इसलिये भी बनी हुई है क्योंकि पार्टी में इस पद के अनेक दावेदार हैं। पहला सबसे बड़ा नाम पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का है जिन्होंने इस पद को तीन बार सम्भाला है। बेहद सौम्य स्वभाव के रमन सिंह प्रदेश में बहुत लोकप्रिय रहे हैं। पहली बार सीएम बनने के पहले वे ही केन्द्र में राज्य मंत्री का पद छोड़कर प्रदेश अध्यक्ष बने थे। उन्होंने ही पार्टी को सत्ता तक पहुंचाया था। इस बार भी वे स्टार प्रचारक की तरह काम करते रहे। वे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। दूसरी तरफ पूर्व आईएएस अधिकारी ओपी चौधरी के लिये केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उनके चुनाव प्रचार के दौरान ही मतदाताओं से कहा था कि उन्हें (चौधरी को) वे जिताकर भेजते हैं तो उन्हें बड़ा पद देने की जिम्मेदारी उनकी (शाह की) है। शाह के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उन्हें पसंद करते हैं। कांग्रेस के ओबीसी कार्ड के जवाब के रूप में प्रदेशाध्यक्ष बनाकर लाये गये अरूण साव भी प्रबल दावेदार हैं। वे बिलासपुर के सांसद भी हैं। अब देखना यह होगा कि उनसे अधिक वरिष्ठ नेताओं के रहते उन्हें पसंद किया जाता है या नहीं। वैसे तो चौधरी भी ओबीसी वर्ग से ही आते हैं।*

*किसी आदिवासी को अगर मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय होता है तो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय या रामविचार नेताम के नामों पर विचार होगा। नेताम पहले भी रमन सिंह के मंत्रिमंडल में स्थान पाते रहे हैं और वे राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति विकास आयोग के अध्यक्ष तथा राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं। यह पद अगर किसी महिला को देने का तय होता है तो रेणुका सिंह या गोमती साय में से कोई एक नाम तय हो सकता है। हालांकि इसकी गुंजाइश कम ही दिखती है। भाजपा में बड़ी जिम्मेदारियां सम्भालने वाली रेणुका पांडे को भी सम्भावित चेहरे के रूप में देखा जाता है। हाईकमान का उनमें भरोसा है लेकिन वे इसका लाभ ले पाती हैं या नहीं, यह देखना दिलचस्प होगा। नये सीएम का प्रदेश इंतज़ार कर रहा है।*

## सार-संक्षेप

### विधानसभा चुनाव के शांतिपूर्ण संपन्न होने पर कलेक्टर ने आभार व्यक्त किया




**बिलासपुर** ,4 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 सफलतापूर्वक संपन्न होने पर जिले के सभी नागरिकों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों, सुरक्षा बलों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर श्री शरण ने कहा कि सभी के सहयोग से विधानसभा निर्वाचन निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। सभी ने टीम भावना से जिम्मेदारी पूर्वक निर्वाचन कार्य में भागीदारी निभाई। उन्होंने कहा कि जिले के मतदाताओं ने मतदान में उत्साह से हिस्सा लिया और शांतिपूर्ण मतदान कराने में भी सहयोग दिया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में पूर्ण सहयोग मिला। मीडिया प्रतिनिधियों ने निर्वाचन में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई। कलेक्टर ने शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा बलों के जवानों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा और लगन के साथ निर्वाचन कार्य पूरा किया।

### पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन ने गनियारी शासकीय अस्पताल में नवजात शिशु के लिए उपलब्ध कराएं 100 जोड़ी स्वेटर



**बिलासपुर,**4 दिसंबर (देशबन्धु)। पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन बिलासपुर द्वारा समाजिक सरोकार के कार्य निरंतर बढ़चढ़ कर किये जाते रहे हैं.. पूर्व भी ग्रामीण क्षेत्रों कपड़े महिला समूहों को आटा चक्की, बिस्कुट मेकिंग मशीन अदि प्रदाय की जा चुकी है। इस श्रंख्ला में जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के अस्पताल में जरुरतमंद लोग अपना उपचार कराने आते हैं, उनके पास कई बार बच्चों के लिए ठंण्ड के मौसम में कपड़े नहीं होते हैं ।इसी सब को देखते हुए पायल लाठ एक नया सवेरा फाउंडेशन बिलासपुर की अध्यक्ष पायल लाठ ने जन स्वास्थ्य सहयोग गनियारी अस्पाल में गरम कपड़ों का वितरण किया ।इस अवसर पर जन स्वास्थ्य सहयोग से, परमानंद भास्कर, अनिल बामने, राधा मरावी एवं पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन बिलासपुर की अध्यक्ष पायल शब्द प्रकाश लाठ, उपाध्यक्ष चंचल सलूजा, पूनम, मनीष अग्रवाल उपस्थित रहे। पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन द्वारा लगातार सामाजिक क्षेत्र में सहयोग का कार्य किया जाता है, इससे पहले पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन द्वारा अब तक 500 से अधिक महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जा चुका है। लगातार अलग-अलग क्षेत्र में जाकर सामाजिक रूप से अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की मदद करने का काम किया जाता रहा है।

# रोमांस एक्शन इमोशन से भरपूर फिल्म गुइयां 8 दिसंबर को सिनेमाघरो में

## अमलेश नागेश हेमा शुक्ला की रोमांटिक जोड़ी दिखाई देगी

**बिलासपुर** ,4 दिसंबर (देशबन्धु) ।निर्माता मोहित साहू एन. माही प्रोडक्शन क बहुचर्चित बहुप्रतीक्षित फिल्म गुड्यां छत्तीसगढ़ के मशहुर निर्देशक मनीष मानिकपुरी द्वारा निर्मित छत्तीसगढ़ फिल्म, दिनांक 8 दिसम्बर दिन शुक्रवार को प्रदेश भर के सिनेमाघरों में एक साथ प्रदर्शित होने जा रही है। जिसके लीड में छॉलीवुड के सुपर स्टार और मशहुर यू-ट्यूबर अमलेश नागेश हैं। निर्माता मोहित साहू ने फिल्म के बारे में बताया कि फिल्म की खासियत है कि इस फिल्म कहानी स्वयं अमलेश नागेश द्वारा लिखी गई है और इस फिल्म में उनका एक्शन से भरपूर अभिनय दिखाई देगा। हीरो अमलेश नागेश के अपोजिट सधे




अभिनय के साथ हेमा शुक्ला बतौर अभिनेत्री दिखाई देंगी। निर्माता मोहित साहू ने बताया कि गुइयां का संगीत पक्ष बहुत मजबूत है, जिसके गाने मिलेनियम क्लब में पहुंच चुका है। गार्नी को लेकर लाखो छत्तीसगढ़ी संगीत प्रेमी वर्ग अपने स्टाइल में रील्स बनाने का जबरदस्त क्रेज है। फिल्म को लेकर दर्शको में एक जबरदस्त कौतुहल का मौहाल बना हुआ है। फिल्म के प्रदर्शन को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है, क्योंकि इस फिल्म के बेहतर प्रमोशन के चलते गुइयां बहुप्रतीक्षित फिल्मों की श्रेणी में शामिल है। फिल्म में कैमरे में कमाल दिखाया है रजत सिंह राजपूत ने गीतकार नवल दास मानिकपुरी एवं ओमी स्टाइलो का है। कर्णप्रिय म्यूजिक दिया है नवल दास मानिक पूरी ने फिल्म को एडिट किया है गौराग त्रिवेदी ने। म्यूजिक अरेंजर प्रफुल्ल बेहरा कटक स्टूडियो का है। रिकॉर्डिंग का भार नीरज वर्मा ने सम्हाला है। फिल्म में मजे हुए स्टार कास्ट अजय सहाय, क्रांति दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह, पुरन किरी, नितेश कॉमेडियन आर मास्टर, दिव्या नागदेव, संगीता निषाद, नीरज उड़के एवं सभी उम्दा कलाकारों से सजी फिल्म में जबरदस्त अभिनय शैली रुपहले पर्दे में दिखाई देगी।

## निषाद पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजय ओम माथुर ने दी जीत की बधाई

**बिलासपुर** , 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। निषाद पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने, बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और छत्तीसगढ़ प्रभारी , कुशल चुनाव रणनीतिकार ओम माथुर और सह रणनीति कार और सह प्रभारी नितिन नवीन को छत्तीसगढ़ में बीजेपी के प्रचंड जीत की पुष्प गुच्छ और छत्तीसगढ़ की पहचान कोसा का साल पहनाकर बधाई दिए। संजय सिंह ने कँहा की ये छत्तीसगढ़ में कुशासन और तुस्टीकरण करने वालो को जनता ने नाकारा हैं और सबका साथ सबका विकास और सबका विकास और मोदी जी की गारंटी की जीत हैं ये जीत छत्तीसगढ़ की निर्बल शोषित जनता और महिला शक्ति की जीत हैं।

## रद्द की गई सांतरागाछी-पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस का परिचालन 9 से




**बिलासपुर** ,4 दिसम्बर (देशबन्धु)। अधोसंरचना विकास हेतु नागपुर रेल मंडल के एवं कलमना रेलवे स्टेशनों के मध्य तीसरी रेल लाइन का कार्य किया जा रहा है । इस कार्य के अंतर्गत कन्हान रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा । यह कार्य दिनांक 02 दिसम्बर,2023 से 14 दिसम्बर, 2023 तक नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य के लिए कुछ गाड़ियो को रद्द किए जाने की सूचना प्रसारित की गई थी ।

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 20822/20821 सांतरागाछी-पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस को उपरोक्त अवधि में रिस्टोर करते हुये इसका परिचालन सांतरागाछी से 09 दिसम्बर एवं पुणे से 11 दिसम्बर, 2023 किया जाएगा ।

# छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के महाधिवक्ता वर्मा ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

## राज्य में सत्ता परिवर्तन का असर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के महाधिवक्ता कार्यालय में सबसे पहले नजर आया

**बिलासपुर,** 4 दिसंबर (देशबन्धु)। राज्य में सत्ता परिवर्तन का असर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के महाधिवक्ता कार्यालय में सबसे पहले नजर आया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनाव परिणाम के बाद रविवार को राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। सीएम के त्यागपत्र देने के कुछ घंटों बाद ही छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा ने राज्यपाल के नाम इस्तीफा भेज दिया है।

महाधिवक्ता सतीशचंद्र वर्मा ने पत्र में लिखा है कि मैं महाधिवक्ता पद से इस्तीफा दे रहा हूं। एक स्वस्थ परंपरा के रूप में इस्तीफा दे रहा हूं, ताकि नए मुख्यमंत्री के लिए अधिवक्ता के पद पर नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो सके। पत्र में वर्मा ने यह भी उल्लेख किया है कि सीएम और उनकी कैबिनेट का धन्यवाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके मंत्रिमंडल के साथियों से जो सहयोग मुझे मिला, उसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं। राज्य के हितों की रक्षा के लिए अफसरों की टीम ने भी भरपूर सहयोग दिया।

### भाजपा समर्थित अधिवक्ताओं ने बांटी मिठाई

रविवार को वोटों की गिनती हुई। पांच साल बाद छत्तीसगढ़ की सत्ता पर भाजपा वापसी कर रही है। सोमवार को हाई कोर्ट परिसर में भाजपा समर्थित अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी और मिठाई भी बांटी।

खुशियां मनाने के बाद आपस में महाधिवक्ता कार्यालय में होने वाली नियुक्तियों को लेकर आपस में चर्चा करते रहे व अटकलें भी लगाते रहे।

### सीएम बनने के बाद महाधिवक्ता की होगी नियुक्ति

नियमों पर गौर करें तो पहले मुख्यमंत्री का चयन होगा। वे शपथ लेंगे। पदभार ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री महाधिवक्ता की नियुक्ति करेंगे। सीएम महाधिवक्ता पद के लिए नाम की अनुशंसा करेंगे व राज्यपाल को भेजेंगे। राज्यपाल सीएम की अनुशंसा पर महाधिवक्ता पद के लिए नाम की घोषणा करेंगे व राजभवन से सीधे छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के लिए नियुक्ति पत्र भेजा जाएगा। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस नवनियुक्त महाधिवक्ता को शपथ दिलाएंगे। महाधिवक्ता की अनुशंसा पर अतिरिक्त महाधिवक्ता,उप महाधिवक्ता,सरकारी वकील सहित अन्य पदों पर भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। राज्य की सत्ता पर भाजपा की वापसी के बाद अब महाधिवक्ता कार्यालय में भाजपा समर्थित अधिवक्ता विधि अधिकारी के पद पर काम करते दिखाई देंगे।

# नरवा घुरवा बारी योजना अच्छी थी, नई सरकार उसकी कमियां दूर कर सुचारू रूप से चलाए,संत सर्वेश्वर दास




**बिलासपुर,**4 दिसंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय संत समिति ने छत्तीसगढ़ में बने भाजपा की नई सरकार को जीत की शुभकामनाएं दी। नवगठित भाजपा सरकार से उन्होंने यही आशा जताई की वे पिछली सरकार द्वारा क्रियान्वित योजना नरवा घुरवा बारी और गौठान को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा यह योजना बहुत अच्छी योजना थी नई सरकार से यही उम्मीद है कि वह उनमें हुई कमियों को दूर कर उसे आगे क्रियान्वित करते रहे ।उन्होंने इसके लिए उन्होंने चारागाह के भूमि को संरक्षित रखने कहा साथ ही गौ माता की सुरक्षा के लिए?30 प्रतिदिन के हिसाब से गोपाल को देने की अपील की। संत समाज ने तीन दिवाली पर कहा की एक दिवाली वह है जो अपने परंपरागत रूप से मनाई दूसरी दिवाली अपने भाजपा को जिताकर मान लिया और अब तीसरी दिवाली 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन इस उत्सव के रूप में मना कर करना होगा। इस इस दौरान उन्होंने रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने-अपने घरों को और मंदिर को दीप से सजाने की बात कही दिनभर भजन कीर्तन करने को कहा और उसे दिन कार्यों से अवकाश लेने का संदेश दिया ।शाम 6-30 बजे अपने घर के दरवाजे में काम से कम पांच दीए जलाकर इस उत्सव के रूप में मनाने का संदेश दिया। संत सर्वेश्वर दास ने कहा कि जो सनातन को डेंगू मलेरिया रहेगा उसका परिणाम सबके सामने है ।हिंदू राष्ट्र के सवाल पर उन्होंने कहा की हिंदू राष्ट्र था है और रहेगा लेकिन इसका मतलब यह नहीं है किसी को खदेड़ दिया जाय उन्होंने कहा हिंदू समाज में सभी का स्थान है। उन्होंने गौ माता के संरक्षण के लिए चारागाह की भूमि रखने नई सरकार की से अपील की। ।इस अवसर पर पीतांबरा मंदिर पीठाधीश्वर आचार्य डॉक्टर दिनेश चंद्र महाराज तारकेश्वर पुरी महाराज उपस्थित थे।

# दिसंबर में चरम पर रहेगी ठंड लेकिन शीतलहर नही

**बिलासपुर,** 4 दिसंबर (देशबन्धु)। दिसम्बर वर्ष का अधिकतम ठंडा तथा शुष्क महीना है। आकाश सामान्यत: बादल रहित होने की वजह से दिन अपेक्षाकृत गर्म किन्तु आरामदायक होते है। पश्चिमी विक्षोभों अर्थात कम दबाव का क्षेत्र जो देश के उत्तरी प्रांतों में पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ते है तथा जिनसे उत्तरी भाग शीतकालीन वर्षा से प्रभावित होता है आने वाली शुष्क ठण्डी हवाएं देश के मध्यवर्ती एंव उत्तरीय भाग में शीतलहर की स्थिति पैदा करती है।



कभी-कभी बंगाल की खाड़ी में बनने वाली चक्रवाती तूफान की वजह से उत्तर से ठण्डी हवाएं देश के मध्यभाग में आ जाती है। बहुत ही कम अवसरों पर शीतलहर से प्रभावित हुआ है। इस माह का सामान्य औसत अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस तथा औसत न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस होता है। इस माह की औसत वर्षा 6.9 मि.मी है तथा वर्षा के दिनों की औसत संख्या 0.3 है। इस माह में सापेक्ष आर्दता 68.47 तक होती है। सतही हवाएं सामान्यत: शांत से आती है जिनकी औसत गति लगभग 2.5 किमी प्रति घंटा होती है।

## सार-संक्षेप

### सतनामी समाज की बैठक में समिति का हुआ विस्तार



कोरबा, 04 दिसंबर (देशबन्धु)। कोरबा सतनामी कल्याण समिति की बैठक शनिवार को दोपहर 3 बजे सतनाम प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय इकाई से आए प्रबंध पदाधिकारी अध्यक्ष एवं सचिव को सतनामी कल्याण समिति कोरबा में सलाहकार एवं प्रचार सचिव के रूप में कार्य करने हेतु विस्तार किया गया है।

गुरुगद्दी धाम से आए अध्यक्ष लाखन घृतलहरे, सचिव गैस कुमार मिरी, अयोध्यापुरी से अध्यक्ष एसआर अंचल, सचिव जगदीश मीरी, दीपका से अध्यक्ष बीएल खुंटे, सचिव शिवकुमार बंजारे एवं श्याम नगर लाटा से अध्यक्ष एसआर भारती को पदेन सलाहकार एवं प्रचार सचिव बनाया गया है। कुशल कुर्रे शिक्षक मानिकपुर प्रचार सचिव बनाया गया है। अन्य यूनिट के पदाधिकारियों का सहमति के बाद उन्हें भी समान पद प्रदान किया जायेगा। बैठक में समिति के अध्यक्ष यूआर महिलांगे, पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र पाटले, आत्म राम पन्ना, पुस्कर आदिले, नारायण लाल कुर्रे, आर डी भारद्वाज, विजय दिवाकर उपाध्यक्ष, अनिकेत पाटले कोषाध्यक्ष, रामचंद्र पाटले, विनोद डहरिया, सतेंद्र डहरिया, दया बघेल, धर्मेंद्र, कोसले, रिंकू आदिले थे। इसी प्रकार पताढ़ी धाम में 5 दिसंबर को युवा समिति का गठन किया जाएगा। जिसमें अध्यक्ष कोरबा सतनामी कल्याण समिति के कोर कमेटी के द्वारा चयन किया जाएगा। जितने नाम अभी तक प्राप्त हुए हैं उसके अतिरिक्त और जो भी नाम आएंगे उनके बीच से ही किसी एक नाम को कोर कमेटी के द्वारा अध्यक्ष के रूप में चयन किया जाएगा। अध्यक्ष एवं अन्य पद का भी सृजन किया जाएगा वह सभी कोर कमेटी के नियमों के तहत काम करेंगे। नियमों के उल्लंघन पर समिति बिना जांच के पद से हटा सकती है। अत- ज्यादा से ज्यादा संख्या में समाज के युवा साथी समय पर आवश्यक पहुंचने का कष्ट करें ताकि हम एक योग्य अध्यक्ष का चयन कर सकें। उपरोक्त जानकारी सचिव जीएल बंजारे ने दी है।

### दिव्य ज्योति के छात्रों ने मनाया विकलांगता दिवस



**कोरबा,** 04 दिसंबर (देशबन्धु)। दिव्य ज्योति स्कूल में विश्व विकलांगता दिवस मनाया गया। इस दिन को मनाने के लिए, कोरबा में दिव्य ज्योति विशेष स्कूल के बच्चे स्कूल परिसर में इस अवसर को मनाने के लिए एक साथ आए। इसमें स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर इनरव्हील एजुकेशन सोसायटी के सदस्य उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इनरव्हील क्लब से अध्यक्षा श्रीमती बसंता मनोहर, श्रीमती मोहिंदर कौर, नेहा अरोरा और साक्षी क्षेत्रपाल उपस्थित थे। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफ टी सी श्रीमती ज्योति अरोड़ा मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन में शामिल छात्रों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। यह आयोजन एक बड़ी सफलता थी और इसने समाज को हमारे मौजूदा समाज में विकलांग जीवन को स्वीकार करने की आवश्यकता को समझने में मदद की। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई विभिन्न सुंदर वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

### डीडीएम किड्जी के बच्चों ने देखा जामा मस्जिद



**कोरबा**, 04 दिसंबर (देशबन्धु)। डीडीएम किड्जी के बच्चों ने हाल ही में समुदाय में धार्मिक विश्वासों में से एक को समझने के लिए जामा मस्जिद का दौरा किया।

डीडीएम स्कूल के बच्चों ने शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे पॉवर हाऊस रोड कोरबा स्थित जामा मस्जिद देखा। स्कूल के बच्चों का जामा मस्जिद कमेटी ने स्वागत किया। इस दौरान बच्चों को चॉकलेट बांटा गया। इस अवसर पर जामा मस्जिद कमेटी के सदस्य व स्कूल स्टाफ उपस्थित थे। इमाम ने बच्चों को समझाया कि मस्जिद के सदस्य किस दिशा में प्रार्थना करते हैं। बच्चों को भव्य प्रार्थना कक्ष भी दिखाया गया जहां मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज अदा करते हैं। स्कूलों के बच्चों को जामा मस्जिद के इमाम ने कुरान का संक्षिप्त परिचय सुनाया, जिसे बच्चों ने शांतिपूर्वक सुना।

### सरकारी अस्पताल के पीछे मिले शव की हुई पहचान

कोरबा, 04 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले के दीपका में सरकारी अस्पताल के पीछे एक व्यक्ति का शव मिला है। उसकी पहचान कर ली गई है। मर्ग पंचनामा के साथ मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आगे की जांच करेगी। दीपका के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पीछे सुबह शव को देखा गया। अस्पताल कर्मियों ने इस बारे में पुलिस को सूचना दी। टीम ने यहां पहुंचकर मुआयना किया। मृतक की फोटो आसपास में भेजे गए। कुछ देर बाद मृतक की पहचान 35 वर्षीय नेकलेस टोप्पो के रूप में की गई। यहां से कुछ दूरी पर स्थित झाबर गांव के निवासी होने का पता चला। वह किन कारणों से मृत हुआ, इसे लेकर फिलहाल कुछ पता नहीं चला है। पुलिस ने 174 सीआरपीसी अंतर्गत मर्ग कायम किया है और प्राथमिक जांच शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि पोस्टमार्टम से मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# 8488 मतदाताओं ने नोटा में दबाया बटन

### पाली-तानाखार में सबसे ज्यादा 3557 मतदाताओं ने चुनाव नोटा विकल्प




**कोरबा,** 04 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले की चारों विधानसभा सीटों पर हार-जीत का फैसला हो चुका है। चुनावी रण में 51 प्रत्याशी मैदान में थे। 8 हजार 488 मतदाता ऐसे थे जिन्हें ये प्रत्याशी पसंद नहीं आए। उन्होंने प्रत्याशियों को वोट करने के बजाए नोटा में बटन दबाया है। चारों विधानसभा में नोटा को खूब वोट मिले हैं। कई निर्दलीय प्रत्याशी वोटों के मामले में नोटा से भी हार गए हैं। उन्हें उतने वोट भी नहीं मिले हैं जितने नोटा को मिले हैं।

मतदाताओं को अपना नेता चुनने का मताधिकार दिया गया है। मतदाता अपने पसंद के प्रत्याशी को वोट कर सकते हैं, लेकिन अगर चुनाव में चुनाव में उतरे प्रत्याशियों में से मतदाता को कोई भी पसंद नहीं है तो भी वे वोट कर सकते हैं। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने नोटा का विकल्प भी दिया है। ईवीएम मशीनों में नोटा का विकल्प मौजूद रहा। चारों विधानसभा की बात की जाए तो सबसे ज्यादा पाली-तानाखार में 3 हजार 557 मतदाताओं ने यह विकल्प चुना है। रामपुर में 2 हजार 497 मतदाताओं ने नोटा विकल्प का उपयोग किया। कटघोरा में 1 हजार 462 मतदाताओं ने इनमें से कोई पसंद नहीं का विकल्प चुनते हुए नोटा को वोट दिया। नोटा का सबसे कम वोट हाईप्रोफाइल कोरबा सीट पर वोट मिले हैं। यहां 972 मतदाता ही ऐसे थे जिन्होंने नोटा का विकल्प चुना। नोटा के विकल्प के कारण ईवीएम मशीनों में एक अतिरिक्त स्लॉट रखा गया था। कोरबा विधानसभा सीट में 19 प्रत्याशी मैदान में थे। 20वां विकल्प नोटा का था। वहीं कटघोरा में 14 और पालीतानाखार, रामपुर में 9-9 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था। खास बात है कि नोटा को इस बार भी काफी वोट मिले हैं। वोटों की संख्या तो निर्दलियों से कहीं ज्यादा थी। जहां कई निर्दलीय तिहाई अंक में रहे। वहीं नोटा का आंकड़ा चार अंकों तक पहुंचा। हालांकि हार-जीत का आंकड़ा नोटा से अधिक प्रभावित नहीं हुआ, लेकिन पाली-तानाखार में जरूर नोटा का फैक्टर रहा। यहां हार-जीत का आंकड़ा काफी कम था और नोटा का वोट काफी ज्यादा था। अगर नोटा के वोट प्रत्याशियों को पड़ते को चुनावी नतीजा भी बदल सकता था।

### कोरबा सीट पर भाजपा ने लगाई सेंध

पिछले तीन विधानसभा चुनाव की बात करें तो जिले की चारों सीटों में भाजपा एक सीट ही जीतने में कामयाब रही थी। इस बार सियासी समीकरण बदला है। भाजपा की तरह इस बार कांग्रेस को एक सीट से संतोष करना पड़ा है, जबकि भाजपा ने अपने एक सीट में इजाफा करते हुए आंकड़ा दो तक पहुंचा लिया है। कोरबा विधानसभा सीट पर पहली बार 2 8 में पहला चुनाव हुआ था। तब से लेकर 218 के चुनाव तक जिले में भाजपा 1-3 के आंकड़े से ही संतोष कर रही थी। इस बार जहां यह सियासी समीकरण बदला है। वहीं कांग्रेस के अभेद किले कोरबा सीट पर भी सेंध लगाने में भाजपा कामयाब रही है।

# गेवरा, दीपका व कुसमुंडा परियोजना लक्ष्य से पीछे

### एसईसीएल को 197 मिलियन टन कोयला उत्पादन का मिला लक्ष्य



**कोरबा,** 04 दिसंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल को सालाना 197 मिलियन टन कोयला उत्पादन का टारगेट दिया गया है। इस लक्ष्य का अधिकांश कोयला जिले की तीनों मेगा परियोजना गेवरा दीपका और कुसमुंडा से खनन किया जाना है। वित्तीय वर्ष के आठ माह में तीनों ही मेगा परियोजना लक्ष्य से पीछे चल रही है।

कोयला उत्पादन में मेगा परियोजनाओं के पिछड़ने से एसईसीएल मुख्यालय के अफसर चिंतित हैं। स्थानीय प्रबंधन पर जमीन से संबंधित समस्या का हल निकालने दबाव है। विस्तार में देरी हो रही है। कोयला उत्पादन को लेकर मेगा परियोजनाओं की स्थिति एसईसीएल के लिए संतोषजनक नहीं है। मेगा परियोजनाओं में उत्पादन में पिछड़ता जा रहा है। इसका असर रोजाना कोयला खनन के लक्ष्य पर पड़ रहा है। मंजिल तक पहुंचने के लिए एसईसीएल की मेगा परियोजनाओं के प्रबंधन पर रोजाना भारी भरकम कोयला खनन का दबाव है। वर्तमान साधन संसाधन के बूते यह राह मुश्किल दिखाई दे रही है। चालू वित्तीय वर्ष में कुसमुंडा प्रबंधन के समक्ष 50 मिलीयन टन कोयला उत्पादन की चुनौती है। यहां तक पहुंचने के लिए प्रबंधन लगातार प्रयास कर रहा है। मगर बड़ी मुश्किल 1.60 लाख टन से लेकर 1.70 लाख टन कोयला बाहर निकल पा रहा है इधर नवंबर का महीना एसईसीएल के लिए संतोषजनक रहा है। नवंबर में कंपनी ने 14.76 मिलीयन टन कोयला उत्पादन किया है। इसमें मेगा प्रोजेक्ट गेवरा का योगदान सबसे अधिक है। कुसमुंडा और दीपका बदौलत एसईसीएल 14 मिलीयन टन तक पहुंचा है। इससे स्थानीय प्रबंधन के साथ-साथ कोयला कंपनी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

### विस्तार में बनी हुई है चुनौती

वर्तमान में दीपका खदान का विस्तार ग्राम मलगांव की ओर हो रहा है। खदान गांव की बस्ती तक पहुंच गया। यहां से आगे नहीं बढ़ सक रहा है। इसकी बड़ी वजह स्थानीय लोगों का बढ़ता विरोध है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रबंधन ने खदान विस्तार के लिए उनकी गांव की जमीन का अधिग्रहण किया है। प्रबंधन ने जमीन बदले पात्र लोगों को कंपनी में स्थाई नौकरी, बसाहट और पुनर्वास देने का वादा किया था। अस्थाई रोजगार का भरोसा दिया था। मगर अभी तक कंपनी ने अपना वादा पूरा नहीं किया है।

### कोयला उत्पादन पर पड़ रहा असर

एसईसीएल प्रबंधन ने दीपका खदान से चालू वित्तीय वर्ष में 4 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा है। दिसंबर चालू हो गया है। मगर उत्पादन 18.39 मिलियन टन हुआ है। जबकि अभी तक 22.21 मिलियन टन कोयला खनन किया जाना था। जमीन नहीं मिलने से दीपका प्रबंधन कोयला खनन के रोजाना लक्ष्य को पूरा नहीं कर सक रहा है। लक्ष्य तक पहुंचने के लिए दीपका प्रबंधन को रोजाना एक लाख 35 हजार टन कोयला बाहर निकालने की जरुरत है। मगर बड़ी मुश्किल से 75 हजार टन कोयला उत्पादन हो रहा है।

## सांस्कृतिक भवन के सामने से ट्रक की चोरी

**कोरबा,** 04 दिसंबर (देशबन्धु)। कोरबा में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। क्राइम कंट्रोल को लेकर लगातार मीटिंग और निर्देश का सिलसिला चल रहा है और इसके ठीक उल्टे शहरी क्षेत्र में आपराधिक तत्व अपने कारनामों को अंजाम देने में लगे हुए हैं। सीएसईबी पुलिस चौकी इलाके के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय सांस्कृतिक भवन के सामने खड़े ट्रक को चोर ने पार कर दिया। सीसीटीवी में उसकी हरकतें कैद हुई है। घटना को अंजाम देने के लिए जो तरीका अपनाया गया, उससे लगता है कि चोर को तकनीकी जानकारी थी। पुलिस को इस मामले से अवगत करा दिया गया है जिस पर जांच पड़ताल की जा रही है। वार्ड क्रमांक 13 परिवहन नगर का यह क्षेत्र सीएसईबी पुलिस चौकी के अंतर्गत आता है, जहां पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय सांस्कृतिक भवन के सामने से वाहन की चोरी की गई। रात्रि 10 के बाद इस घटना को अंजाम दिया गया। चोरी हुआ वाहन नेहरू नगर में रहने वाले मोहम्मद मंसूर अंसारी का बताया गया है। उसके पास दो ट्रक है इनमें से एक बाहर चल रहा है जबकि दूसरे वाहन को एक सप्ताह से घटनास्थल के सामने मुख्य मार्ग पर खड़ा किया गया था। बताया गया कि इस गाड़ी का ड्राइवर अवकाश पर गया हुआ है, इसलिए वहां को यहां पर रखा गया था। एक दिन पहले कल्चरल हाल का कामकाज देखने वाले व्यक्ति ने कार्यक्रम होने का हवाला देकर वहां यहां से हटाने को कहा था जिस पर व्यवस्था की जा रही थी। इससे पहले ही रात्रि को वाहन की चोरी हो गई।

### घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

कोरबा,`4 दिसंबर (देशबन्धु)। मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत आरएसएस नगर में चोरों ने आवास के सामने खड़ी एक्टिवा को पार कर दिया। एक्टिवा क्रमांक सीजी 12 एएच 797 चंदन राय की है, जो चोरी कर ली गई। जानकारी के अनुसार एसईसीएल की शहीद भगत सिंह कालोनी के आवास क्रमांक 1 बी/3 निवासी चंदन के परिचित आरएसएस नगर में निवासरत है। रात्रि 9 बजे के आसपास एक्टिवा को यहां से चोरी कर लिया गया। आसपास में तलाशने के बाद कोई नतीजे नहीं मिले। जिसके बाद स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया है।

# छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के रद्द होने से यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी

### टिकट के लिए करनी होगी मशक्कत



कोरबा, 04 दिसंबर (देशबन्धु)। अमृतसर से बिलासपुर आने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस आने वाले दिनों में कई दिनों तक रद्द रहने वाली है। ऐसे में बिलासपुर कोरबा स्पेशल पैसेंजर भी इसके जद में रहेगी। इससे यात्रियों की परेशानी बढना तय है।

रेलवे प्रशासन द्वारा जब कभी भी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को रद्द किया जाता है तब तब बिलासपुर से सुबह कोरबा आने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ जाती है। ऐसी ही समस्या इस माह के साथ ही नए साल में आने वाली है। बिलासपुर से सुबह कोरबा आने वाले यात्रियों की संख्या बहुत अधिक होती है। बावजूद इसके रेलवे की ओर से पैसेंजर ट्रेन को भी दायरे में ले लिया जाता है। गाड़ी संख्या 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के रद्द होने के साथ ही गाड़ी संख्या 08210 बिलासपुर-कोरबा स्पेशल पैसेंजर को भी बंद करना पड़ जाता है। क्योंकि छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का रैक ही बिलासपुर से कोरबा के बीच स्पेशल पैसेंजर बनकर चलता है। बिलासपुर से सुबह 7.30 बजे स्पेशल पैसेंजर बनकर पहले गेवरारोड अब कोरबा तक आती है।

### कोयला परिवहन पर असर नहीं

24 घंटे में सिर्फ एक जोड़ी मेमू पैसेंजर, वह भी महज 1 किलोमीटर तक की सुविधा देने वाला छत्तीसगढ़ ही नहीं वरन देश के अन्य राज्यों में एक मात्र स्टेशन होगा। यह इसलिए बता रहे हैं कि इस स्टेशन से प्रतिदिन 4 मालगाड़ी कोयला लेकर अपने प्रदेश के साथ अन्य राज्यों के संयंत्रों को जाती हैं। यही नहीं, इतनी ही संख्या में खाली मालगाड़ी इस स्टेशन से होकर खदानों से निकलने वाला कोयला लेने साइडिंग तक पहुंचती हैं।

# सहज-सरलता बनी जीत की वजह

## भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाई



**कोरबा,** 04 दिसंबर (देशबन्धु)। कोरबा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी की जीत को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही है लेकिन इसमें सबसे बड़ी भूमिका उनकी सहजता व सरलता रही। इसके अलावा पार्टी के पदाधिकारियों एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की मेहनत ने भी रंग जमाया और शायद इसी वजह से इतनी बड़ी जीत मिली है।

इसके बाद शहर में चर्चा चल रही है कि एकतरफा जीत मिलने के पीछे प्रमुख कारण भाजपा हाईकमान द्वारा प्रत्याशी चयन रहा। चुनाव परिणाम आने के बाद शहर में इस बात को लेकर चर्चा सरगर्म है कि आखिरकार 3 बार के विधायक एवं प्रदेश के दबंग मंत्री रहे जयसिंह अग्रवाल को इतनी बड़े अंतर से पराजय क्यों मिली? हालांकि लखनलाल देवांगन को भाजपा हाईकमान ने दो माह पूर्व यहां से टिकट फायनल कर दिया था तभी से इस बात को लेकर चर्चा चल रही थी कि इस चुनाव में मुकाबला काफी रोचक रहेगा और जीत-हार को लेकर किसी तरह के दावे नहीं किए जा रहे थे। इसमें भाजपा व कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल थे जो यह दावा कर रहे थे कि इस बार चुनाव में मुकाबला काफी कांटे का रहेगा। वहीं दूसरी ओर लखनलाल देवांगन को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद भाजपाईयों में बूथ से लेकर जिला स्तर के पदाधिकारियों में एक नए उत्साह का संचार हुआ। पिछले 15 वर्षों से हार की दंश झेल रहे भाजपाई भी एकजुट हो गए। जानकारों का कहना है कि पिछले अन्य चुनावों की भरपाई भाजपा प्रत्याशी ने कर दिया है क्योंकि जीत का आंकड़ा 25 हजार से भी अधिक है।

### जनता के साथ कार्यकर्ताओं का आभार

विधायक बनने के बाद लखनलाल देवांगन ने पहली प्रतिक्रिया जारी करते हुए कहा कि इस जीत के पीछे कार्यकर्ताओं की बड़ी भूमिका तो रही है लेकिन जिस तरह से पूरे क्षेत्र की जनता ने आशीर्वाद दिया है उसका स्वागत है क्योंकि पूर्व में भाजपा को विधानसभा चुनाव के दौरान कभी भी इस तरह का सहयोग नहीं मिला है। इसी वजह से यह जीत काफी मायने रखती है। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं सहित बूथ लेवल के कार्यकर्ताओं ने अपनी क्षमता से अधिक कार्य किया जिसकी वजह से आज मैं इस स्थिति तक पहुंचा हूं।

### अंतरक्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी शुरू

**कोरबा**, 04 दिसंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल गेवरा में अंतरक्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए प्रबंधन ने तैयारी शुरू कर दी है। यह प्रतियोगिता इसी माह से शुरू होगी। जिसमें सभी एरिया के खिलाड़ियों को बुलाया जाएगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए आज जेसीसी की बैठक बुलायी गई। बैठक में गोपाल यादव, डीके मिश्रा, रेशमलाल यादव, दीपक उपाध्याय, एलपी अघरिया, प्रीतम राठौर ने अपने विचार रखे। इस सुझाव के बाद प्रबंधन ने तैयारी शुरू कर दी है।

# सौर परियोजनाओं को विकसित करने एसईसीएल ने बनाई योजना

### कुसमुंडा एरिया में लगाया गया सोलर पैनल



**कोरबा,** 04 दिसंबर (देशबन्धु)। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी एसईसीएल ने सौर परियोजनाओं को विकसित करने की योजना बनाई है। व्यवसाय का विस्तार और विविधता लाने यह नेट जीरो एनर्जी लक्ष्य हासिल करने की कंपनी की रणनीति का हिस्सा है। इसके तहत कोरबा जिले के कुसमुंडा क्षेत्र में 200 किलोवाट क्षमता की रूफ टॉप सौर परियोजना शुरू की गई है। परियोजना के अंतर्गत वर्कशॉप में सोलर पैनल लगाए गए हैं।

दुनिया की सबसे बड़ी कोयला कंपनी कोल इंडिया ने 2026 तक 3 हजार मेगावाट क्षमता की नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित कर नेट जीरो का महत्वकांक्षी लक्ष्य रखा है। कंपनी के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने व सतत विकास को बढ़ावा देने व्यापक योजना तैयार की गई है। इस कड़ी में हाल ही में जोहिला, जमुना कोतमा और कुसमुंडा क्षेत्रों में 580 किलोवाट क्षमता की रूफ टॉप सौर परियोजनाएं शुरू की गई हैं। कुसमुंडा क्षेत्र में कमीशन की गई परियोजना की क्षमता लगभग 200 किलोवाट पिक है। इसके अलावा जोहिला परियोजना की क्षमता लगभग 280 किलोवाट पिक है। यह पूरी कंपनी में सबसे अधिक रूफ टॉप सौर परियोजना है। परियोजना के अंतर्गत प्रशासनिक भवन जीएम कार्यालय, एसईसीएल में संचालित केन्द्रीय विद्यालय, क्षेत्रीय अस्पताल पर क्षेत्र के गेस्ट हाउस में सोलर पैनल लगाए गए हैं। यह परियोजना पूरे वर्ष में लगभग 4 लाख 20 हजार यूनिट बिजली पैदा करेगी जिससे सालाना बिजली व्यय में लगभग 21 लाख रुपए की बचत होगी। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में फैले इसके संचालन क्षेत्रों में 180 मेगावाट से अधिक की सौर ऊर्जा परियोजनाएं पहले से ही विकास के विभिन्न चरणों में हैं। इस फेहरिस्त में जोहिला, जमुना-कोतमा और कुसमुंडा क्षेत्रों में 580 किलोवाट क्षमता की रूफ टॉप सौर परियोजनाएं जुड़ गई हैं।

### अन्य परियोजनाओं में भी आकार ले रही योजना

ग्रीन एनर्जी कार्यान्वयन के तहत सबसे बड़ी दो सौर परियोजनाएं 4 मेगावाट क्षमता की हैं. राज्य के आदिवासी बाहुल्य सरगुजा क्षेत्र के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में स्थित भटगांव व विश्रामपुर क्षेत्रों में कंपनी द्वारा खुद की अपनी जमीन पर 4 मेगावाट का ग्राउंड माउंटेड ग्रिड कनेक्टेड सोलर पीवी प्लांट विकसित किया जा रहा है। परियोजना कार्यान्वयन चरण में है और इस वित्तीय वर्ष में चालू होने की उम्मीद है।

## सार-संक्षेप

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 6 को होगी आयोजित

**बलरामपुर** 04 दिसम्बर (देशबन्धु)। संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 06 दिसम्बर 2023 दिन बुधवार को दोपहर 12:00 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में ब्लेक स्पॉट का नये सिरे से सर्वेक्षण एवं चिन्हांकित कर सुधार, खराब एवं गड्ढे युक्त सड़कों को मरम्मत, सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को पहचानना और उसका अध्ययन, मोटर व्हेकिल एक्ट का उल्लंघन करने पर कार्यवाही हेतु निर्देश, जिले में निर्माणाधीन सड़क में प्रगति लाकर जल्द से जल्द पूर्ण करने, दुर्घटना वाले क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा प्रदान करने व दुर्घटना ग्रस्त क्षेत्र में सांकेतिक बोर्ड एवं रेडियम लगाने, ड्रायविंग लायसेंस निलंबन/निरस्तीकरण, स्कूलों में सड़क सुरक्षा जागरूकता शिक्षा का क्रियान्वयन, जिले में आवारा पशुओं को सड़क मार्ग से हटाने की व्यवस्था तथा कार्यवाही व पिछली बैठक को दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन एवं अध्यक्ष महोदय द्वारा अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। कलेक्टर श्री एक्का ने समिति के सदस्यों को निर्धारित तिथि व समय में एजेण्डा बिंदु की जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन प्रक्रियाओं की तिथि निर्धारित

**बलरामपुर** 04 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी, जो आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) की पात्रता रखते हैं, उनके लिए शिक्षा सत्र 2023-24 में छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अन्तर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं को प्रस्ताव स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने हेतु 28 नवम्बर से 30 दिसम्बर 2023, ड्राफ्ट प्रस्ताव लॉक करने हेतु 15 दिसम्बर से 20 जनवरी 2024, स्वीकृति आदेश लॉक करने हेतु 15 दिसम्बर से 24 जनवरी 2024 तक अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् उक्त पाठ्यक्रमों हेतु शिक्षा सत्र 2023-24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जायेगा एवं ड्राफ्ट प्रपोजल, सेक्शन ऑर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### जिले के अधिकारीगण सारबिला कैरियर अकादमी में देंगे प्रेरणा

**सारंगढ़** 04 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में सारंगढ़, बरमकेला और भटगांव में



निरंतर संचालित सारबिला कैरियर अकादमी के अभ्यर्थियों को जिले के प्रशासनिक अधिकारीगण कैरियर के संबंध में प्रेरणा (मोटिवेशन) देंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी 5 दिसंबर को सेजेस स्कूल सारंगढ़ में, एसडीएम मोनिका वर्मा बरमकेला में और कोमल साहू भटगांव में अकादमी के युवाओं को प्रेरित करेंगे। उल्लेखनीय है कि सारबिला कैरियर अकादमी में व्यापमं, सीजीपीएससी सहित मेडिकल-डॉक्टरी (नीट) और इंजीनियर (जेईई) की परीक्षाओं में चयनित होने के लिए तैयारी कराई जाती है।

# जिले में शांतिपूर्ण मतगणना संपन्न होने पर कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने किया आभार व्यक्त





**मनेन्द्रगढ़** 04 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले में शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना के साथ ही विधानसभा निर्वाचन संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र दुग्गा एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने जिले में निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों कर्मचारियों सहित आम नागरिकों सुरक्षा बलों मीडिया कर्मियों राजनैतिक दलों सहित जिले वासियों का आभार व्यक्त किया है।

कलेक्टर श्री दुग्गा ने विधानसभा निर्वाचन की मतगणना कार्य से संबद्ध प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों जिला अधिकारी और कर्मचारियों के सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी शासकीय कर्मियों की सच्ची लगन, निष्ठा और कड़ी मेहनत की वजह से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान और मतगणना का कार्य संपन्न हुआ। वहीं सुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया। साथ ही चिकित्सकों ने भी सराहनीय कार्य किया है। जिले के नागरिकों ने पूरे सहयोग के साथ मतदान करने सहित निर्वाचन व्यवस्थाओं में भी शानदार सहभागिता निभाई। मतदान में हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महायज्ञ में पूर्णाहुति दी। साथ ही नए मतदाताओं ने भी पहली बार मताधिकार का प्रयोग करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों ने भी उमंग और उत्साह से मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने स्वीप गतिविधियों को समाचारों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने में रचनात्मक भूमिका निभाई।

# मेरी जीत क्षेत्र की जनता की जीत - भूलन सिंह

### प्रेमनगर में विकास की असीम संभावनाएं, करेंगे हर प्रयास



**सूरजपुर** 04 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि मेरी यह जीत पूरे प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र की जनता की जीत है। अब तक के इतिहास में प्रेमनगर से सर्वाधिक मतों से जीत का यहां रिकॉर्ड बना है।जनता के इस प्यार के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

नवनिर्वाचित विधायक भूलन सिंह ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। यह जनादेश हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और उन पर जनता के विश्वास का जनादेश है। इस चुनाव में देश के गृह मंत्री अमित शाह का मार्गदर्शन मिलता रहा। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव व पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं और विशेषकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बदौलत हमें 33291 हजार से यह भारी जीत मिली है। यह जीत बताती है कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार से कितनी त्रस्त थी। उन्होंने विश्वास जताने के लिए जनता जनार्दन का धन्यवाद किया है और विश्वास दिलाया है कि वे क्षेत्र के विकास व जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि सरकार के गठन के साथ ही क्षेत्र में विकास की शुरुआत होगी और लोगों की समस्याओं के समाधान की दिशा में काम शुरू होंगे। पिछले पांच साल में क्षेत्र के विकास के जो काम रूके हुए थे ,उन्हें शुरू कराकर तेजी से पूरा कराने के प्रयास होंगे। प्रेमनगर में विकास की असीम संभावनाएं हैं। क्षेत्र के प्रबुद्धजनों से मिलकर विकास की नई योजनाएं तैयार की जाएंगी।

# पार्टी की एकजुटता और लोगों का भरोसा बना ओपी की बड़ी जीत



### बड़ा आदमी बनाने की जिम्मेदारी पार्टी हाईकमान की- विजय अग्रवाल

**रायगढ़** 04 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में जहां राजधानी रायपुर की एक सीट से बृजमोहन ने सबसे बड़ी जीत हासिल करके सभी को चैका दिया है वहीं रायगढ़ विधानसभा सीट से ओपी चैधरी ने भी बड़ी जीत हासिल करके छत्तीसगढ़ में दूसरी बड़ी फतह पाई है।

विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होनें से पहले रायगढ़ शहर में ओपी चैधरी की जीत को लेकर बैनर पोस्टर देर रात से ही लगा दिये गए थे और उनके समर्थकों में मतदान के बाद से ही खासा उत्साह देखा जा रहा था। अब रायगढ़ विधानसभा सीट पर पूर्व आईएएस अधिकारी ओपी चैधरी की रिकार्ड मतों से जीत के पीछे रायगढ़ के पूर्व विधायक विजय अग्रवाल का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। पार्टी ने उन्हें इस चुनाव का न केवल प्रभारी बनाया था बल्कि उन्हें इस बात की भी जिम्मेदारी सौंपी गई थी कि ओपी चैधरी के चुनाव में पूरी एकजुटता के साथ काम करके उन्हें जीताकर विधानसभा भेजना है।

जिले की तीन विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत के बाद अकेले रायगढ़ विधानसभा से भाजपा की जीत पर पूर्व विधायक का कहना था कि कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जनता के बीच ओपी चैधरी यूथ आईकॉन के नाम से जाने जाते हैं और पार्टी पूरी एकजुटता के साथ उनको जीताने के लिये जुटी हुई थी और उसी का नतीजा है कि यह बड़ी जीत मिली। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने जनता से जो अपील की थी कि वे उनको जीताये और बड़ा आदमी बनाने की जिम्मेदारी उनकी के सवाल पर विजय अग्रवाल का कहना था कि पार्टी की अपनी रणनीति का यह हिस्सा था और रायगढ़ की जनता भी चाहती है कि ओपी चैधरी को बडा दायित्व मिले और यह बड़ा दायित्व होगा यह पार्टी हाईकमान पर निर्भर है।

## श्यामबिहारी की जीत पर निकला विजय जुलुस

**मनेन्द्रगढ़** 04 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में मनेन्द्रगढ़ विधानसभा से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी श्यामबिहारी जायसवाल की ऐतिहासिक जीत के बाद वार्ड नं 09 की पूर्व पार्षद उर्मिला जायसवाल के नेतृत्व में विजय जुलूस निकाला गया साथ ही वार्ड के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया गया। विधानसभा चुनाव 2023 के तहत 17 नवम्बर को क्षेत्र की जनता ने मतदान किया जिसके बाद 3 दिसम्बर को मतगणना हुई जिसमे भाजपा के प्रत्याशी श्यामबिहारी जायसवाल ने शुरू से बढ़त बनाये रखी और अंत मे कांग्रेस के रमेश सिंह से 11880 मतों के अंतर से विजयी हुए। श्यामबिहारी की जीत के बाद वार्ड नं 09 की पूर्व पार्षद उर्मिला जायसवाल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओबीसी राम धुन जायसवाल, दिनेश्वर मिश्रा, वीरेंद्र यादव, जयंती लाल यादव, हरि मिश्रा, अवधेश सिंह, रुकमणी कश्यप, रवि जायसवाल, रीना बर्मन, पूजा पटेल के साथ वार्ड वासियों ने विजय जुलूस निकालकर जश्न मनाया साथ ही जनता द्वारा दिये गये जनादेश के लिये सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया गया।

**मतदाताओं का किया गया आभार व्यक्त**



# टक्कर के बाद घर में घुसा खड़ा ट्रेलर, बाल-बाल बचे लोग



**रायगढ़** 04 दिसंबर (देशबन्धु)। तमनार क्षेत्र के ग्राम पंचायत हमीरपुर में बीती रात मुख्य मार्ग पर सडक किनारे खड़ी ट्रेलर को दूसरे ट्रेलर के द्वारा ठोकर मारे जाने के कारण खड़ी ट्रेलर रिहायशी मकान में घुस गई। इस घटना में घर में मौजूद लोग बाल-बाल बचे हैं। वहीं ठोकर मारने वाले ट्रेलर का चालक भी इस घटना में घायल हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार तमनार के ग्राम पंचायत हमीरपुर मे बीती रात हीरा बारिक के घर के सामने वाहन न ओ डी 23बी 8272 को हीरा बारिक के ड्राईवर सुभाष परजा ने रात्री 11 बजे खड़ा कर भोजन करने गया था। 12 रात को अचानक तेज आवाज ट्रेलर का सुनाई दिया। सुरेश माझी ने जोर से पुकारा की ट्रेलर घर में घुस रहा है हीरा बाहर निकलो तभी घर के लोग बाहर निकलकर देखा तो एक ट्रेलर वाहन न ओ डी 16 के 9454 ने घर के सामने रोड में खड़े वाहन को ठोकर मारकर घर के बरामदा को चीरते खड़ा था ड्राइवर बेहोश था मुंह से खून निकल रहा था जो अपने सीट पर दब गया था उसे आसपास के लोगो की सहयोग से निकाला गया। फिर 112 को डायल कर तमनार पीएससी ईलाज हेतु भेजा गया। वाहन मालिक को फोन में सुचना दी गई। यह बहुत बड़ा दुर्घटना होते होते टल गया घर में सबलोग सो रहे थे। रात का समय होने से मुख्य मार्ग होने के कारण हर समय भारी वाहनों का एवम आम नागरिको का आना जाना रहता है। हमारे क्षेत्र में आए दिन इस प्रकार के घटना को अंजाम दे रहे हैं। रात को नशे की हालत में तेज रफ्तार से वाहन चलाते है। हम रोड़ किनारे घर वालों को हमेशा भय के साए मे जीना पड़ रहा है।

# नाबालिग लड़कियों को काम दिलाने के बहाने महानगर लेकर जा रहे 3 गिरफ्तार

**रायगढ़** 04 दिसंबर (देशबन्धु)। एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के नेतृत्व पर कापू और धरमजयगढ़ पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर मानव तस्करी गिरोह का खुलासा करते हुए 4 नाबालिग लड़कियों को आरोपियों के चंगुल से मुक्त कराकर उनके परिवारजन को सौंपा गया है। इस मामले में कापू पुलिस ने 3 आरोपियों को अपहरण और मानव तस्करी की संगीन धाराओं में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है।

विदित हो कि जिले के धरमजयगढ़ और लैलूंगा तहसील के कुछ गांव से युवक युवतियों एवं नाबालिकों को महानगरों में अच्छा काम दिलाने के बहाने प्लेसमेंट एजेंसियो के हवाले किये जाने की घटनाएं पूर्व में आती रही है जिन पर प्रशासन व पुलिस द्वारा कार्यवाही से इन घटनाओं पर अंकुश लगाया गया जिसमें पुलिस के आपरेशन मुस्कान की अहम योगदान रहा है। साथ ही पुलिस समय-समय पर गांव-गांव में जन चैपाल एवं चलित थाना जैसे कार्यक्रम कर ग्रामीणों को जागरुक कर रही है कि ऐसे प्रलोभन में ना आये और ऐसी कोई भी सूचना तत्काल नजदीकी थाने को दिया जावे। इसी क्रम में थाना प्रभारी कापू निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम को गत दिनों ग्रामीणों से सूचना मिली कि ग्राम पारेमेर का पुनाराम यादव, दुर्जन यादव और पुनाराम का लड़का खीरो सागर कुछ गांव में लड़के-लड़कियों को महानगरों में अच्छा काम दिलाने को लेकर चर्चा किया गया है।

थाना प्रभारी द्वारा ग्रामीणों को उनके झांसे में ना आकर पुनाराम और उनके साथियों पर निगाह रखने कहते हुए उच्च अधिकारियों को जानकारी से अवगत कराया गया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा को अनुविभाग के थानों की टीम बनाकर संदेहियों को तत्काल हिरासत में लेकर विधि अनुरूप कार्यवाही का निर्देश दिया गया। इसी बीच 30 नवंबर के सुबह थाना प्रभारी कापू को पुनाराम यादव और उसके साथियों द्वारा क्षेत्र की 4 नाबालिक लड़कियों को काम दिलाने के बहाने बहला-फुसलाकर लाकर गांव से ले जाने की सूचना प्राप्त हुई। थाना प्रभारी द्वारा आरोपियों पर अपहरण एवं मानव तस्करी की धाराओं के तहत अपराध कायम कर तत्काल थाना प्रभारी कापू द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर अंतराल के थाने धरमजयगढ़, पत्थलगांव, घरघोड़ा, छाल, लैलूंगा, चैकी रैरूमाखुर्द को नाबालिक लड़कियों एवं संदेहियों की जानकारी देकर पतासाजी हेतु कहा गया।

**अपहरण व मानव तस्करी की संगीन धाराओं में गिरफ्तार कर भेजा गया जेल**



थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक अमित तिवारी द्वारा अपने थाने की टीम के साथ तत्काल धरमजयगढ़ बस स्टैंड पहुंचे । जहां 3 व्यक्तियों के साथ 4 नाबालिक लड़कियां बस का इंतजार करते मिली जिन पर संदेह होने से थाना प्रभारियों द्वारा तीनों व्यक्यिों से पूछताछ किया गया जिनका जवाब संतोषजनक प्राप्त नहीं होने पर महिला कांस्टेबल द्वारा लड़कियों को अपने विश्वास में लेकर पूछताछ करने पर लड़कियों ने बताया कि वे तीन व्यक्ति उन्हें काम दिलाने के लिए बस से रायगढ़ और रायगढ़ से दूसरे शहर लेकर जा रहे हैं । थाना प्रभारी धरमजयगढ़ द्वारा थाना प्रभारी कापू को संदेहियों को हिरासत में लिये जाने की जानकारी साझा करने पर थाना प्रभारी कापू द्वारा गवाहों एवं बालिकों के परिजनों के समक्ष बालिकाओं को दस्तयाब कर उनके उम्र संबंधी दस्तावेजों की जांच किया जिसमें सभी लड़कियां नाबालिक पाई गई जिन्हें उनके परिजनों की सहमति के बिना आरोपियों द्वारा बहला-फुसलाकर अन्यत्र स्थान ले जाना पाया गया। थाना प्रभारी कापू द्वारा अपहरण एवं मानव तस्करी के अपराध में तीनों आरोपी दुर्जन यादव पिता भुवन यादव उम्र 40 साल, खीरोसागर यादव पिता पुनाराम यादव उम्र 25 साल , पुनाराम यादव पिता स्वर्गीय मुनू राम यादव 50 साल सभी निवासी पारेमेर थाना कापू जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## लड़की का अपहरण कर फिरौती मांगने के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

**जांजगीर**, 04 दिसम्बर (देशबन्धु)। टेलर दुकान जाने के लिए घर से निकली लड़की का अपहरण कर 30 लाख रुपए फिरौती मांगने के मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश जांजगीर ने आरोपी को आजीवन कारावास और एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

जांजगीर के लोक अभियोजक राजेश पाण्डेय के मुताबिक, भाठापारा जांजगीर निवासी अजय दास ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी लड़की 24 सितंबर 2021 को दोपहर 12 बजे टेलर दुकान जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। इस बीच 2 अक्टूबर 2021 को अजय दास के मोबाइल में एक मैसेज आया, जिसमें लापता लड़की उसके पास होने और वापसी के लिए 30 लाख रुपए की मांग की गई थी। पुलिस




ने साइबर सेल की मदद से पुलिस ने आरोपी अल्ताफ उर्फ राजा खान निवासी जिला नरसिंहपुर मप्र थाना सुआतला से गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश जांजगीर ने आरोपी अल्ताफ उर्फ राजा खान धारा 364 के तहत आजीवन कठोर कारावास व एक लाख रुपए अर्थदंड तथा धारा 365 के तहत पांच साल का कठोर कारावास व 20 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। मामले में लोक अभियोजक राजेश पाण्डेय ने पैरवी की।

## ट्रक ने स्कूटी सवार युवती को कुचला मौके पर ही हुई मौत

**जांजगीर**, 04 दिसम्बर (देशबन्धु)। जांजगीर के नेताजी चौक के पास नैला रोड में ट्रक ने स्कूटी सवार युवती को कुचल दिया. हादसे में युवती की मौके पर ही मौत ही गई. हादसा सीसी टीव्ही में कैद हुआ है। घटना के बाद ड्राइवर फरार हो गया है. पुलिस ने घटनाकरित ट्रक को कब्जे में ले लिया है और जुर्म दर्ज कर फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, नैला की 28 वर्षीय युवती खुशी जैन, स्कूटी से नेताजी चौक की ओर जा रही थी, तभी पीछे से ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में युवती की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सीसी टीव्ही में कैद हुई है। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मामले में आरोपी ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सीएमएचओ ने सर्वाइकल कैंसर के लक्षण व उसके बचाव के संबंध में दी जानकारी

**रायगढ़**, 04 दिसम्बर (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.एन.मंडावी ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली सबसे गंभीर समस्या है जो महिलाओं में कैंसर से होने वाली मौंतो का प्रमुख कारण है। सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा के अस्तर में असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि है। गर्भाशय ग्रीवा महिला प्रजनन प्रणाली का हिस्सा है और गर्भ के निचले हिस्से में स्थित है, जो गर्भ से योनि तक खुलती है। इस कैंसर को बच्चेदानी के कैंसर के नाम से भी जाना जाता है। ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) संक्रमण के कारण होते है। एचपीवी वायरस का एक समूह है। जो दुनिया भर में बेहद आम है।

सर्वाइकल कैंसर के सबसे आम लक्षण और शुरूवाती संकेत है जैसे-पीरियड्स के बीच ब्लीडिंग, संभोग के बाद खून, मैनोपोज के बाद खून बहना, संभोग के दौरान बैचेनी या खून आना, तेज गंध के साथ योनि से स्त्राव, रक्त के साथ योनि से स्त्राव, यूरिन करते समय दर्द महसूस होना।



सर्वाइकल कैंसर से बचाव- नियमित रूप से कराएं पैप जांच अगर आप खुद को सर्वाइकल कैंसर से बचाना चाहते है, तो इसके लिये बेहद जरूरी है कि नियमित रूप से पैप जांच कराएं पैप जांच की मदद से आप गर्भाशय ग्रीवा में होने वाली असामान्यताओं का पता लगा पाएंगी। साथ ही इस बारे में अपने डॉक्टर से संपर्क कर कब और किस उम्र में इस टेस्ट को कराना चाहिये। धूम्रपान करने से बचे, जिन महिलाओं की धूम्रपान करने की आदत होती है उनमें इस बीमारी का खतरा और भी बढ़ जाता है कि तंबाकू या उनके उत्पाद के सेवन से सर्विक्स कोशिकाओ के डीएनए को नुकसान पहुंचाते है, जो सर्वाइकल कैंसर में बदल सकता है। इसलिए धूम्रपान से दूरी बनायें रखें। एचपीवी के खिलाफ लगाएं टीका, एचपीवी के कई प्रकार है जिनमें से कुछ उच्च जोखिम वाले प्रकार पाये जाते है। दो एचपीवी प्रकार (16 और 18) 70 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर और कैंसर से पहले के सर्वाइकल घावों का कारण बनते है। एचपीवी को गुदा, योनी, लिंग और ऑरोफरीनक्स के कैंसर से जोडने् के प्रमाण भी है, इस बारे में ज्यादा जानकारी के लिये अपने डॉक्टर से बचाव के लिये एचपीवी के खिलाफ टीका जरूर लगवाएं। सुरक्षित यौन संबंध का विशेष ध्यान रखें जिससे आप इस गंभीर बीमारी से खुद को काफी हद तक बचा सकते है।

## भगवान राम के किरदार को निभाना बड़ी जिम्मेदारी : सुजय रेउ


**मुंबई।** एक्टर सुजय रेउ, जो अपकमिंग शो 'श्रीमद रामायण' में भगवान राम का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं, ने कहा कि ऐसे अत्यधिक पूजे जाने वाले भगवान का किरदार निभाना सिर्फ एक भूमिका नहीं है, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। भगवान राम को वीरता और सदाचार का अवतार माना जाता है। यह पौराणिक गाथा भारतीय परिवारों को एक प्राचीन आध्यात्मिक युग में ले जाने का वादा करती है जो आज भी प्रासंगिक संपूर्ण मूल्यों और जीवन पाठों पर प्रकाश डालती है। निर्माताओं ने महान भारतीय महाकाव्य का एक नया प्रोमो जारी किया है, जिसमें दर्शकों को 'मर्यादा पुरूषोत्तम' श्री राम से परिचित कराया गया है। उसी के बारे में बात करते हुए, सुजय ने कहा कि श्रीमद रामायण में यह अवसर पाकर मैं सम्मानित और उत्साहित महसूस कर रहा हूं।

# 2023 में डेंगू से सबसे अधिक मौतों वाले देशों में शामिल भारत

■ 20 देशों में डेंगू बुखार के 50 लाख मामले दर्ज ■ तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, दाने, गंभीर सिरदर्द और शरीर में दर्द शामिल

**नई दिल्ली,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारत इस साल सबसे अधिक डेंगू के मामलों और मौतों वाले शीर्ष 20 देशों में शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों की तुलना में 2023 में अधिक मामले दर्ज किये गये हैं।

एड एजेंसी 'सेव द चिल्ड्रेन' की रिपोर्ट से पता चला है कि इस साल नवंबर 2023 तक सबसे अधिक प्रभावित 20 देशों में डेंगू बुखार के 50 लाख मामले दर्ज किए गए – जो 2022 की तुलना में 30 प्रतिशत और 2019 के आंकड़ों से 18 फीसदी अधिक है।




इसमें यह भी पाया गया कि भारत सहित 20 देशों में डेंगू से कम से कम पांच हजार 500 लोग मारे गए जो 2022 से 32 प्रतिशत अधिक और 2019 की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौतों और मामलों की वास्तविक संख्या कहीं अधिक होने की संभावना है क्योंकि कई मामले रिपोर्ट नहीं किए गए हैं। बांग्लादेश ने, जिसमें वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक मौतें हुई थीं, 2023 में अब तक के सबसे खराब डेंगू बुखार के प्रकोप का सामना किया। जनवरी से तीन लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए, जो 2022 में बीमारी से पीड़ित 62 हजार लोगों की तुलना में एक बड़ी छलांग है।

इस प्रकोप के परिणामस्वरूप एक हजार 598 मौतें हुईं जो 2022 के मुकाबले पाँच गुना से अधिक हैं। इनमें 160 से अधिक बच्चे शामिल थे जिनमें से अधिकतर 10 वर्ष से कम उम्र के थे।

सेव द चिल्ड्रेन के एशिया के वरिष्ठ स्वास्थ्य और पोषण सलाहकार यासिर अराफात ने एक बयान में कहा कि पूरे एशिया में, चरम मौसम की घटनाओं ने 2023 को डेंगू से होने वाली मौतों के लिए एक विनाशकारी वर्ष बनाने में योगदान दिया है, जिससे बच्चों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बच्चे न केवल डेंगू के शिकार के रूप में प्रभावित होते हैं, बल्कि उनकी शिक्षा में व्यवधान, उन पर और उनके परिवार पर आर्थिक और भावनात्मक दबाव भी बढ़ता है। उनकी देखभाल करने वाले बीमारी से ग्रस्त हो जाते हैं और मर जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें डेंगू से लड़ने के लिए स्थानीय योजनाओं की आवश्यकता है – गांव और शहर स्तर पर – और समुदायों की भागीदारी के साथ मच्छरों पर नियंत्रण, बीमारी का निदान और उपचार एक सरकारी प्रयास होना चाहिए न कि केवल स्वास्थ्य विभागों का काम। चरम मौसम और जलवायु के झटकों का बेहतर अनुमान लगाने के लिए फंडिंग की जरूरत है ताकि सिर्फ संकट ही नहीं, जोखिम को भी प्रबंधित किया जा सके।

डेंगू बुखार एक वायरल संक्रमण है जो मच्छर के काटने से फैलता है और फ्लू जैसे लक्षण पैदा कर सकता है। इसमें तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, दाने, गंभीर सिरदर्द और शरीर में दर्द शामिल है।

सबसे गंभीर मामलों में यह डेंगू रक्तस्रावी बुखार या डेंगू शॉक सिंड्रोम में बदल सकता है, जो घातक हो सकता है। रिपोर्ट में डेंगू बुखार के प्रकोप में वृद्धि के लिए जलवायु संकट के साथ-साथ इस साल की अल नीनो घटना को जिम्मेदार ठहराया गया है। जुलाई में, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया कि डेंगू केवल दो दशकों में आठ गुना बढ़ गया है, जो वर्ष 2000 में लगभग पांच लाख मामलों से बढ़कर 2022 में 42 लाख से अधिक हो गया है।

## अनारकली सूट में सजने-संवरने की सुस्ती से छुटकारा पाने की जरुरत है : रक्षंदा खान

**मुंबई,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। 'नागिन', 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी', 'कसम से' और अन्य शो फेम एक्ट्रेस रक्षंदा खान ने आत्म खोज पर एक नोट लिखा और कहा कि खुद को आगे बढ़ाने और सच्ची क्षमता खोजने में कभी दुख नहीं होता। 2,53,000 फॉलोअर्स वाली रक्षंदा ने इंस्टाग्राम पर अपना एक रील वीडियो शेयर की, जिसमें वह ट्रेडिशनल आउटफिट में पोज देती हुई देखी जा सकती हैं।



उन्होंने ग्रीन कलर का अनारकली सूट पहना हुआ है, साथ में मैचिंग ज्वेलरी भी कैरी की हुई हैं और अपने बालों का बन बनाया हुआ है।

वीडियो के साथ, एक्ट्रेस ने लिखा कि जब आपके पास कोई पिक्चर नहीं होती है, और अपनी गैलरी को क्लीन करते समय आपको कई तस्वीरें ऐसी मिलती है, जिन्हें आपने पोस्ट नहीं की है! यह एहसास अनमोल होता है। मुझे लगता है कि मुझे सजने-संवरने की सुस्ती और किसी चीज को पोस्ट करने से पहले सोचने की आदत से छुटकारा पाने का एक तरीका ढूंढने की जरूरत है।

यह मैं हूं, मैं! मैं उन सुंदर कपड़ों में नहीं हूं जो मैं पहनती हूं, मैं उन सुंदर में मेकअप नहीं हूं जो मैं करती हूं। मैं अपना दिन बिखरे बाल, बिना मॉइस्चराइजर लगाए, पाजामे में घंटों आराम करते हुए बिताती हूं– मेकअप तो भूल ही जाइए। यह सब मैं ही हूं! लेकिन अपने आप को आलस्य से बाहर निकालने और अपनी वास्तविक क्षमता को खोजने में कोई हर्ज नहीं है। शायद अब खुद को ढूंढने के लिए यात्रा पर निकलने का समय आ गया है!उन्होंने इस पोस्ट में फिल्म 'धूम 3' के गाने 'मलंग' का म्यूजिक ऐड किया।

# बिहार में साइबर अपराधियों का बढ़ता दायरा

**पटना,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। बिहार में साइबर अपराधियों का दायरा बढ़ता जा रहा है। हालांकि पुलिस भी इसे लेकर अब सक्रिय है, जिसका प्रभाव भी दिखने लगा है। राज्य में 44 साइबर थाने खोले गए हैं, जिसके बाद साइबर अपराधों की संख्या भी बढ़ती नजर आ रही है।




वैसे, तो प्रदेश में आमतौर पर सभी जिलों से साइबर अपराध के मामले सामने आते हैं, लेकिन नालंदा और नवादा में इन अपराधियों की जड़ें अधिक गहरी होती जा रही हैं। आधिकारिक आंकड़ों पर गौर करें तो राज्य में साइबर अपराध के आरोप में 200 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें सबसे अधिक 50 लोग नालंदा जिले से गिरफ्तार हुए हैं तो 26 लोग नवादा जिले से गिरफ्तार हुए हैं। बताया जाता है कि आर्थिक अपराध इकाई के नेशनल क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के हेल्प लाइन नंबर पर फरवरी से अब तक 6.48 लाख से अधिक शिकायत आ चुकी है। जबकि इसकी मदद से 1543 प्राथमिकी दर्ज की गई है। साइबर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पूरे प्रदेश में 44 साइबर थाने खोले गए हैं। इन सभी थानों में 1800 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा, साइबर अपराधियों के चंगुल में जाने से 29 करोड़ 1 लाख रुपए से ज्यादा राशि को बचाया गया है। साइबर अपराध से जुड़े सात हजार से अधिक मोबाइल फोनों को ब्लॉक कर दिया गया है।

■ हेल्पलाइन में 9 महीने में आए करीब 6.50 लाख कॉल
■ साइबर अपराध के आरोप में 200 से अधिक आरोपी गिरफ्तार

## फिल्म अभिनेता मनोज बाजपेयी ने आने वाली फिल्म जोरम की कहानी को किया साझा

**ग्रेटर नोएडा,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। हिंदी फिल्मों के अभिनेता मनोज बाजपेयी आईआईएमटी कॉलेज में पहुंचे, वह अपनी आने वाली फिल्म जोरम के बारे में जानकारी साझा किया। उन्होंने छात्र और छात्राओं से बातचीत की और अब तक के अपने फिल्मी सफर के बारे में भी बताया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज समूह के प्रबंध निदेशक डॉ. मयंक अग्रवाल ने मनोज बाजपेयी का स्वागत किया। फिल्म में अपने रोल को लेकर अभिनेता ने कहा कि मैं जोरम को लेकर काफी उत्साहित हूं। फिल्म की शूटिंग के दौरान मैंने बहुत कुछ सीखा है और आशा करता हूं कि जो भी शख्स इस फिल्म को देखेगा वह इसे कुछ न कुछ सीखेगा जरूर। इस दौरान उन्होंने छात्रों के सवालों के जवाब दिए साथ ही छात्रों ने अभिनेता के संग सेल्फी ली। 8 दिसम्बर को रिलीज हो रही जोरम को लेकर मनोज ने कहा कि इस फिल्म में मैं एक तीन महीने की बच्ची के पिता की भूमिका निभा रहा हूं। जब छात्रों ने मनोज बाजपेयी से पूछा कि आप फिल्म का चुनाव कैसे करते हैं क्योंकि आपकी हर फिल्म दूसरी फिल्मों से अलग होती है। उन्होंने कहा कि मुझे टेढ़े किरदार की कहानी बहुत पसंद हैं, क्योंकि इस प्रकार के रोल मुझे हर बार कुछ नया करने का मौका देते हैं। कार्यक्रम के दौरान 'जोरम' फिल्म के डॉयरेक्टर देवाशीष मखीजा सहित फिल्म के दूसरे कलाकार भी मौजूद रहे। देवाशीष मखीजा ने मूवी के बारे में बताया कि इस फिल्म में सामाजिक असमानताओं, वनों में हो रही अवैध कटाई और आदिवासी समुदाय के साथ हो रहे अन्याय जैसे मुद्दों को बड़े ही शानदार तरीके से उठाया है। मेरी हमेशा से कोशिश रही है कि जायज़ और नाजायज़ जैसे विषय को जनता के सामने लाया जाए।





## लॉस एंजिल्स में एकेडमी म्यूजियम गाला में शामिल हुईं दीपिका पादुकोण



**मुंबई,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। दीपिका पादुकोण ने लॉस एंजिल्स में एकेडमी म्यूजियम गाला में शिरकत की। वह इस इवेंट में आमंत्रित होने वाली पहली भारतीय स्टार हैं। एकेडमी म्यूजियम गाला ऑस्कर के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्टेज है जिसे एक ही बोर्ड द्वारा आयोजित किया जाता है। इस साल की शुरुआत में दीपिका को ऑस्कर में इंडियन सॉन्ग एक्ट के लिए स्टेज पर देखा गया था।

दीपिका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी कई तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें उन्होंने डार्क पर्पल वेलवेट फ्लोर-स्वीपिंग गाउन पहना हुआ था। उन्होंने इवेंट के लिए अपने लुक को डायमंड से पूरा किया।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, दीपिका के लिए 'पठान' और 'जवान' के साथ एक शानदार साल रहा। वह जल्द ही ऋतिक रोशन और अनिल कपूर के साथ 'फाइटर' में नजर आएंगी। दीपिका के पास प्रभास और अमिताभ बच्चन के साथ 'कल्कि 2898 एडी' भी है।

## लायन सफारी में 'केसरी' की मृत्यु का कारण संक्रमण व फालिस

**बरेली,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। इटावा लायन सफारी में मरे बब्बर शेर केसरी का पोस्टमार्टम बरेली में भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई ) में हुआ जिसमें मृत्यु का कारक संक्रमण और फालिस बताया गया है। विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट 15 दिन बाद आएगी। आईवीआरआई वन्य जंतु विभाग में प्रधान वैज्ञानिक अभिजीत पावड़े ने सोमवार को बताया कि रविवार को वैज्ञानिकों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया था। प्रथम दृष्ट्या पोस्टमार्टम से पता चला है कि बब्बर शेर केसरी की मौत का कारण पूंछ में चोट से फैला संक्रमण और शेर के पिछले हिस्से में फालिस से मौत हुई है। फालिस के कारण वह उठ नहीं पा रहा था। विसरा सुरक्षित रखा गया है। सफारी पार्क इटावा में 15 अप्रैल 2020 को जन्म लेने वाले बब्बर शेर केसरी को पूंछ में 25 अप्रैल 2023 को चोट लगने के कारण संक्रमण फैल गया था। साढ़े तीन साल का केसरी पिछले सात माह से बीमार था। शनिवार शाम इटावा सफारी में उसकी मौत हो गई थी।

### महिला को छह साल का अथक प्रयास आखिरकार रंग लाया

## 32 साल की दिव्यांक महिला को मिला ड्राइविंग लाइसेंस

**तिरुवनंतपुरम,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए उनका छह साल का अथक प्रयास आखिरकार रंग लाया और केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने खुद 32 वर्षीय विकलांग जिलुमोल एम. थॉमस को दस्तावेज सौंपा।





जिलुमोल, जो बिना हाथों के पैदा हुई थी, ने हमेशा अपने पैरों का उपयोग करके कार चलाने का सपना देखा था लेकिन उसके अनुरोध को तकनीकी आधार पर चुनौती दी गई थी।फ्रीलांस डिजाइनर थॉमस ने कहा कि आवाजाही मेरी सबसे बड़ी बाधा थी और अब मैं उत्साहित हूं क्योंकि मुझे लाइसेंस मिल गया है। इस तरह मैंने अपनी सबसे बड़ी बाधा पार कर ली है। पहली बाधा तब दूर हुई थी जब एर्नाकुलम जिले के वदुथला में एक ड्राइविंग स्कूल उसे एक छात्र के रूप में पंजीकृत करने के लिए सहमत हो गया। ड्राइविंग स्कूल के मालिक जोपान ने कहा कि हम बहुत आश्वस्त नहीं थे, लेकिन उसने अपने धैर्य, दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता से हमारी धारणाओं को गलत साबित कर दिया। बहुत जल्द हमें एहसास हुआ कि वह ऐसा कर सकती है।कोच्चि में वीआई इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड, जिसने सहायक तकनीक का उपयोग करके उनकी 2018 मारुति सेलेरियो में वांछित इलेक्ट्रॉनिक संशोधन किया, ने भी उनकी उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उसे राज्य दिव्यांग आयोग से भी बहुत बड़ा समर्थन मिला, जिससे लाइसेंस के लिए मंजूरी देने के लिए मोटर वाहन विभाग को निर्देश दिया।

# देश के दूसरे 'आईबिस म्यूजिक' कार्यक्रम का मुंबई में होगा आगाज

**नई दिल्ली,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। देश में साल का अब दूसरा 'आईबिस म्यूजिक' कार्यक्रम मुंबई में होने वाला है, जिसका वहां के दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है।




इस पहले, पहला आईबिस म्यूजिक का आयोजन पिछले नवम्बर को राजधानी में किया गया। इस दौरान जाने-माने संगीत कलाकार आस्था गिल और वरुण जैन ने अपने सुरों के माध्यम से यहां उपस्थित श्रोताओं और अतिथिगढ़ को मंत्रमुग्ध कर दिया।

राजधानी में आयोजित हुए कार्यक्रम के मौके पर आईबिस होटल इंडिया के निदेशक विनय गुप्ता ने कहा कि आईबिस म्यूजिक ग्लोबल टूर सात समन्दर पार व्यक्तियों को एक- दूसरे के साथ एकजुटता बनाये रखने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि ब्रैंड का लक्ष्य दुनियाभर के 10 से ज्यादा देशों से आए उभरते संगीतकार संगीत की अपनी खास विरासत को आईबिस म्यूजिक ग्लोबल टूर के माध्यम से अलग-अलग देशों के नए श्रोताओं तक पहुंचाना है।

'आईबिस म्यूजिक' का कर्यक्रम में आस्था गिल और वरुण जैन द्वारा गाये गए, अभिनेता विकी कौशल और अभिनेत्री सारा अली खान के 'तेरे वास्ते फलक से मैं चांद लाऊंगा.. सोलह-सत्रह सितारे मैं संग बांध लाऊंगा' गाने पर श्रोताओं ने जमकर ठुमके लगाए।

इस कार्यक्रम का आयोजन हर साल भारत के अलावा ब्रिटेन, स्पेन, पुर्तगाल, जर्मनी, मैक्सिको, चीन, बर्लिन और बेल्जियम जैसे विभिन्न देशो में किया जाता है।

# चिकित्सकों ने फटे गर्भाशय में मृत बच्चे वाली महिला को बचाया




■ 38.2 सप्ताह की गर्भवती 29 वर्षीय महिला
■ रोगी को पिछले 12 घंटों से असहनीय दर्द

**मुंबई,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। बीएमसी के एलटीएमजी सायन अस्पताल में डॉक्टरों की एक टीम एक गर्भवती महिला को बचाने में कामयाब रही जिसका गर्भाशय फट चुका था और उसमें बच्चा मर चुका था। अधिकारियों ने यहां सोमवार को यह जानकारी दी। उत्तर-पूर्व मुंबई के गोवंडी उपनगर की रहने वाली 38.2 सप्ताह की गर्भवती 29 वर्षीय महिला को हाल ही में अस्पताल ले जाया गया था। डॉ. निरंजन चव्हाण, डॉ. पुष्पा सी, डॉ. दर्शना अजमेरा, डॉ. मोनिका धौसाक और डॉ. स्वरा पटेल के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक टीम ने उनकी जांच की। अल्ट्रासाउंड परीक्षण में पता चला कि गर्भ में ही बच्चे की मौत हो गई है और गर्भनाल पूरी तरह से रोगी के आंतरिक अंगों में फैला हुआ है।

डॉ. चव्हाण ने कहा कि रोगी को पिछले 12 घंटों से असहनीय दर्द हो रहा था, जो योनि से रक्तस्राव से जुड़ा नहीं था और न ही कोई लक्षण दिख रहा था। पेट की शारीरिक जांच के दौरान, जो नरम और कोमल था, भ्रूण के हिस्सों को महसूस किया जा सकता था, लेकिन गर्भाशय की रूपरेखा स्पष्ट नहीं थी, और भ्रूण के दिल की धड़कन सुनाई नहीं दे रही थी। रोगी को, जिसका एक चार साल का बेटा है, दोबारा प्रसूति अल्ट्रासाउंड स्कैन के लिए भेजा गया, जिसमें खाली गर्भाशय गुहा और पेट की गुहा में गर्भाशय के बाईं ओर मृत भ्रूण दिखाई दिया। चव्हाण की टीम ने महिला को आपातकालीन सर्जरी के लिए भेजा और निचले हिस्से में कटे हुए घाव को टांके लगाकर सफलतापूर्वक गर्भाशय को जोड़ने में कामयाब रही, जिससे उसकी जान और गर्भाशय बच गए। साथ ही मृत भ्रूण का भी प्रसव कराया गया और मां के पेट में जमा करीब आधा लीटर खून भी निकाला गया। चव्हाण ने कहा कि पांच दिनों की पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल के बाद, मरीज को इस सप्ताह छुट्टी दे दी गई, और उसके बाद की जांच में उसे ठीक पाया गया।

एलटीएमजी सायन अस्पताल के डीन डॉ. मोहन जोशी ने कहा कि पहले सीज़ेरियन प्रसव वाले मरीजों में गर्भाशय फटने की घटना लगभग 0.3 प्रतिशत (3/1,000 प्रसव) होती है। जोशी ने नागरिक अस्पताल में सामने आए असामान्य और अपनी तरह के अनूठे मामले में मरीज के सफल प्रबंधन के लिए अपनी टीम की सराहना की।

## के के मेनन की इच्छा, भारत की ओर से ऑस्कर में जाए 'द रेलवे मेन'

**मुंबई,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। प्रशंसित अभिनेता के के मेनन की इच्छा है कि उनकी सीरीज 'द रेलवे मेन' ऑस्कर में जाए। उनका मानना है कि इस सीरीज ने भारत को ग्लोबल स्टेज पर गौरवान्वित किया होगा। के के ने कहा कि काश 'द रेलवे मेन' ऑस्कर में भारत की एंट्री के तौर पर क्वालिफाइड हो सके। यह सीरीज दुनिया को दिखाती है कि एक देश के रूप में हमने उस भयावह रात में क्या झेला था और नि:स्वार्थ भारतीयों की भावना को भी दिखाती है, जिन्होंने अनगिनत लोगों को मरने से बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी। 4-पार्ट वाली यह मिनी सीरीज 1984 की भोपाल गैस त्रासदी के दौरान सेट की गई है, जिसने देश को हिलाकर रख दिया था। इसका निर्देशन नवोदित निर्देशक शिव रवैल ने किया है। के के मेनन ने कहा कि यह सीरीज वास्तव में हर ग्लोबल स्टेज पर भारत का प्रतिनिधित्व करने और दुनिया भर के लोगों को दुर्गम खतरे में हमारे एकजुटता को परिभाषित करने की हकदार है। 'द रेलवे मेन' एक ऐसा शो है जिस पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। के के मेनन का मानना है कि 'द रेलवे मेन' उनके करियर के अब तक का सबसे बेहतरीन कामों में एक है। उन्होंने कहा कि यह मेरी फिल्मोग्राफी में अब तक का सबसे बेहतरीन प्रोजेक्ट्स में से एक है जिसका मैं हिस्सा रहा हूं।



## चीन ने मिस्र को नए उपग्रह प्रक्षेपण में की मदद

**जिउक्वान**। चीन ने सोमवार को उत्तर पश्चिम चीन में जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से एक रिमोट-सेंसिंग उपग्रह को कक्षा में भेजने में मिस्र की मदद की। उपग्रह एमआईएसआरएसएटी-2 को लॉन्ग मार्च-2 सी वाहक रॉकेट द्वारा दोपहर 12:10 बजे प्रक्षेपित किया गया, जिसका उपयोग मिस्र की भूमि एवं संसाधन उपयोग, जल संरक्षण, कृषि और अन्य क्षेत्रों में किया जाएगा। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार, एमआईएसआरएसएटी-2 अंतरिक्ष के क्षेत्र में चीन और मिस्र के बीच गहरे सहयोग की एक ऐतिहासिक परियोजना है।



# गाजा में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 15,523 हुई

**घायल लोगों की संख्या 41,000 से ज्यादा हो चुकी**



**गाजा,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। गाजा पट्टी में गत 07 अक्टूबर से जारी इजरायली हमलों में मारे गए फिलिस्तीनियों की संख्या 15,523 हो चुकी है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-किदरा ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं की विफलता के बीच फिलिस्तीनी एन्क्लेव में घायल लोगों की संख्या 41,000 से ज्यादा हो चुकी है। सैकड़ों घायल लोगों का इलाज बहुत सीमित चिकित्सा संसाधनों के साथ किया जा रहा है, क्योंकि उत्तरी गाजा के अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की कमी है। उन्होंने कहा कि गाजा पट्टी के सभी अस्पतालों में मरीजों की संख्या उनकी चिकित्सा और बिस्तर क्षमताओं से ज्यादा है, गंभीर मामलों को संभालने के लिए आवश्यक सर्जिकल संसाधनों की कमी है। घायलों को विदेश में इलाज कराने की अनुमति देने के लिए धीमी गति की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि इजरायल-हमास संघर्ष की शुरुआत के बाद से केवल 403 लोगों को गाजा पट्टी छोड़ने की अनुमति प्रदान की गई है। उन्होंने चिकित्सा आपूर्ति, दवाओं और ईंधन की आपुर्ति सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षित मानवीय गलियारों की मांग को दोहराया और कहा कि घायलों और रोगियों का इलाज करने के लिए विदेश यात्रा की अनुमति मिलने की कोशिश करनी चाहिए।

## हमास ने मुस्लिम देशों से गाजा पट्टी में प्रतिनिधिमंडल भेजने का किया आह्वान

**काहिरा**। लेबनान में हमास के प्रवक्ता ओसामा हमदान ने अरब और मुस्लिम देशों से फिलिस्तीनी क्षेत्र से नाकाबंदी हटाने के लिए गाजा में आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भेजने का आग्रह किया। यह जानकारी स्पूतनिक न्यूज एजेंसी ने सोमवार को दी। हमदान ने बेरूत में रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम अरब और मुस्लिम देशों से गाजा पट्टी का दौरा करने के लिए आधिकारिक और लोकप्रिय प्रतिनिधिमंडल भेजने का आह्वान करते हैं जिससे नाकाबंदी को हटाया जा सके। गौरतलब है कि सात अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला और सीमा का उल्लंघन किया था। इजरायल ने जवाबी हमले किया और गाजा की पूर्ण नाकाबंदी कर पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति बंद कर दिया। गत 27 अक्टूबर को, इजरायल ने हमास को समाप्त करने और बंधकों को रिहा करवाने के लिए गाजा पट्टी में एक जमीनी घुसपैठ की शुरुआत की थी। पिछले सप्ताह, कतर ने इजरायल और हमास के बीच एक अस्थायी संघर्ष विराम तथा कुछ कैदियों और बंधकों का आदान-प्रदान करने के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए एक समझौते की मध्यस्थता की थी। इस संघर्ष विराम को कई बार बढ़ाया गया, लेकिन शुक्रवार को इजरायली सेना ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ लड़ाई फिर से शुरू कर दी और आरोप लगाया कि हमास ने इजरायली क्षेत्र पर गोलीबारी करके मानवीय विराम का उल्लंघन किया है।



## ईरान पर नजर रखने को इजरायल लाल सागर में तैनात करेगा युद्धपोत

**यरूशलेम**। इजराइल ने क्षेत्र में ईरान की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए लाल सागर में कई युद्धपोत और एक पनडुब्बी तैनात करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी स्पूतनिक ने अल-हदथ प्रसारक के हवाले से सोमवार को दी। इससे पहले रविवार को अल-हदथ प्रसारक ने सुत्रों के हवाले से कहा था कि यमन के विद्रोही अंसार अल्लाह आंदोलन, हूती ने कहा कि वे गाजा पट्टी में एक सप्ताह के संघर्ष विराम की समाप्ति के बाद इजरायल पर हमला फिर से शुरू करेंगे। ब्रिटेन के समुद्री व्यापार प्राधिकरण ने कहा कि हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में बाब अल-मन्देब जलडमरूमध्य में दो इजरायली जहाजों और ब्रिटेन के स्वामित्व वाले एक व्यापारिक जहाज पर हमला किया। हालांकि, रॉयटर्स ने इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हागरी के हवाले से कहा कि हूती विद्रोहियों द्वारा पहले हमला किए गए दो जहाज इजरायल से संबंधित नहीं थे। बाद में, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में तीन वाणिज्यिक जहाजों पर हमला करने के लिए मिसाइलों और ड्रोन का उपयोग किया। कमांड ने कहा कि अमेरिकी विध्वंसक यूएसएस कार्नी ने हमलावर जहाजों को जवाब दिया और तीन ड्रोन को मार गिराया। साथ ही कहा कि अमेरिका को लगता है कि यह हमला ईरान ने किया था।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 5 दिसम्बर , 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 8**

### राशिफल

मेष - स्वभाव में उग्रता और जिद्दीपन पर संयम रखें। शारीरिक मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम के अंत में कम सफलता से निराशा पैदा होगी। संतान के मामले में चिंता पैदा होगी। पेट संबंधी बीमारियों से परेशान होंगे।

वृषभ - आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और अटल मनोबल के साथ कर सकेंगे। पिता या पैतृक संपत्ति से लाभ होगा। सरकार अथवा उनके साथ के आर्थिक व्यवहार से लाभ होगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे।

मिथुन - नई योजनाओं को अमल में लाने के लिए शुभ दिन है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों तथा सरकार की तरफ से परिश्रम का खूब अच्छा फल मिलेगा। भाग्यवृद्धि के अवसर उत्पन्न होंगे। यात्रा की संभावना है।

कर्क - गलतफहमी और नकारात्मक व्यवहार आपके चित्त में ग्लानि का भाव पैदा करेंगे। स्वास्थ्य में विशेषरूप से आंख की तकलीफ होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। काम के संबंध में संतोष की भावना जागेगी।

सिंह - आज किसी भी काम के संबंध में आत्मविश्वास के साथ त्वरित निर्णय ले सकेंगे। पिता तथा बुजुर्गों का सहयोग मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आपके स्वभाव में क्रोध और व्यवहार में उग्रता रहेगी।

कन्या - आज आपके इगो के कारण तकरार होने की आशंका है। शारीरिक और मानसिक चिंता के साथ आज का दिन व्यतीत होगा। स्वभाव में उत्तेजना से काम बिगड़ने की संभावना रहेगी। परिजनों और मित्रों के साथ अनबन होगा।

तुला - आपका आज का दिन शुभफलदायक और लाभप्रद है। मित्रों के साथ मिलना- जुलना या पर्यटन का आनंद मिलेगा। परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पुत्र और पत्नी से सुख संतोष का अनुभव होगा।

वृश्चिक - आज गृहस्थजीवन की सार्थकता आपको समझ में आएगी। घर में आनंद उल्लास का वातावरण रहेगा। आपके सभी काम सरलता से पूरा होंगे। व्यापारियों को व्यापार में अच्छे अवसर मिलेंगे। आयवृद्धि होगी।

धनु - आज आपको तबीयत का ध्यान रखने की जरुरत है। काम करने में उत्साह उमंग का अभाव रहेगा। मन चिंता में रहेंगे। संतानों की समस्या इसका कारण हो सकती है। व्यवसाय और नौकरी में तकलीफ खड़ी होगी।

मकर - नकारात्मक विचार हावी न होने दें। क्रोध को काबू में रखने से बहुत सी आफतों से बच जाएंगे। भागीदारों के साथ संबंध खराब होगा। अचानक प्रवास करने के संयोग खड़े होंगे। उनके पीछे खर्च करने पड़ेंगे।

कुंभ - आपका आज का दिन प्रसन्नतापूर्वक बीतेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, इस कारण कार्य सफलता में सरलता होगी। स्वभाव में बिंदासपन आपको मन से ताजा रखेगा।

मीन - मन की दृढ़ता और आत्मविश्वास आपका काम सफल बनाएंगे। परिवार में सुख- शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। गुस्से के कारण आपकी वाणी व्यवहार में उग्रता न आए इसका ख्याल रखें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## भारतीय मूल के 4 फरार आरोपियों को ढूंढने के लिए पुलिस ने मांगी मदद

**टोरंटो,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में हुए एक गंभीर हमले के सिलसिले में पुलिस ने 22-30 साल की उम्र के भारतीय मूल के चार लोगों का पता लगाने के लिए लोगों से मदद मांगी है। आफताब गिल (22), हरमनदीप सिंह (22), जतिंदर सिंह (25) और सतनाम सिंह (30) ने 8 सितंबर को मैकलॉघलिन रोड और रे लॉसन बुलेवार्ड के इलाके में एक पीड़ित पर हमला किया। पील क्षेत्रीय पुलिस के आपराधिक जांच ब्यूरो के अधिकारियों ने रविवार को कहा कि कई पक्षों ने पीड़ित पर हमला किया और पुलिस के पहुंचने से पहले मौके से भाग गए। पीड़ित को गंभीर चोटें आई और उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। ये चारों ब्रैम्पटन, ओंटारियो के निवासी हैं और गंभीर हमले के मामले में वांछित हैं। पुलिस चारों व्यक्तियों के ठिकाने के बारे में जानकारी रखने वाले किसी भी व्यक्ति से जांचकर्ताओं से संपर्क करने के लिए कह रही है। इस साल अगस्त में, ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में 55 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत के गंभीर हमले के सिलसिले में परमिंदर सिंह बराड़ (31) और सिमरपाल सिंह (21) के खिलाफ हत्या के आरोप लगाए गए थे।

## इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट से 11 पर्वतारोहियों की मौत

**जकार्ता,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर मारापी ज्वालामुखी के फटने से करीब 11 पर्वतारोहियों की मौत हो गई और कुछ अन्य अभी भी लापता हैं।

एक स्थानीय बचाव अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।पदांग खोज और बचाव के प्रमुख एजेंसी अब्दुल मलिक ने शिन्हुआ से कहा, पहले चरण में, 49 पर्वतारोही पाए गए। वे सभी बच गए और उन्हें अस्पताल मे भर्ती कराया गया। इनमें से कुछ घर लौट आए। दूसरे चरण में, हमें 14 लोग मिले, तीन बच गए और 11 अन्य की मौत हो गई।उन्होंने बताया कि पर्वतारोही सक्रिय ज्वालामुखी के चपेट में उस दौरान आए जब वह पश्चिमी इंडोनेशिया में पहाड़ की तलहटी में जा रहे थे। अधिकारियों ने कुल 75 रिकॉर्ड किए गए पर्वतारोहियों की खोज के लिए लगभग 100 लोगों को तैनात किया है। माउंट मारापी ज्वावामुखी फटने के बाद, तीन हजार मीटर की राख का स्तंभ उगल रहा है, जिससे ज्वालामुखी की राख और चट्टानें आसपास के क्षेत्र में फैल गई हैं।



## तंजानिया में बाढ़ से मृतकों की संख्या 47 हुई

**दार एस सलाम**। उत्तरी तंजानिया में मूसलाधार वर्षा के कारण अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 47 हो गई जबकि 85 से अधिक अन्य घायल हो गये। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। मन्यारा क्षेत्रीय आयुक्त क्वीन सेंडिगा ने शिन्हुआ को फोन पर बताया, मरने वालों की संख्या अब 47 हो गई है, जो पहले घोषित 23 से अधिक है और घायल व्यक्तियों की संख्या 85 है। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान जारी है और तंजानिया पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज का एक विशेष बचाव दस्ता रविवार शाम को खोज और बचाव प्रयासों में अन्य सुरक्षा निकायों के साथ शामिल हो गया।

## इराक में अमेरिकी हवाई हमले में अर्धसैनिक बलों के पांच सदस्य मारे गए

**बगदाद,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। इराक के उत्तरी प्रांत किरकुक में रविवार को अमेरिकी हवाई हमले में इराकी अर्धसैनिक बल हशद शाबी बलों के पांच सदस्य मारे गए। यह जानकारी इराक में इस्लामी प्रतिरोध नामक एक इराकी सशस्त्र



समूह ने दी। बयान में ज्यादा विवरण नहीं दिया गया है लेकिन समूह ने अमेरिकी बलों को देश से वापस जाने तक ज्यादा घातक हमलों की धमकी दी है।

इराकी सेना के एक अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि बगदाद से लगभग 250 किलोमीटर उत्तर में स्थित प्रांतीय राजधानी किरकुक के उत्तर-पश्चिम में अल-देबिस इलाके में हशद शाबी बलों से संबद्ध अल-नुजाबा मूवमेंट के ठिकानों पर रविवार शाम ड्रोन से बमबारी की गई।

गत 22 नवंबर को, अमेरिकी विमानों ने बगदाद के दक्षिण में जुर्फ अल-नस्र क्षेत्र में हशद शाबी बलों पर हमला किया था, जिसमें इस संगठन के आठ लड़ाके मारे गए थे और चार अन्य घायल हुए थे।

ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संस्था, सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने पुष्टि किया कि ऐसा माना जा रहा है कि समूह के रॉकेट सीरिया के पूर्वोत्तर प्रांत अल-हसाका के खरब अल-जिर इलाके में एक अमेरिकी एयरबेस पर गिरे।

सीरियन ऑब्जर्वेटरी ने कहा कि अभी तक हताहतों की सूचना प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि ये हमले गाजा पट्टी में चल रहे संघर्ष के बीच अमेरिकी बलों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की श्रृंखला का एक हिस्सा हैं।

यह 19 अक्टूबर के बाद से सीरिया में अमेरिकी ठिकानों पर रिकॉर्ड किया गया 47वां हमला है।

## फ्रांस ने प्राकृतिक हाइड्रोजन भंडार के लिए अन्वेषण लाइसेंस जारी

**पेरिस,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। फ्रांस ने पहली बार देश के दक्षिण-पूर्व में एक साइट पर प्राकृतिक हाइड्रोजन भंडार के लिए अन्वेषण लाइसेंस जारी किया है। यह जानकारी स्पूतनिक ने फ्रांस के आधिकारिक जर्नल के हवाले से सोमवार को दी। आधिकारिक जर्नल के अनुसार, पारिस्थितिक परिवर्तन मंत्रालय द्वारा हस्ताक्षरित दस्तावेज़ में कहा गया है कि प्राकृतिक हाइड्रोजन, हीलियम और संबंधित पदार्थों के लिए विशेष अन्वेषण अनुमति पाइरेनीज-अटलांटिक विभाग में लगभग 225 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र से संबंधित है। यह अनुमति टीबीएच2 एक्विटाइन कंपनी को पांच वर्षों के लिए दिया गया है। फ्रांस में हाइड्रोजन में बढ़ती दिलचस्पी को देखा गया है और माना जाता है कि यह 2050 तक कार्बन तटस्थता प्राप्त करने की सरकारी योजनाओं के लिए यह जीवाश्म ईंधन को बदलने में सक्षम है, विशेष रूप से विनिर्माण और परिवहन के क्षेत्र में। जुलाई में, फ्रांसीसी सांसदों ने एक हरित उद्योग बिल अपनाया, जिसने व्यवसायों के लिए 17 महीने की पर्यावरणीय मूल्यांकन अवधि में उल्लेखनीय कमी और बैटरी, हीट पंप, पवन पैनल, सौर पैनल और कम कार्बन हाइड्रोजन के उत्पादन में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सालाना 500 मिलियन यूरो ( 544 मिलियन डॉलर) की राशि में कर क्रेडिट की शुरुआत का प्रस्ताव दिया। हाइड्रोजन को पारंपरिक रूप से इसके रंग और इसके उत्पादन के दौरान उत्सर्जित कार्बन के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है।

## आज का इतिहास

1230 जर्मनी के रसायन शास्त्री और दार्शनिक अलबर्ट महान का निधन हुआ। इन्होंने आर्सेनिक द्वारा तांबे को सफेद करने में सफलता प्राप्त की थी।
1484 पोप इनोसेंट ने पोप बैल बुल सूइस डिसइंडेंटस एफिबिबस जारी किया, जिससे डोमिनिकन जिज्ञासु हेनरिक क्रेमर को जर्मनी में जादू टोने का मुकदमा चलाने का स्पष्ट अधिकार मिल गया।
1746 स्पेनिश शासन के खिलाफ जेनोवा में विद्रोह किया गया।
1757 ल्यूटन की लड़ाई- प्रशियाई सेना ने ऑस्ट्रियाई को धराशायी कर दिया।
1766 जेम्स क्रिस्टी ने क्रिस्टी की नीलामी की पहली बिक्री लंदन के घर में की।
1868 पहला अमेरिकी साइकिल कॉलेज खोला गया।
1876 फायर ब्रुकलिन, न्यूयॉर्क में ब्रुकलिन थिएटर में हुआ, जिसमें कम से कम 278 लोग मारे गए, जिनमें से ज्यादातर धूम्रपान के कारण थे।
1879 पहला स्वचालित फोन स्विचिंग प्रणाली तैयार की गयी।
1892 जॉन थॉम्पसन कनाडा के चौथे प्रधानमंत्री बने।
1893 एकाधिक मतदान न्यू साउथ वेल्स में समाप्त किया गया।
1893 टोरंटो में पहली इलेक्ट्रिक कार बनी जो एक बार चार्ज होने पर 15 मील चलती थी।
1916 ब्रिटिश प्रधानमंत्री एच एच अस्क्विथ ने महायुद्ध के संचालन में दृढ़ता की कमी के कारण इस्तीफा दे दिया।
1919 तुर्की के युद्ध मंत्रालय ने यूनानियों, अर्मेनियन और यहूदियों को सैन्य सेवा हटाया।

**आयोजन** देश में बजटीय संकट के कारण नहीं होंगे शामिल

## जर्मनी के मंत्री सीओपी28 में शामिल नहीं होंगे : रिपोर्ट

**बर्लिन,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। जर्मनी के अर्थव्यवस्था मंत्री रॉबर्ट हैबेक देश में बजटीय संकट के कारण चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के अनुरोध पर दुबई में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी28) में शामिल नहीं होंगे। यह जानकारी स्पूतनिक ने जर्मन अखबार बिल्ड के हवाले से सोमवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, श्री स्कोल्ज ने रविवार को अनुरोध किया था कि 2024 के लिए मसौदा बजट पर बातचीत जारी रखने की आवश्यकता है, जो वर्तमान बजटीय संकट के कारण ज्यादा जटिल हो गया है। जर्मनी के संवैधानिक न्यायालय ने इस माह की शुरुआत में फैसला सुनाया था कि सोशल डेमोक्रेट्स, ग्रीन्स और फ्री डेमोक्रेट्स - जिन्हें ट्रैफिक लाइट गठबंधन के रूप में जाना जाता है - द्वारा अप्रयुक्त ऋणों को जलवायु निधि में स्थानांतरित करने का कदम ऋण ब्रेक नियम का उल्लंघन करेगा, जो नए सरकारी उधार पर संवैधानिक सीमा के अंतर्गत है। परिणामस्वरुप, 2024 के लिए सरकार की खर्च योजना से 60 अरब यूरो (65 अरब डॉलर) खर्च हो गया। पिछले सप्ताह, जर्मन वित्त मंत्रालय ने कहा था कि सरकार ने खर्च योजना से 60 अरब यूरो की कटौती करने के अदालत के फैसले के कारण देश में हुए बजटीय संकट से लड़ने के लिए 2023 के अनुपूरक बजट को मंजूरी दी। जर्मनी के जलवायु परिवर्तन कोष में हाइड्रोजन और अर्धचालक प्रौद्योगिकियों के विकास, ऊर्जा संरक्षण के लिए इमारतों के इन्सुलेशन और उद्योग के डीकार्बोनाइजेशन के लिए 211 अरब यूरो निर्धारित किए गए थे। बर्लिन ने उस फंड से 58 अरब यूरो खर्च करने की योजना तैयार की थी, साथ ही फाइबर ऑप्टिक



## शी चिनफिंग के विशेष दूत ने शिखर सम्मेलन में भाग लिया

**बीजिंग**। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के विशेष दूत, उप प्रधानमंत्री तिंग श्येश्यांग ने 2 दिसंबर को दुबई में आयोजित जी77 और चीन जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन में भाग लिया और भाषण दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चीन दुनिया में सबसे बड़ा विकासशील देश होने के नाते हमेशा व्यापक विकासशील देशों के साथ खड़ा रहता है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा कि जी77 और चीन विकासशील देशों के लिए सहयोग का महत्वपूर्ण मंच है। हाल के वर्षों में चीन ने सक्रियता और स्थिरता से चरम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन और कार्बन तटस्थता के प्रयास तेज किए हैं। अपने अंतर्राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने के साथ चीन अन्य विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन के मुकालबे में सहायता भी देता है।

## सुडोकू 6396

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 7 | 3 | | | |
| | | | | | 2 | 3 | 5 | |
| 3 | | | | | | | 7 | |
| | | 2 | 8 | | | | 1 | |
| 6 | 4 | | | | | | 2 | 9 |
| | 8 | | | | 4 | 7 | | |
| | 7 | | | | | | | 6 |
| | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| | | | 4 | 1 | 8 | | | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6396

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | | | |
| ■ | ११ | | १२ | | | | १३ | | |
| ■ | | | | | १४ | | | | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. खुशामद पसंद
४. छाती, सीनी
६. दूध देने या बोझ ढोने के काम आने वाले पालतू पशु (उर्दू)
७. कर्मचारी, नौकर (उर्दू)
८. इंद्र के बगीचे का एक वृक्ष जो भी मांगों वह देता है
१०. वह जिसे फैसले के लिए हाकिम के पास पेश किया गया हो (उर्दू)
११. परिमाण, मात्रा, मापतौल (उर्दू)
१३. अच्छा, श्रेष्ठ, उत्तम
१४. बगावत
१५. दुर्दशाग्रस्त (उर्दू)
१७. अकस्मात
१९. व्यर्थ, बेकार (उर्दू)
२१. एक प्रकार का वाद्य यंत्र
२२. मसाले और दवा के काम आने वाला एक सुगंधित फल (उर्दू)
२४. मुस्तैदी

**ऊपर से नीचे:-**
१. चमड़े का काम करने वाला, मोची
२. फायदेमंद
३. बुद्धिमान (उर्दू)
४. वश में करने वाला
५. रोका हुआ, कुछ समय के लिए आगे बढ़ाया हुआ, ढाक या छिपा हुआ
९. धन-दौलत
११. भौंरा, भ्रमर
१२. प्रविष्ट (उर्दू)
१३. विवाद, हुज्जत
१४. शादी
१५. वर्षा
१६. वह गाना जो हास्यप्रधान हो
१८. शपथ (उर्दू)
१९. वह जख्म जो कभी न भरे (उर्दू)
२०. मृत्यु, नियति, भाग्य (उर्दू)
२३. शर्म, हया

### वर्ग पहेली-6395

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | स्थि | २ क | ल | ३ श | ■ | ४ ग | ड़ | ५ ब | ड़ी |
| किं | ■ | म | ■ | ६ शि | क्षि | त | ■ | ल | ■ |
| ७ च | तु | र | ■ | व | ■ | ८ का | रा | वा | ९ स |
| न | ■ | तो | ■ | १० द | ला | ल | ■ | ■ | म |
| ■ | ११ भ | ड़ | १२ क | ना | ■ | ■ | १३ वि | ज | य |
| ■ | ला | ■ | ट | ■ | १४ क | दा | पि | ■ | पा |
| १५ भा | ई | १६ चा | रा | ■ | रू | ■ | १७ न | १८ के | ल |
| ग्य | ■ | टु | ■ | १९ मृ | णा | २० ल | ■ | व | ■ |
| २१ वा | टि | का | ■ | गां | ■ | २२ स | फ | ल | २३ ता |
| न | ■ | २४ र | वि | क | र | ■ | ■ | ■ | ली |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6396 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 5 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 6 |
| 9 | 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 7 |

## दुनिया को जानें

### भारतीय मूल के डेव शर्मा ने सीनेटर के रूप में ली शपथ

**कैनबरा,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारतीय मूल के पूर्व सांसद डेव शर्मा ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियाई संसद में न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के सीनेटर के रूप में आधिकारिक तौर पर शपथ ली। 47 वर्षीय डेव शर्मा ने पिछले महीने पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष एंड्रयू कॉन्स्टेंस को हराकर विपक्षी लिबरल पार्टी से एनएसडब्ल्यू सीनेट पद जीतने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति बन गए। इजरायल में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई राजदूत को शपथ लेने के बाद सहयोगियों ने उन्हें बधाई दी। शपथ लेने के दौरान उनके साथ उनके एनएसडब्ल्यू उदारवादी गुट के सहयोगी, एंड्रयू ब्रैग और मारिया कोवासिक भी मौजूद थे। सीनेटर कोवासिक ने एक्स पर लिखा, हमारे नए सीनेटर डेव शर्मा को आज उनके शपथ ग्रहण समारोह में ले जाना सम्मान की बात है। सीनेटर शर्मा को बधाई। लिबरल पार्टी के सुसान ले ने कहा कि शर्मा संघीय लिबरल टीम में एक स्वागतयोग्य सदस्य हैं। ले ने एक्स पोस्ट में लिखा, उनके पास संसद और वरिष्ठ राजनयिक पोस्टिंग में मजबूत अनुभव है। डेव की गहरी विदेश नीति का विशेष रूप से स्वागत किया जाएगा, क्योंकि हम द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से सबसे खतरनाक भू-राजनीतिक परिस्थितियों में हैं।

# खेल जगत

## ऑस्ट्रेलिया के मजबूत पक्ष, लेकिन हम भी कम नहीं : सरफराज

**कैनबरा,** 4 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के पास टेस्ट क्रिकेट में अच्छे बल्लेबाज हैं। लेकिन, उनका मानना है कि उनकी टीम का बल्लेबाजी क्रम किसी भी अन्य लाइन-अप के बराबर है। पाकिस्तान 14 दिसंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी। सरफराज ने पीएम की प्लेइंग-11 के खिलाफ चार दिवसीय मैच से पहले पत्रकारों से कहा, ऑस्ट्रेलिया के पास अच्छे बल्लेबाज हैं लेकिन हम भी कम नहीं हैं। अब्दुल्ला, बाबर, इमाम, सऊद और आगा के साथ हम चुनौती के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। सरफराज ने अपने लाइनअप में गुणवत्ता वाले गेंदबाजों की प्रशंसा की जिनमें से अधिकांश पहली बार ऑस्ट्रेलिया में लाल गेंद से खेलने जा रहे हैं। शाहीन और हसन शानदार हैं और हमारे पास मीर हमजा, खुर्रम शहजाद और फहीम जैसे खिलाड़ी हैं।



# भारत की ऑस्ट्रेलिया पर अंतिम टी-20 मैच में छह रन से रोमांचक जीत

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (देशबन्धु)। उपकप्तान श्रेयस अय्यर के बेहतरीन अर्द्धशतक तथा अक्षर पटेल (31 रन व 1/14) के हरफनमौला खेल की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में रविवार रात सांस रोक देने वाले बेहद रोमांचक मैच पांचवें व अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में छह रन से हरा सीरीज 4-1 से जीत कर पूरी तरह अपनी श्रेष्ठता साबित कर दी। नौजवान तेज गेंदबाज मुकेश कुमार (3/32) की घातक गेंदबाजी तथा शुरू के तीन ओवर में खासे महंगे साबित होने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह द्वारा अपने और मैच के अंतिम ओवर में मात्र तीन रन देकर चटकाए ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मैथ्यू वेड के अहम विकेट की बदौलत भारत की नौजवान टीम ने यह रोमांचक और यादगार जीत हासिल की। बेन मैकडरमॉट (54 रन, 36 गेंद, पांच छक्के) का तेज अर्द्धशतक भी ऑस्ट्रेलिया के काम न आया। सूर्य कुमार यादव की कप्तानी में नौजवान खिलाड़ियों से सज्जित भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया की वन डे विश्व कप में भारत के खिलाफ फाइनल की जीत के हीरो ट्रेविज हेड जैसे आधा दर्जन खिलाड़ियों से सज्जित ऑस्ट्रेलिया को हरा कर देश के क्रिकेट प्रेमियों को बहुत राहत दिलाई।

उपकप्तान श्रेयस अय्यर के बेहतरीन शतक और विकेटकीपर बल्लेबाज जीतेश शर्मा (24 रन, 16 गेंद, एक छक्का और तीन चौके) के साथ पांचवें विकेट की 42 और अक्षर पटेल (31रन, 21 गेंद, एक छक्के व दो चौकों) के साथ छठे विकेट के लिए 46 रन की उपयोगी भागीदारियों की बदौलत भारत ने पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर शुरू के चार विकेट मात्र 55 रन पर गंवाने के बाद 20 ओवर में आठ विकेट पर 160 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे श्रेयस अय्यर (53 रन, 37 गेंद, दो छक्के व पांच चौके) पारी और तेज गेंदबाज नाथन एलिस के चौथे और आखिरी ओवर की तीसरी यॉर्कर को खेलने से चूक बोल्ड हो गए और भारत ने अपना सातवां विकेट 156 रन पर खोया और रवि बिश्नोई (2) अंतिम गेंद पर रन आउट हुए और भारत ने आठवां विकेट 160 रन पर खोया। जीतेश शर्मा ने एरोन हार्डी की गेंद को उड़ाने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर शॉर्ट मिडविकेट पर शॉर्ट के हाथों कैच कराया और भारत ने 14 वें ओवर में अपना पांचवां विकेट 97 पर खोया। अक्षर पटेल पारी के अंतिम पूर्व ओवर में जेसन बेहरनडॉर्फ (2/38) की गेंद को उड़ाने की कोशिश में शॉर्ट मिड विकेट पर हार्डी को कैच थमा आउट हुए।



जीत के लिए 20 ओवर में 161 रन का लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया अपनी पारी और अर्शदीप सिंह (2/40) के चौथे और अंतिम ओवर में जीत के लिए छह गेंदो में 10 रन बनाने थे। अर्शदीप के इस अंतिम ओवर की शुरू की दो गेंद पर कोई रन न बना पाने पर उनकी तीसरी गेंद को उड़ाने के फेर में कप्तान मैथ्यू वेड (22 रन, 15 गें चार चौके) पर लॉन्ग ऑन पर श्रेयस के हाथों लपके गए और स्कोर आठ विकेट पर 151 रन हो गया और अगली तीन गेंद पर उन्होंने मात्र तीन रन देकर ऑस्ट्रेलिया को 20 ओवर में मात्र आठ विकेट पर 154 रन पर रोक कर भारत को रोमांचक जीत दिला दी। भारत के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने अपने पहले पारी के तीसरे ओवर की तीसरी गेंद भीतर आती गेंद पर जोश फिलिप्स (4 रन, 4 गेंद, एक चौका)को बोल्ड कर दिया और ऑस्ट्रेलिया ने पहला विकेट मात्र 22 रन गंवा दिया। बड़े दिल वाले नौजवान लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने अपने पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर छक्का खाने के बाद बेहतरीन वापसी करते हुए गुगली पर खतरनाक ट्रेविज हेड (28 रन, 18 गेंद, एक छक्का, पांच चौके) को बोल्ड कर भारत को बड़ी कामयाबी दिलाई और अपने दूसरे व पारी के सातवें ओवर की अंतिम गेंद पर एरन हार्डी(6 रन, 10 गेंद, एक चौका) को बड़ा स्ट्रोक खेलने पर मजबूर कर लॉन्ग ऑन पर

■ भारत ने ऑस्ट्रेलिया से सीरीज 4-1 से जीत पूरी तरह अपनी श्रेष्ठता साबित की
■ भारत की जीत में श्रेयस का अर्द्धशतक, अक्षर का हरफनमौला खेल

श्रेयस अय्यर के हाथों कैच करा ऑस्ट्रेलिया का स्कोर सात ओवर में तीन विकेट पर 55 रन कर उसे परेशानी में डाल दिया। मैन ऑफ द सीरीज रहे बिश्नोई (कुल नौ विकेट) ने अपने शुरू के दो ओवर में दो विकेट मात्र 13 रन देकर चटकााए। अक्षर पटेल ने अपने चौथे और आखिरी व पारी के 14वें ओवर में टिम डेविड (17 रन, 17 गेंद, एक छक्का) के हाथों कैच करा उनकी और बेन मैकडरमोट की चौथे विकेट की 47 रन की भागीदारी को तोड़ा। बेन मैकडरमोट (54 रन, 36 गेंद, पांच छक्के) अगले और अर्शदीप के तीसरे ओवर की अंतिम गेंद ऑफ स्टंप के बाहर मिली फुलटॉस को उड़ाने की कोशिश में रिंकू के हाथों लपके गए और ऑस्ट्रेलिया ने पांचवां विकेट 116 रन पर खो दिया और पारी के 17 वें और अपने ओवर में मुकेश कुमार ने अपने तीसरे ओवर की तीसरी गेंद पर पहले मैथ्यू शार्ट (16 रन, 11 गेंद, दो चौके) को गायकवाड़ के हाथों कैच करा और अगली गेंद पर डवार्सइज को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 17 ओवर में सात विकेट पर 129 रन का मैच को खासा रोमांचक बना दिया। मुकेश ने अपने इस तीसरे ओवर में मात्र दो रन देकर दो विकेट चटका मैच को रोमांचक बना दिया। पारी के 18वें आवेश की ओवर में कप्तान मैथ्यू वेड ने लगातार तीन चौके जड़े और इसमें कुल 15 रन गए और ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 7 विकेट पर 144 रन हो गया लेकिन मुकेश के चौथे और आखिरी ओवर की पहली गेंद पर गायकवाड़ ने वेड (16 रन) का कैच टपका दिया और तब लगा कि बस मैच भारत के हाथ से फिसल गया लेकिन अंतिम ओवर में अर्शदीप का धैर्य भारत के काम और वह छह रन से जीत दर्ज करने में सफल रहा।

# जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में द. कोरिया के खिलाफ अच्छे आगाज का भरोसा : उत्तम सिंह

**नई दिल्ली,** 4 दिसंबर (देशबन्धु)। तेज तर्रार स्ट्राइकर उत्तम सिंह की अगुआई भारत एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में अपने अभियान का आगाज पूल सी में मंगलवार को अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया के खिलाफ बुकित जलील हॉकी स्टेडियम, क्वालालंपुर में मैच से करेगा। 2016 की चैंपियन भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का दक्षिण कोरिया के खिलाफ खासा बेहतर है। दोनों जूनियर टीमों बीच खेले छह में से तीन मैच भारत ने और दो दक्षिण कोरिया ने दो मैच जीते हैं जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है। भारतीय जूनियर टीम दक्षिण कोरिया जूनियर टीम के खिलाफ अब तक बेहतर रिकॉर्ड के कारण आत्मविश्वास से खेलने उतरेगी। दोनों जूनियर टीमें अंतिम बार इस साल जूनियर एशिया कप सेमीफाइनल में भिड़ी थी और तब भारत ने दक्षिण कोरिया को 9-1 के बड़े अंतर से शिकस्त दी थी। भारतीय जूनियर टीम पूल सी मेशं अपने अगले मैचों 7 दिसंबर को स्पेन और 9 दिसंबर को कनाडा से भिड़ेगी। हर पूल से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। चारों क्वॉटर फाइनल 12 दिसंबर को, दोनों सेमीफाइनल 14 दिसंबर को तथा फाइनल 16 दिसंबर को खेला जाएगा।

कप्तान उत्तम सिंह भारत की भुवनेश्वर में 2021 में हुए जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम का हिस्सा थे। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान उत्तम सिंह दक्षिण कोरिया जूनियर टीम के के खिलाफ पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, %जूनियर विश्व कप में खेलने के लिए हमारा इंतजार अंतत: अब खत्म होने को है । हमे दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपने पहले मैच में



■ सभी का फोकस अपनी योजना को अमली जामा पहनाने और अच्छी हॉकी खेलने पर

अच्छे आगाज का भरोसा हैं। हम हाल ही दक्षिण कोरिया के खिलाफ खेल चुके हैं और हम चुनौती से वाकिफ हैं। सभी का फोकस अपनी योजना को अमली जामा पहनाने और अच्छी हॉकी खेलने पर रहेगा। इस जूनियर विश्व कप में हमारा ध्यान मैच दर मैच आगे बढ़ने पर रहेगा। हमारी प्राथमिकता जीत के साथ आगाज कर अगले मैचों में भी बढिया़ प्रदर्शन कर जूनियर विश्व कप में अगले चरण में प्रवेश करने पर है।

### चौकस रह अच्छा आगाज करना होगा : सीआर कुमार

भारतीय जूनियर टीम के कोच सी आर कुमार ने कहा, हमारे खिलाडियों ने बहुत मेहनत कर खुद को जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए पूरी तरह तैयार किया है। दक्षिण कोरिया एक बढिया़ टीम है और हम आप उसे हल्के नहीं ले सकते हैं। यह बड़ा मंच है हम अपने प्रतिद्वंद्वी का सम्मान करते हैं और हमें चौकस होकर रहना होगा और अपनी ताकत पर भरोसा कर अच्छा आगाज करना होगा।

# मैदान में जो सही लगता है वही करो और खेल का आनंद लो : सूर्यकुमार

**बेंगलुरु** 4 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि मैंने हमेशा अपने साथी खिलाड़ियों से कहा है कि मैदान में आपको जो सही लगता है आप वही करो और खेल का आनंद लो।

पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला 4-1 से जीतने के बाद कल रात सूर्यकुमार यादव ने कहा कि यह एक कमाल की श्रृंखला रही है। खिलाड़ियों ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वह देख कर अच्छा लग रहा है। मैंने हमेशा अपने साथियों से कहा है कि मैदान में आपको जो सही लगता है, आप वही करो। अपने खेल का आनंद लो। उन्होंने कहा कि आज विकेट थोड़ा ट्रिकी था, मैंने अपने खिलाड़ियों से कहा था कि अभी भी हम मैच में बने हुए हैं, चिंता न करें। इस अवसर पर प्लेयर ऑफ द सीरीज रवि बिश्नोई ने कहा कि पहला मैच मेरे हिसाब से अच्छा नहीं गया था। हालांकि मैंने जो योजना बनाई थी, मैं उसी को लागू करने का प्रयास कर रहा था। मैं कोशिश कर रहा था कि मैं ज्यादा ऊपर गेंद न फेकूं और विकेट टू विकेट गेंदबाजी करना चाह रहा था। मैं दक्षिण अफ्रीका में भी ऐसे ही गेंदबाजी करने का प्रयास करूंगा।

प्लेयर ऑफ द मैच अक्षर पटेल कहा कि आज पहली ही गेंद करने पर मुझे स्पिन मिला तो मैंने मुस्कुराते हुए सोचा कि यह मेरा विकेट है। एक ब्रेक के बाद वापसी करते हुए मैं लय में नहीं था, उस वक्त मैं काफी कुछ सोच रहा था, क्योंकि बल्लेबाजी उस हिसाब से नहीं हो रही थी। हालांकि आज मैंने अच्छी बल्लेबाजी की। बिश्नोई के साथ जिस तरह से मैंने साझेदारी में गेंदबाजी की उससे मुझे काफी मदद मिली। यह साझेदारी आगे भी चलती रहे तो अच्छा है।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मैथ्यू वेड ने कहा कि हमने आज कमाल की गेंदबाजी की। हमने भारत को एक ऐसे स्कोर पर रोका था जिसे हासिल किया जा सकता था। हम दो स्पिनर के लिए जा सकते थे। हालांकि टी-20 विश्वकप की तैयारियों के मद्देनजर कई बार अलग तरह के फैसले लिए जाते हैं।

# भगवान का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझे एक और मौका दिया : अर्शदीप सिंह

**नई दिल्ली,** 4 दिसंबर (देशबन्धु)। भारत की ऑस्ट्रेलिया पर बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पांचवें और अंतिम टी-20 क्रिकेट मैच में रविवार देर रात छह रन से रोमांचक जीत के नायक सही मायनों में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह अपने अंतिम अंतिम ओवर में मात्र तीन रन देकर खतरनाक होते दिख रहे कप्तान मैथ्यू वेड का चटका कर रहे। अर्शदीप ने अपने शुरू के तीन ओवर में 37 रन देकर मात्र विकेट खासे महंगे रहे थे। अर्शदीप ने भारत की जीत के बाद कहा, मैंने सोचा मैच में शुरू के अपने ओवर में मैंने बहुत ज्यादा रन दे दिए और में इस मैच में खलनायक बन जाउंगा। मैं भगवान का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझे एक और मौका दिया और मैंने खुद पर भरोसा किया। मैं अपने आखिर में तीन रन ही दिए और हम मैच जीतने में सफल रहे। मुझे आखिरी ओवर में गेंद थमाते हुए हमारे कप्तान सूर्य भाई ने मुझसे कहा जो कुछ हो गया, सो हो गया। हमारी जीत का श्रेय हमारे बल्लेबाजों को भी जाता है और उन्होंने मुश्किल पिच पर हमें बचाव के लिए अच्छा स्कोर दिया और हमारे पास 15-20 ज्यादा थे। हमने गेंदबाजी इकाई के रूप मे जो मानदंड तय किए थे हम उसके आस पास भी नहीं थे लेकिन हमने कई सबक सीखे । मैं भविष्य में यह सुनिश्चित करना चाहूंगा कि इस तरह की गलतियां न करूं।



■ मैं भविष्य में यह सुनिश्चित करना चाहूंगा कि इस तरह की गलतियां न करूं

### द. अफ्रीका में भी बतौर गेंदबाज आक्रमण करने की कोशिश करूंगा : बिश्नोई

पांच टी-20 मैचों की सीरीज में नौ विकेट चटका मैन ऑफ सीरीज रहे भारत के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने कहा, मेरे लिए सीरीज का पहला मैच बहुत बढ़िया नहीं रहा और मैं इसीलिए अन्य मैचों में अपनी योजना को अमली जामा पहनाना चाहता था। मेरी योजना एकदम साफ थी। मेरी सीधे विकेट पर स्टंप टू स्टंप और थोड़ी शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंदबाजी कारगर रही जबकि बल्लेबाज को आगे खिलाने पर इस पर प्रहार कर सकता था। मैं लॉन्ग ऑन को आगे लाकर खास तरह का लेग स्पिनर बनना चाहता था। दक्षिण अफ्रीका अलग-अलग पिचें बनाएगा लेकिन मैं वहां भी बतौर गेंदबाज आक्रमण करने की कोशिश करूंगा।

### बेहद खुश हूं टीम की जीत में हर किसी ने योगदान किया : श्रेयस

भारत के लिए संकट की घड़ी में अर्द्धशतक जडने् उपकप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा, मैं बेहद खुश हूं कि टीम की जीत में हर किसी ने योगदान किया। मैं आखिरी ओवर फेंकते हुए अर्शदीप का धैर्य देखा। मैं दे दनादन करने की सोच के साथ उतरा था लेकिन मैंने देखा कि हमारे तीन विकेट गिर गए और तब मैंने यह हिसाब लगाया कि पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं है। मेरा मानना था कि 160 रन का स्कोर अच्छा स्कोर होगा और अंततः हम इस तक पहुंचे भी। इस स्कोर का बचाव कर जीत हासिल करना हमारे लिए वाकई शानदार रहा।

# खेल को कैसे आगे बढ़ाना है, यह आईसीसी का काम है : कपिल

**बेंगलुरु,** 4 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत के महान क्रिकेटर कपिल देव ने कहा कि यह क्रिकेट को कैसे आगे बढ़ाना है यह काम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का है।

कपिल ने रविवार को यहां विश्व समुद्र गोल्डन ईगल्स की वार्षिक गोल्फ चैंपियनशिप के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा, मैं एक दर्शक के अलाव कुछ भी नहीं हूं। बस इतना ही मेरा कहना है। क्रिकेट को कैसे आगे बढ़ाना है यह काम आईसीसी का है। खेल को कैसे होगा, यह क्रिकेट कंट्रोल का काम है। यह मेरा काम नहीं है। मेरा काम टेलीविजन पर खेल देखना और उसका लुत्फ उठाना है।

उन्होंने हाल ही में संपन्न एकदिवसीय विश्वकप में कई लोगों का ध्यान एक विवादित खिलाड़ी और कुछ अन्य हरकतों की ओर खिंचा है। जिसमें मोहम्मद रिजवान के क्रिकेट मैदान पर नमाज पढ़ने, पाकिस्तान के मुख्य कोच मिकी आर्थर 'जय श्री राम' के नारे को लेकर टिप्पणी, फाइनल मुकाबले के दौरान एक फिलिस्तीन समर्थक ने मैदान में घुसकर विराट कोहली को गले लगाने के इन विवादों पर कपिल ने कहा कि हर तरह के लोग होते हैं और किसी को इसका नकारात्मक और किसी को सकारात्मक पक्ष रखने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कह, आपको हर तरह के लोग मिलेंगे और हर तरह के लोग आपकी तरह के लोग नहीं होंगे, आप जो भी सोचते हैं वह सही है। अगर आपको उसके बारे में लिखना पसंद नहीं है, और यदि आप पसंद करते हैं, तो उसकी सराहना करें। बस इतना ही।



उन्होंने कहा कि क्रिकेट मैदान पर पाकिस्तानी खिलाड़ी रिजवान का नमाज पढ़ने को लेकर उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। उच्चतम न्यायालय के वकील विनीत जिंदल ने आईसीसी को पत्र लिखकर कहा कि रिजवान का मैच के दौरान नमाज पढ़ना खेल की भावना पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने यह भी कहा कि क्रिकेट के मैदान पर कई भारतीयों के बीच रिजवान का कृत्य जानबूझकर उनके धर्म का चित्रण करने का प्रतीक था, जो खेल की भावना के खिलाफ है और पाकिस्तानी खिलाड़ी जानबूझकर अपने धर्म के बारे में दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रहा था।

# ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी टूर्नामेंटों का अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा प्रसारण

**दुबई** 4 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेजन प्राइम वीडियो ने सभी पुरुष और महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टूर्नामेंट के लिए ऑस्ट्रेलिया में प्रसारण अधिकार सुरक्षित कर लिये हैं। फॉक्सटेल/कायो ने हालिया एकदिवसीय विश्व कप का प्रसारण किया, जबकि नाइन नेटवर्क ने ऑस्ट्रेलिया के खेलों और कुछ अन्य मैचों की स्क्रीनिंग की। इस नई साझेदारी के तहत कोई प्रसारण फ्री-टू-एयर नहीं किया गया है। ऑस्ट्रेलिया में पुरुषों/महिलाओं के घरेलू टेस्ट और सभी अंतरराष्ट्रीय मैच सेवन के साथ फ्री-टू-एयर पर उपलब्ध रहेगी, लेकिन पुरुषों के सफेद गेंद अंतरराष्ट्रीय मैच फॉक्सटेल के साथ हैं। 2027 और 2031 में पुरुषों की एशेज श्रृंखला का प्रसारण नाइन नेटवर्क पर होगा। यह निर्णय संघीय सरकार द्वारा खेल में साइफनिंग विरोधी उपायों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के कुछ ही दिनों बाद आया है। संचार मंत्री मिशेल रोलैंड ने पिछले सप्ताह संसद में साइफनिंग विरोधी उपायों को ध्यान में रखते हुए कानून पेश किया। रोलैंड ने कहा, सभी आस्ट्रेलियाई लोगों को चाहे वे कहीं भी रहते हों, या जो भी कमाते हों, उन्हें प्रतिष्ठित खेल आयोजनों के मुफ्त टीवी कवरेज का आनंद लेने का अवसर मिलना चाहिए। आईसीसी प्रमुख ज्योफ एलार्डिस ने अमेजन के साथ समझौते का स्वागत करते हुए एक बयान में कहा, हम ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी क्रिकेट अधिकारों के लिए प्राइम वीडियो के साथ नई चार साल की साझेदारी करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं।

# अमेजन प्राइम वीडियो ने हासिल किए आईसीसी मीडिया अधिकार

**मेलबर्न,** 4 दिसंबर (आईएएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की कि अमेजन के प्राइम वीडियो ने ऑस्ट्रेलिया में पुरुषों और महिलाओं दोनों के वैश्विक क्रिकेट टूर्नामेंट के प्रसारण के लिए चार साल का मीडिया अधिकार हासिल कर लिया है।

अब तक, फॉक्सटेल और कायो के पास ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी आयोजनों के अधिकार थे। जिसमें विश्व कप भी शामिल था, जबकि नाइन नेटवर्क ने ऑस्ट्रेलिया के मैचों और कुछ अन्य खेलों की स्क्रीनिंग की थी। लेकिन, इस नई डील के तहत ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी टूर्नामेंट के फ्री-टू-एयर मैच नहीं होंगे।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, हम ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी क्रिकेट अधिकारों के लिए प्राइम वीडियो के साथ नई चार साल की साझेदारी में प्रवेश करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं।

हम ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी क्रिकेट अधिकारों के लिए प्राइम वीडियो के साथ नई चार साल की साझेदारी में प्रवेश करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। : ज्योफ एलार्डिस

हाल ही में संपन्न विश्व कप ने दुनिया भर में और विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी आयोजनों के प्रति रुचि और जुनून को उजागर किया है। जहां क्रिकेट प्रशंसकों ने अपनी पुरुष और महिला टीमों की हालिया सफलता का आनंद लिया है।

हम ऑस्ट्रेलिया में अधिक प्रशंसकों को विश्व स्तरीय क्रिकेट का एक अभिनव कवरेज प्रदान करने के लिए प्राइम वीडियो ऑस्ट्रेलिया के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। साझेदारी में प्राइम वीडियो ऑस्ट्रेलिया विशेष रूप से पुरुषों और महिलाओं के सभी मैचों को स्ट्रीम करेगा। जिसमें पुरुष और महिला क्रिकेट विश्व कप, टी20 विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, अंडर19 और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल शामिल हैं।




इस सौदे में 2024 से 2027 तक 448 लाइव गेम्स के लिए ऑस्ट्रेलिया में स्ट्रीमिंग अधिकार शामिल हैं। नई साझेदारी जो जनवरी 2024 में दक्षिण अफ्रीका में पुरुषों के अंडर-19 विश्व कप से शुरू होगी और ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट प्रशंसकों को हर टूर्नामेंट के सभी मैचों का लाइव कवरेज प्रदान करेगी। सभी क्रिकेट प्रारूपों में विशिष्ट आईसीसी प्रतियोगिता, प्राइम सदस्यता के लिए बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध होगी।

प्राइम वीडियो ने दर्शकों के लिए नई फिल्में, लाइव स्पोर्ट्स और उनके पसंदीदा टीवी शो खोजने के लिए एक नया मंच दिया है। हम हमेशा अपने ग्राहकों को अधिक मूल्य प्रदान करने के तरीकों की तलाश में रहते हैं और लाइव स्पोर्ट्स लगातार उनके शीर्ष अनुरोधों में से एक है। हम अपने ग्राहकों को उनकी प्राइम सदस्यता में शामिल क्रिकेट विश्व कप के लाइव प्रसारण की पेशकश करने में सक्षम होने के लिए उत्साहित हैं!

प्राइम वीडियो ने यह भी कहा कि द टेस्ट डॉक्यूमेंट्री जो ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम की यात्रा को कवर करती है। उसका तीसरा सीज़न होगा जिसमें ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीत और इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड में पुरुषों की एशेज को बरकरार रखना शामिल है।

## सार संक्षेप

### कवीन क्विंटल एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप के टॉप 1 में

**बुरीराम।** एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप के फाइनल राउण्ड में आईडेमिट्सु होण्डा रेसिंग इंडिया टीम के राइडर कवीन क्विंटल और मोहसीन पराम्बन ने 1 लैप की रेस में शानदार प्रदर्शन किया। रेस 2 में ग्रिड 11 से शुरूआत करने के बाद कवीन क्विंटल ने 223 एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप की आखरी रेस में बेहतरीन परफोर्मेन्स देते हुए फाइनल राउण्ड में जीत के प्रयासों को जारी रखा। उन्होंने 18.56.59 के कुल टाईम के साथ 1वें पॉज़िशन पर चैकर्ड लाईन पार की। वहीं मलप्पुरम से उनकी टीम के साथी मोहसीन पराम्बन दुर्भाग्य से एपी25सीसी की दूसरी रेस पूरी नहीं कर सके। पहली रेस में दोपहर की गर्मी के बीच क्विंटल ने स्थिरता बनाए रखी। कई चुनौतियों के बावजूद कवीन ने मैदान पर मजबूत पॉज़िशन हासिल की। दुर्भाग्य से आखिरी कुछ लैप्स में मशीन में खराबी के चलते वे रेस पूरी नहीं कर सके। मोहसीन ने 2वें पॉज़िशन से रेस शुरू की। योजना के साथ आगे बढ़ते हुए और थ्रॉटल पुश करते हुए मोहसीन ने 16वां पॉज़िशन हासिल किया और मैदान में कड़े मुकाबले के बीच अपना लोहा साबित कर दिया। दूसरे राउण्ड के अंत तक आईडेमिट्सु होण्डा रेसिंग इंडिया टीम ने छह अतिरिक्त पॉइन्ट्स स्कोर कर लिए, इस तरह 223 एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप (एआरआरसी) में उनके कुल 33 पॉइन्ट्स हो गए।

### मार्कराम करेंगे भारत के खिलाफ श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीकी टीम की कप्तानी

**प्रिटोरिया।** एकदिवसीय कप्तान टेम्बा बावुमा और तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को इस महीने के आखिर में भारत के खिलाफ सफेद गेंद से खेली जाने वाली श्रृंखला के लिए आराम दिये जाने के कारण टी-2 कप्तान एडेन मार्कराम दक्षिण अफ्रीका की कमान संभालेंगे। गेराल्ड कोएत्जी, मार्को जानसन और लुंगी एनगिडी केवल पहले दो टी-2 में मैच खेलेंगे। इस दौरान टेस्ट की तैयारी के लिए बावुमा, रबाडा, कोएत्जी, जेन्सन और एनगिडी 14 से 17 दिसंबर तक घरेलू प्रथम श्रेणी मैचों के खेलेंगे। ट्रिस्टन स्टब्स को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और इसके साथ ही बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर भी टीम में आये है, ये दोनों अगले फरवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम का हिस्सा हो सकते हैं। पिछली गर्मियों में हेनरिक क्लासेन के टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद विकेटकीपर काइल वेरिन और तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी दोनों की वापसी हुई है। पीठ के निचले हिस्से में तनाव के कारण विश्वकप से बाहर हुए एनरिक नॉर्टजे सभी प्रारूपों में उपलब्ध नहीं होंगे।

# [ अर्थ जगत ]



## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 3.28 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 2.97प्रतिशत |
| एलटी | 2.52 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.56 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.44 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| विप्रो | 1.34 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.27 प्रतिशत |
| मारुति | 0.37 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.29 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.22 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## यात्रियों की सुरक्षा नागरिक उड्डयन मंत्रालय की प्राथमिकता : सिंधिया

**नई दिल्ली,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कहा कि यात्रियों की सुरक्षा मंत्रालय की प्राथमिकता है और नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) सभी हवाईअड्डों पर कड़ी नजर रखे हुए है और यदि कोई एयरलाइन या हवाईअड्डा किसी यात्री के साथ दुर्व्यवहार का दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाती है और जुर्माना लगाया जाता है। सिंधिया ने यह टिप्पणी सोमवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान की। वह राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा के सवाल का जवाब दे रहे थे।


शर्मा ने पूछा था कि जैसे एयरलाइन क्रू और एयरलाइंस के अधिकारों को परिभाषित किया गया है, क्या मंत्रालय यात्रियों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए कोई कदम उठा रहा है, क्योंकि ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं कि यात्रियों के साथ सुरक्षा और प्रक्रिया के नाम पर दुर्व्यवहार किया गया। इस पर सिंधिया ने कहा, सुरक्षा के लिए बीसीएएस सभी हवाई अड्डों पर पैनी नजर रखता है और संरक्षा के लिए डीजीसीए एयरलाइंस के लिए सीएआर (सिविल एविएशन रिक्वायरमेंट्स) जारी करता है ताकि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखा जा सके। यदि कोई एयरलाइन या हवाईअड्डा दुर्व्यवहार का दोषी पाया जाता है, तो एयरलाइन और हवाईअड्डे पर जुर्माना लगाया जाता है।एक पूरक प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने कहा, एयर इंडिया ने 470 विमानों का ऑर्डर दिया है। इंडिगो ने 500 विमानों का ऑर्डर दिया है और आने



वाले दिनों में यह कनेक्टिविटी की रीढ़ बन जाएगा। नांदेड़ हवाई अड्डे का बारे में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में सिंधिया ने कहा, इस मुद्दे पर हमारी सलाहकार समिति में चर्चा हुई है और यहां सवाल यह है कि एयरलाइन ने नांदेड़ में अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं। कुछ एयरलाइंस को आर्थिक रिटर्न नहीं मिल पा रहा था, इसलिए कुछ उड़ानों की संख्या कम हो गई। कनेक्टिविटी दे रहे हैं। हवाई अड्डा हमारी प्राथमिकता है।उन्होंने कहा, नांदेड़ महाराष्ट्र में एक महत्वपूर्ण स्थान है, लेकिन सिख समुदाय के लिए, उनके धर्म के लिए यह और भी महत्वपूर्ण है। समस्या एयरलाइन की ओर से नहीं है। यह हवाई अड्डा राज्य सरकार द्वारा एक निजी क्षेत्र की इकाई को दिया गया था, जिसने कभी भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की फीस नहीं दी। एटीसीओ, जो हमने वहां प्रदान किया है, को वापस लेना पड़ा। मैं राज्य सरकार के साथ बात कर रहा हूं और हमें लगता है कि अगर राज्य सरकार निजी इकाई से हवाई अड्डे को वापस ले लेती है और इसे अपने-आप शुरू करती है, तो हम उन मार्गों पर परिचालन शुरू कर सकते हैं।इस बीच, कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने आखिरी मिनट में एयरलाइंस द्वारा टिकट रद्द करने का मुद्दा उठाया और पूछा कि सरकार कोहरे के मौसम को देखते हुए क्या कदम उठा रही है। सिंधिया ने जवाब दिया कि जहां तक रद्द करने की बात है तो हमारे पास एक प्रक्रिया है यदि एयरलाइन एक या दो घंटे के भीतर उड़ान रद्द करती है, तो एयरलाइन को वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था करनी होती है और यदि उड़ान में पाँच से छह घंटे की देरी के बाद रद्द होती है, तो एयरलाइन को वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था करनी होती है। यात्रियों के लिए होटल और रिफंड की व्यवस्था करना और उन्हें अगली फ्लाइट से भेजना एयरलाइंस की जिम्मेदारी है।मंत्री ने कहा, अगर कहीं भी इसका पालन नहीं किया जाता है तो मंत्रालय इस पर ध्यान देता है और एयरलाइन के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करता है। उन्होंने यह भी कहा कि 2021 में जब उन्होंने मंत्री पद का कार्यभार संभाला तो कोहरे के लिए मंत्रालय ने एक नई प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने यह भी कहा कि देश में 18 से 19 हवाई अड्डे ऐसे हैं जहां कोहरे का असर है। मंत्री ने कहा, वित्त वर्ष 2021-22 में कोहरे के दौरान रद्दीकरण 0.05 प्रतिशत और देरी 0.01 प्रतिशत थी क्योंकि हमने तदनुसार कार्यक्रम बनाया था।

## जेरोधा का काइट ऐप लगातार तीन महीनों में तीसरी बार हुआ बंद

**नई दिल्ली,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। ब्रोकरेज फर्म जेरोधा के ट्रेडिंग ऐप काइट को सोमवार को एक और तकनीकी खराबी का सामना करना पड़ा, यह लगातार तीसरा महीना है, जब प्लेटफॉर्म को इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा है। यह उस दिन हुआ जब शेयर बाजार अब तक के उच्चतम स्तर पर खुला। गड़बड़ी के कारण ऐप में लॉगिन नहीं कर पाने से निराश यूजर्स ने शिकायत के लिए एक्स की ओर रुख किया। एक यूजर ने लिखा, बेहद जरूरी दिन पर फिर से डाउन। क्या किसी और को जेरोधा के साथ समस्या का सामना करना पड़ रहा है? सुबह 9.29 बजे जेरोधा ने एक पोस्ट में कहा, हमारे कुछ यूजर्स को काइट वेब में लॉग इन करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हम इस समस्या पर गौर कर रहे हैं। इस बीच, कृपया काइट मोबाइल ऐप में लॉगिन करें।लगभग एक घंटे बाद, ब्रोकरेज फर्म ने पोस्ट किया कि समस्या का समाधान हो गया है और असुविधा के लिए खेद है। ज़ेरोधा ने कहा, हमारे कुछ यूजर्स को काइट में लॉगिन करने और मार्केटवॉच में इंस्ट्रूमेंट्स जोड़ने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इन समस्याओं का समाधान हो गया है। इस असुविधा के लिए खेद है।ज़ेरोधा पिछली बार 31 अक्टूबर और 6 नवंबर को बंद हो गया था, जब कई यूजर्स ने ऑर्डर प्लेसमेंट से संबंधित तकनीकी गड़बड़ी के बारे में शिकायत की थी, जिसमें ऑर्डर एग्जीक्यूट नहीं होने और अन्य समस्याएं थीं।




## तकनीकी गड़बड़ी के कारण कुछ कर्मचारियों के वेतन में देरी हुई: बायजू

नई दिल्ली, 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। एडटेक यूनिकॉर्न बायजू के कुछ कर्मचारियों को वेतन मिलने में तकनीकी खराबी के कारण देरी हुई। कंपनी ने कहा कि उन्हें सोमवार को वेतन देने की प्रक्रिया चल रही थी। कंपनी ने कहा कि वह इस मुद्दे को सुलझाने और शेष कर्मचारियों को भुगतान करने के लिए काम कर रही है। बायजू ने कहा, एक अप्रत्याशित तकनीकी खराबी के कारण कुछ सीमित कर्मचारियों (पाँच प्रतिशत से कम) के वेतन प्रसंस्करण में देरी हुई है।

इस मुद्दे को सप्ताहांत में ठीक किया जा रहा है और भुगतान सोमवार तक किया जाएगा।रिपोर्टों के मुताबिक, लगभग एक हजार कर्मचारियों के वेतन में देरी का असर हर स्तर के लोगों पर पड़ा है। हालाँकि, आकाश इंस्टीट्यूट से जुड़े कर्मचारियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 9,362.35 करोड़ रुपये के कथित उल्लंघन पर एडटेक फर्म थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड (बायजू की मूल कंपनी) और बायजू रवींद्रन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के कुछ दिनों बाद कंपनी ने पिछले सप्ताह कहा कि वह सभी प्रासंगिक फेमा नियमों का पूर्ण पालन करती रहेगी।

## लेम्बोर्गिनी इंडिया ने कला के माध्यम से मनाया छह दशकों का जश्न

**नई दिल्ली,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। सुपर कार बनाने वाली कंपनी लेम्बोर्गिनी इंडिया ने कला के माध्यम से ऑटोमोटिव उत्कृष्टता के छह दशकों का जश्न मनाया है जिसमें 'शादंगा' भारतीय शास्त्रीय कला के छह तत्वों का मिश्रण है। ब्रांड की 60वीं वर्षगांठ मनाने के लिए द प्लेटेड प्रोजेक्ट के साथ सहयोग की घोषणा की गयी है। यह कला परियोजना ऑटोमोटिव जगत में कलात्मक अभिव्यक्ति और लेम्बोर्गिनी के अभिनव डिजाइन के सहज संलयन का उत्सव है। इस सहयोग के साथ, लेम्बोर्गिनी इंडिया ऑटोमोटिव उत्कृष्टता और कलात्मक रचनात्मकता की दुनिया में सामंजस्य स्थापित करते हुए, अपनी तरह का एक अनूठा कला शोकेस, 'शाडांगा' लेकर आया है। 'शाडांगा' द प्लेटेड प्रोजेक्ट के साथ साझेदारी में एक




कलात्मक प्रयास है, जो भारतीय शास्त्रीय कला के छह तत्वों - प्राचीन 'शाडांगा' के लेंस के माध्यम से लेम्बोर्गिनी के वास्तविक सार को उजागर करता है। लेम्बोर्गिनी के इतिहास के एक तत्व के प्रति समर्पित छह कलाकारों ने ब्रांड की प्रतिष्ठित डिजाइन भाषा को मनोरम कलाकृतियों में बदल दिया। प्रत्येक टुकड़े को पारंपरिक भारतीय कारीगरों द्वारा सजाया गया था।

लेम्बोर्गिनी इंडिया के प्रमुख शरद अग्रवाल ने कहा, जैसा कि हम लेम्बोर्गिनी की उत्कृष्टता की निरंतर खोज के 60 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, हमें वास्तव में असाधारण कला शोकेस 'शाडांगा' बनाने के लिए 'द प्लेटेड प्रोजेक्ट' के साथ हाथ मिलाकर खुशी हो रही है। यह पहल न केवल हमारे प्रतिष्ठित ब्रांड को श्रद्धांजलि अर्पित करता है, लेकिन एक सार्थक उद्देश्य में भी योगदान देता है।

उन्होंने कहा कि लेम्बोर्गिनी की 60वीं वर्षगांठ के जश्न में प्लेटेड प्रोजेक्ट 100 सेटों की एक 'सीमित संस्करण' श्रृंखला बनाएगा, जो लघु चीनी मिट्टी के संग्रहणीय प्लेटों के रूप में प्रत्येक कला टुकड़े की प्रतिकृति होगी, जो उन्हें इस असाधारण परियोजना से मूल्यवान यादगार बना देगी।

## सार संक्षेप

### सेल ने दिव्यांगजनों को दिए सहायक उपकरण

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और उसकी इकाइयों ने राजधानी और अन्य स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर कंपनी की ओर से समाज कल्याण के तहत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए हैं। कंपनी की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार उसने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एक कार्यक्रम अपने मुख्यालय पर आयोजित किया जिसमें दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल जैसे सहायक यंत्र और उपकरण प्रदान किए गए । कंपनी दो वर्ष से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रही है। सेल की विज्ञप्ति के अनुसार देश भर में फैले कंपनी के विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए। सेल द्वारा प्रदान किए गए सहायक उपकरणों में ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, स्मार्ट केन, स्मार्ट फोन, घुटने के ब्रेसिज़ और श्रवण यंत्र शामिल हैं। सेल अध्यक्ष, अमरेंदु प्रकाश ने पिछले कुछ वर्षों में दिव्यांगता के प्रति सामाजिक जागरूकता में सकारात्मक बदलाव का उल्लेख किया और दिव्यांगजनों को सुविधा और सहायता प्रदान करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता दोहराई।

### स्पॉटिफाई करेगा 17 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली।** म्यूजिक स्ट्रीमिंग दिग्गज स्पॉटिफाई ने सोमवार को कंपनी भर में लगभग 17 प्रतिशत कार्यबल की छंटनी की घोषणा की। स्पॉटिफाई के संस्थापक और सीईओ डैनियल ऐक ने कर्मचारियों को लिखे एक नोट में कहा कि कंपनी के लिए आगे की चुनौतियों का सामना करने के लिए कार्यबल का सही आकार बनाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने छंटनी के कारणों के रूप में धीमी आर्थिक वृद्धि और बढ़ी हुई पूंजी लागत का हवाला दिया और दावा किया कि कंपनी ने व्यवसाय में भारी निवेश करने के लिए 22 और 221 में कम लागत वाली पूंजी का उपयोग किया। डैनियल एक ने कहा, मैंने कंपनी में अपने कुल कर्मचारियों की संख्या लगभग 17 प्रतिशत कम करने का कठिन निर्णय लिया है। मैं मानता हूं कि इसका असर उन व्यक्तियों पर पड़ेगा, जिन्होंने बहुमूल्य योगदान दिया है। स्पष्ट कहें तो, कई स्मार्ट, प्रतिभाशाली और कड़ी मेहनत करने वाले लोग हमें छोड़कर चले जाएंगे। टेकक्रंच के अनुसार, स्पॉटिफाई में लगभग 8,8 लोग कार्यरत हैं और नौकरी में कटौती के इस कदम से 1,5 से अधिक कर्मचारी प्रभावित होंगे। सेवरन्स पे के तहत, कंपनी सभी कर्मचारियों के लिए बेसलाइन के साथ शुरुआत करेगी, जिसमें औसत कर्मचारी को लगभग पांच महीने का सेवरन्स मिलेगा। इसकी गणना लोकल नोटिस पीरियड आवश्यकताओं और कर्मचारी कार्यकाल के आधार पर की जाएगी। कंपनी कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति अवधि के दौरान स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करना जारी रखेगी।

## सेंसेक्स और निफ्टी ऊंची छलांग लगाकर रिकॉर्ड स्तर पर

मुंबई, 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में गिरावट के बीच चार में से तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जबरदस्त प्रदर्शन और आर्थिक विकास के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत दो प्रतिशत से अधिक की ऊंची छलांग लगाकर आज सेंसेक्स और निफ्टी अबतक के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1383.93 अंक अर्थात 2.05 प्रतिशत की उड़ान भरकर 68 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार और सार्वकालिक उच्चतम स्तर 68865.12 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 418.90 अंक यानी 2.07 प्रतिशत की तेजी लेकर अबतक के रिकॉर्ड स्तर 20686.80 अंक पर रहा।

दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों ने भी जमकर लाभ कमाया। इससे मिडकैप 1.19 प्रतिशत मजबूत होकर 34,999.76 अंक और स्मॉलकैप 1.20 प्रतिशत उछलकर 41 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 41,051.01 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4018 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2391 में लिवाली जबकि 1446 में बिकवाली हुई वहीं 181 में कोई बदलाव नहीं हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, केंद्र में सत्तारूढ़



भाजपा ने चार राज्य विधानसभा चुनावों में से तीन में महत्वपूर्ण जीत हासिल की है। राज्य चुनाव नतीजों से केंद्र में भाजपा सरकार की निरंतरता को लेकर निवेशकों में अधिक विश्वास पैदा हुआ, जिससे बाजार में तेजी आई है।

बीएसई के सभी 20 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.81, सीडी 0.81, ऊर्जा 2.88, एफएमसीजी 0.74, वित्तीय सेवाएं 2.98, हेल्थकेयर 0.40, इंडस्ट्रियल्स 2.29, आईटी 0.49, दूरसंचार 0.91, यूटिलिटीज 2.94, ऑटो 1.22, बैंकिंग 3.56, कैपिटल गुड्स 2.92, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.15, धातु 0.83, तेल एवं गैस 3.77, पावर 2.99, रियल्टी 2.06, टेक 0.49 और सर्विसेज समूह के शेयर 2.76 प्रतिशत मजबूत रहे।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 954 अंक की तेजी के साथ 68,435.34 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 68,274.47 अंक के निचले स्तर पर आ गया। इसके बाद लगातार जारी लिवाली की बदौलत यह कारोबार के अंतिम चरण में 68,918.22 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 67,481.19 अंक के मुकाबले 2.05 प्रतिशत चढ़कर 68,865.12 अंक पर रहा।


इसी तरह निफ्टी भी 334 अंक की उछाल लेकर 20,601.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,507.75 अंक के निचले जबकि 20,702.65 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,267.90 अंक की तुलना में 2.07 प्रतिशत की छलांग लगाकर 20,686.80 अंक पर रहा। इस दौरान सेंसेक्स की तेजी में रही 27 कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक ने सबसे अधिक 4.68 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही एसबीआई 3.99, एलटी 3.88, कोटक बैंक 3.80, इंडसइंड बैंक 3.63, एचडीएफसी बैंक 3.44, अल्ट्रासिमको 3.04, एनटीपीसी 2.14, बजाज फाइनेंस 2.05, एक्सिस बैंक 2.03, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.84, भारती एयरटेल 1.71, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.51, पावरग्रिड 1.21, रिलायंस 1.15, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.01, आईटीसी 0.90, इंफोसिस 0.84, टाटा स्टील 0.77, टेक महिंद्रा 0.25, मारुति 0.19, एचसीएल टेक 0.07 और टाइटन के शेयर 0.01 प्रतिशत के लाभ में रहे। वहीं, विप्रो 0.10 और टाटा मोटर्स के शेयर 0.04 प्रतिशत गिर गए।

## ओएनडीसी ने की `बिल्ड फॉर भारत'अभियान की घोषणा

नई दिल्ली, 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। गूगल क्लाउड इंडिया, एंटलर इन इंडिया, पेटीएम, प्रोटीन और स्टार्टअप इंडिया के सहयोग से ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) ने 'बिल्ड फॉर भारत' पहल की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य डिजिटल कॉमर्स में विविध चुनौतियों से निपटते हुए, इस क्षेत्र में व्यावहारिक समाधान विकसित करने के लिए औद्योगिक नवाचार को बढ़ावा देना है। 'बिल्ड फॉर भारत' का इरादा स्टार्टअप, कंपनियों और कॉलेजों से आने वाले 2 लाख से अधिक प्रतिभागियों की अपेक्षित भागीदारी के साथ भारत की तकनीकी और उद्यमशीलता क्षमता का लाभ उठाना है। भागीदारी और इकोसिस्टम-संचालित फ्रेमवर्क को प्राथमिकता देते हुए, यह पहल शीर्ष विशेषज्ञों, लीडर्स, वीसी और इनक्यूबेटर के साथ 50 से अधिक शहरों में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई है। इस पहल को शुरू करने के लिए, 4 दिसंबर को एक कार्यक्रम किया गया, जिसमें प्रतिभागियों के समक्ष समस्या विवरणों का अनावरण किया गया और पंजीकरण का आमंत्रण दिया गया। रिटेल, मोबिलिटी, एफ एंड बी, वित्तीय सेवाओं और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों को कवर करते हुए, इस पहल को तीन अलग-अलग परिणाम देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 'नेक्स्टजेन वेंचर्स' में श्रेणी 1 के विजेताओं को एंटलर इन इंडिया से विशेष अवसरों और उद्योग के दिग्गजों से मार्गदर्शन का लाभ मिलेगा। उन्हें 5 करोड़ रुपये तक का इक्विटी-मुक्त अनुदान पाने का मौका मिलेगा। जीतने वाली टीमों को एंटलर रेज़ीडेंसी में शामिल होने का अवसर भी मिलेगा, जिससे संभावित वीसी फंडिंग के रास्ते खुल जाएंगे। यह रेज़ीडेंसी कार्यक्रम न केवल पूंजी पेश करता है बल्कि नवसंस्थापकों के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करता है, जहां वे अपने विचारों को अनुमोदित करवा सकते हैं, अपनी टीम बना सकते हैं, और अपनी कंपनियों को लॉन्च कर सकते व उनका प्रसार कर सकते हैं।

## खाद्य तेलों में टिकाव, उड़द दाल सस्ती

**नई दिल्ली**, 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा और उड़द दाल सस्ती हो गई जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 62 रिंगिट उतरकर 3671 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट फिसलकर 51.31 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## भारतीय आईटी सर्विस इंडस्ट्री में अगले 2-3 तिमाहियों तक नियुक्तियां होंगी कम

**नई दिल्ली,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, मांग में मंदी के बीच भारतीय आईटी सर्विस इंडस्ट्री में अगली दो-तीन तिमाहियों में नियुक्तियां कम होने की उम्मीद है, क्योंकि कंपनियां कम राजस्व वृद्धि की पृष्ठभूमि में अपनी लाभप्रदता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय आईटी सर्विस कंपनियों ने वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही से वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही के दौरान बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की, क्योंकि कोविड-19 महामारी के बाद डिजिटलीकरण की मांग में तेजी आई है। इसके साथ ही, टैलेंट की बढ़ती मांग के कारण इंडस्ट्री में नौकरी छोड़ने की दर भी बढ़कर 22-23 प्रतिशत हो गई। इसके चलते इंडस्ट्री की टॉप-5



कंपनियों ने वित्त वर्ष 2022 में रिकॉर्ड 2,73,000 कर्मचारियों और वित्त वर्ष 2023 की पहली छमाही में 94,400 अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की। रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि, वित्तीय वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही के बाद से, वैश्विक व्यापक आर्थिक माहौल में अनिश्चितता के कारण आईटी सर्विस के लिए समग्र मांग का माहौल कमजोर हो गया।

इससे इस अवधि के दौरान कर्मचारियों की शुद्ध वृद्धि नकारात्मक रही, क्योंकि कंपनियों ने नियुक्तियां कम कर दी और समग्र उपयोग स्तर में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया। इससे हाल की तिमाहियों में कंपनियों को अपनी कर्मचारी लागत और लाभ मार्जिन बनाए रखने में मदद मिली है। आईसीआरए को उम्मीद है कि प्रमुख बाजारों यानी अमेरिका और यूरोप में अनिश्चित व्यापक आर्थिक माहौल के कारण भारतीय आईटी सर्विस इंडस्ट्री की राजस्व वृद्धि वित्त वर्ष 2024 में यूएसडी के संदर्भ में 3-5 प्रतिशत तक कम हो जाएगी, जबकि वित्त वर्ष 2023 में यह 10 प्रतिशत होगी।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'मंदी अगले कुछ तिमाहियों तक जारी रहने की उम्मीद है, जिससे इंडस्ट्री में नियुक्तियों में कुल मिलाकर मंदी आएगी।' इसमें कहा गया है कि हाल की तिमाहियों में नौकरी छोड़ने की दर में गिरावट आई है, जिससे इंडस्ट्री में डिमांड-सप्लाई मिसमैच को कम करने में मदद मिली है।

# कांग्रेस के गढ़ में भाजपा को मिली बढ़त,अपने ही घरों में हारी कांग्रेस

## दिग्गजों के वार्ड से हारे शैलेष पांडे

## कांग्रेसियों ने की हार की समीक्षा

## बिलासपुर व बेलतरा में जातिगत समीकरण ने दिलाई अमर व सुशांत को जीत

## भाजपा में शपथ ग्रहण की तैयारी, अमर,धरम,धर्मजीत व सुशांत पहुंचे रायपुर

**बिलासपुर**, 4 दिसंबर(देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार को लेकर आज पूर्व विधायक शैलेश पांडे ने कार्यकर्ताओं के बीच रायशुमारी करते हुए अपने हार के कारणो की वजह जानी। 3 घंटे तक वे कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चुनाव में हार के कारण को लेकर मंथन करते रहे। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के वार्ड से ऐसे कई बूथ हैं । जहां कांग्रेस को पराजित होना पड़ा वही बिलासपुर नगर निगम से जुड़े बेलतरा विधानसभा के क्षेत्र में भी कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। शहरी क्षेत्र में कांग्रेस फिर से हार गई बिलासपुर जिले से सिर्फ दो विधायक अटल श्रीवास्तव तथा दिलीप लहरिया ही विधानसभा पहुंचे हैं लेकिन बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र से शैलेश पांडे की बड़ी हार एवं तखतपुर से रश्मि सिंह की हार को लेकर शहर में चर्चाओं का दौर चल रहा है। बेलतरा तखतपुर एवं बिलासपुर कांग्रेस के उम्मीदवारों को पता भी नहीं था कि 17 नवंबर को वोटिंग के दौरान अचानक भाजपा के पक्ष में लोगों ने मतदान किया। कांग्रेस इस बात से बेखबर थी और लग रहा था कि भूपेश सरकार पर जनता को भरोसा होगा और प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी जब तक चुनाव के नतीजे नहीं आ गए थे तब तक कांग्रेस की सरकार बनने तथा कांग्रेस के अधिक विधायक की जीत का दावा किया जा रहा था । अब कांग्रेस के नेताओं का मानना है कि प्रदेश में इडी और आईटी की कार्रवाई तथा धार्मिक ध्रुवीकरण के माहौल से भाजपा को जीत मिली है। बिलासपुर विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा की और उनके कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथ में हार के कारणों की वजह भी बताई। बिलासपुर विधानसभा में 230 बूथ है । जहां पहली बार कांग्रेस को सिर्फ 47 बूथ में बढ़त मिली है। बाकी 187 बूथ में भाजपा को जीत मिली है। पहली बार ऐसा हुआ है कि बिलासपुर विधानसभा से 28000 से अधिक वोटो से कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा । बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में अविभाजित मध्य प्रदेश में तथा छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद भाजपा उम्मीदवार को इतनी बढ़त कभी नहीं मिली और कांग्रेस को कभी भी इतने बड़े 28000 से अधिक वोटो से हार का सामना नहीं करना पड़ा। पहली बार ऐसा हुआ है कि कांग्रेस के गढ़ जहां विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को एक तरफ वोट मिलते थे वहां भी कई बूथ में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में 21 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे लेकिन भाजपा और कांग्रेस के बीच ही सीधी टक्कर थी । विधायक अमर अग्रवाल को 83022 वोट मिले जबकि कांग्रेस के शैलेश पांडे को 5463 वोट से ही संतोष करना पड़ा। पिछले





विधानसभा चुनाव में उन्हें 68000 से अधिक वोट मिले थे लेकिन इस बार अमर अग्रवाल को 83000 से अधिक वोट मिला और उन्होंने जीत का रिकॉर्ड भी बनाया। इस बार विधानसभा चुनाव में सामाजिक वोटो के हिसाब से देख तो शहर का जो वर्ग पूर्व मंत्री से नाराज था आज वही वर्ग भाजपा के पक्ष में मतदान किया । जहां एक और महिलाओं तथा युवा वर्ग का वोट एक तरफ भाजपा को मिला वहीं दूसरी ओर नये मतदाताओं में भी भाजपा के प्रति उत्साह दिखा । कांग्रेस को अपने ही घर में वोट नहीं मिले। कांग्रेस पार्षदों के वार्ड में भी शैलेश पांडे को हार का सामना करना पड़ा। सिर्फ रामा बघेल और शेख नजीरुद्दीन तथा तारबाहर के वार्ड में कुछ वोटो की बढ़त मिली। नेहरू नगर कस्तूरबा नगर टिकरापारा दयालबंद खपरगंज जूनी लाइन जहां कांग्रेस के पार्षद हैं वहां वहां भी कांग्रेस पराजित हुई । रेलवे क्षेत्र के पार्षद साइ भास्कर तथा अजय यादव के वार्ड में शैलेश पांडे को कुछ वोटो की बढ़त मिली । सरकंडा क्षेत्र में राजेश शुक्ला के वार्ड जहां से कांग्रेस को एक तरफ वोट मिलने की उम्मीद थी वहां भी बहुत बड़े अंतराल से हार का सामना करना पड़ा । वही हाल भास्कर यादव सवर्णा शुक्ला, संगीता तिवारी, सुनीता गोयल, तथा भरत कश्यप के वार्ड मैं हुआ। इन वार्डों से अमर अग्रवाल चुनाव जीते।

### अपने ही वार्ड से हारे विजय केशरवानी

जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण के अध्यक्ष विजय केसरवानी बेलतरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव हार गए हैं उन्हें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुशांत शुक्ला ने 16374 मतों से हराया है ।श्री केसरवानी बिलासपुर नगर निगम के पार्षद भी हैं वे लिगियाडीह वार्ड के वार्ड के पार्षद और नगर निगम में एमआईसी मेंबर भी है लेकिन श्री केसरवानी को वह जिस वार्ड के पार्षद हैं वहां से भी पराजय का सामना करना पड़ा है। इतना ही नहीं बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बिलासपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र की वार्डों में भी करारी हार का सामना करना पड़ा है । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सलाहकार प्रदीप शर्मा के गृह ग्राम अकलतरी में भी कांग्रेस को हार देखनी पड़ी है । यह उल्लेखनीय है कि बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के आधे मतदाता बिलासपुर नगर निगम के सरकंडा पार के वार्डों में निवास करते हैं यह बात शुरू से कहा जाता रहा है कि बेलतरा विधानसभा क्षेत्र का जो भी प्रत्याशी मौपका से लेकर मंगला तक के मतदाताओं को साधने में कामयाब रहा तो उसे हार का सामना नहीं करना पड़ेगा । ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं ने कांग्रेस का जरूर साथ दिया। लेकिन शहरी क्षेत्र के मतदाताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी विजय केसरवानी के खिलाफ जमकर वोट करते हुए भाजपा प्रत्याशी सुशांत शुक्ला को जीतने में महती भूमिका निभाई । कांग्रेस प्रत्याशी विजय केसरवानी को लोफंदी, कछार, बिरकोना, मंगला, चिंग राजपारा, चांटीडीह, खमतराई, परसाही ,मोपका, फदहाखार,खैरा के तमाम मतदानकेंदो से करारी हार मिली है ।

# कोटा पुलिस ने 7 साल से लापता गुम इंसान व नाबालिग को किया परिजनों के सुपुर्द

**बिलासपुर** , 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के द्वारा जिले में गुम बालक/बालिकाओं की खोजबीन हेतु लगातार अभियान चलाकर गुम बच्चों की पता तलाश हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके परिप्रेक्ष्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोटा टी.एस.नवरंग के नेतृत्व में लगातार गुम बच्चों/महिला/पुरुषों की पता तलाश की जा रही है। कि दिनांक 28.11.2023 को प्रार्थीया साकिन डोंगरीपारा कोटा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई की इसकी नाबालिक लड़की उम्र 14 साल 05 माह दिनांक 26.11.2023 के रात्रि करीबन 10 बजे घर में बिना बताएं कहीं चली गई है। प्रार्थीया के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। विवेचना दौरान आज उक्त नाबालिक बालिका को बरामद किया गया। नाबालिक लड़की से पूछताछ करने पर घर वाले से नाराज होकर बागेश्वरधाम मध्यप्रदेश चली जाना बतायी। जिसे समक्ष गवाहन के बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।



वही दूसरे मामले में प्रार्थी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी लड़की उम्र 20 साल साकिन सल्का धनुहारपारा दिनांक 19.06.2017 के 06.00 बजे सुबह घर से बिना बताए कहीं चली गई थी कि आस-पास, रिश्तेदारों से पतासाजी करने पर कोई पता नहीं चलने पर प्रार्थी के रिपोर्ट पर दिनांक 07.07.2017 को गुम इंसान क्रमांक 48/17 कायम कर पतासाजी में लिया गया। पता तलाश दौरान 06 साल बाद आज पता चला कि उक्त गुमशुदा महिला अपने पति मिथुन सोनवानी के साथ गौरेला-पेंड्रा में है। सूचना पर तत्काल तस्दीक कर थाना लाकर गुमशुदा महिला से पूछताछ करने पर बतायी कि उक्त दिनांक घटना को मैं अपने प्रेमी मिथुन सोनवानी के साथ भागकर शादी कर ली थी उसके बाद से अपने पति मिथुन सोनवानी के साथ रहना बतायी। जिसे समक्ष गवाहन के बरामद कर पति मिथुन सोनवानी को सुपुर्द किया गया।

# बसिया का रावत दल अव्वल,धन्नू की टीम दूसरे स्थान पर

**बिलासपुर** 4 दिसंबर(देशबन्धु)। रावत नाच महोत्सव में प्रथम पुरस्कार भव्य एवं विशाल रनिंग शील्ड के साथ 15001 रूपये तथा वादक दल को 1001 रूपये - कन्हैया यादव, ग्राम- बसिया को प्रदान किया गया।दूसरा पुरस्कार भव्य एवं विशाल रनिंग शील्ड के साथ 11001 रूपये तथा वादक दल को 501 दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरूण साव (सांसद) एवं विशिष्ट अतिथि अमर अग्रवाल (पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़-शासन) थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण कुमार यादव के द्वारा की गई। रावत नाच महोत्सव केसंयोजक डॉ. कालीचरण यादव एवं पदाधिकारियों ने अतिथियों को परंपरागत वेशभूषा पहनाकार स्वागत किया। महोत्सव शाम 7 बजे शुरू होकर दूसरे दिन सुबह 8 बजे सम्पन्न हुआ।

निर्णायक के रूप में विशम्भर प्रसाद यादव,चन्द्रिका यादव, सतीश यादव कन्हैया यादव एवं शिवलाल यादव ने दलों का मूल्यांकन किया। इस अवसर पर तिजऊ राम यादव, विशंभर यादव, कामता यादव, धन्नू यादव, रामचन्द यादव, विजय यादव,



उमेश यादव, सुशील यादव पुसऊ राम यादव, विष्णु यादव एवं अभिमन्यु यादव आदि मौजूद थे।

द्वितीय पुरस्कार धन्नू यादव, ग्राम- परसदा (भरनी) तथा दूसरा पुरस्कार (रायपुर संभाग) रमेश यादव, डोंगरिया (हथबंद) को प्रदान किया गया।

तृतीय पुरस्कार भव्य एवं विशाल रनिंग शील्ड के साथ 9001 रूपये तथा वादक दल को 401 रूपये गौकरण यादव, तारबाहर, अजय यादव, ग्राम भरनी, तृतीय पुरस्कार को दिया गया। अमरनाथ यादव, ग्राम लटुवा को प्रदान किया गया।

चतुर्थ पुरस्कार (4) भव्य एवं विशाल रनिंग शील्ड के साथ 6001 रूपये तथा वादक दल को 301 रूपये - द्वारिका यादव, ग्राम-खमतराई, नीरज यादव ग्राम- बहतराई शिव कुमार यादव, ग्राम गनियारी, मनीराम यादव ग्राम- उच्चभट्टी को प्रदान किया गया। पंचम पुरस्कार भव्य एवं विशाल रनिंग शील्ड के साथ 3001 रूपये तथा वादक दल को 201 रूपये - छहुरा यादव, ग्राम सिलपहरी, भगऊ राम यादव, ग्राम-चकरभाठा बस्ती, शिव कुमार यादव, ग्राम- निरतू, चुन्नीराम यादव, ग्राम- बहतराई फिरतू यादव, ग्राम - सफेद खदान को प्रदान किया गया।

# सराफा एसोसिएशन ने अमर और धर्मजीत के जीतने पर किया स्वागत

**बिलासपुर** 4 दिसंबर(देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के परिणाम आते एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद जहां व्यापारियों में खुशी की लहर है ।वही बिलासपुर सराफा एसोसिएशन ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के और छत्तीसगढ़ की जनता के प्रति आभार जताते हुए पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधानसभा से पांचवीं बार चुनाव जीतने वाले अमर अग्रवाल तखतपुर के विधायक धर्मजीत सिंह तथा बेलतरा से पहली बार भाजपा से विधायक बनने वाले सुशांत शुक्ला का पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी कर जोरदार स्वागत किया।






बिलासपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी के नेतृत्व में आज सदर बाजार मुख्य मार्ग में सराफा व्यापार से जुड़े व्यापारियों ने बिलासपुर, बेलतरा तखतपुरी धानसभा के नवनिर्वाचित विधायकों का पुष्प वर्षा से स्वागत कर आतिशबाजी करते हुए मिष्ठान वितरण किया। तथा प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने एवं बिलासपुर जिले में भाजपा की चार विधायकों की जीत पर खुशी जाहिर की। आज काफी संख्या में सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया । चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद विजय जुलूस एवं स्वागत रैली में पहुंचे नवनिर्वाचित विधायक सुशांत शुक्ला, बिलासपुर विधानसभा से सर्वाधिक मतों से जीत का रिकॉर्ड बनाने वाले अमर अग्रवाल एवं तखतपुर से भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह का बिलासपुर सर्राफा एसोसिएशन ने उनकी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए सम्मान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

विधायक धर्मजीत सिंह ने भी कहा है कि बिलासपुर सर्राफा एसोसिएशन के स्वागत से मै अभीभूत हैं। हमेशा सराफा व्यापारियों के साथ रहेंगे। आज भाजपा के विधायकों का स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से राजेश शाह, जितेंद्र सोनी मनीष सोनी, अजू सोनी, प्रकाश सोनी, सजन, राजेश सोनी, एवं बिलासपुर के सभी सराफा व्यापारियों ने पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया, मिष्ठान का वितरण किया।

# चक्रवाती तूफान मिचौग के कारण कई जिलों में बारिश की संभावना

**बिलासपुर** , 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। बंगाल की खाड़ी में बनें चक्रवाती तूफान मिचौंग के प्रभाव से छत्तीसगढ़ का मौसम बड़ी करवट लेने वाला है, मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिनों तक प्रदेश के कई जिलों में बारिश का अनुमान जताया है। इस दौरान उत्तर छत्तीसगढ़, मध्य छत्तीसगढ़ और पूरे बस्तर संभाग में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। 6-7 दिसंबर के बाद बदलेगा मौसम छत्तीसगढ़ मौसम विभाग की मानें तो चक्रवाती तूफान मिचौग उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है, मंगलवार 5 दिसंबर को यह तूफान और प्रबल होगा। जिसकी गति 90-100 किलोमीटर प्रति घंटा होने का अनुमान हैइस दौरान



अधिकतम तापमान में गिरावट की संभावना है. छह सात दिसंबर के बाद मौसम खुलते ही न्यूनतम तापमान में गिरावट शुरू होगी और ठंड में वृद्धि होगी. आज दक्षिण छत्तीसगढ़ में बारिश की संभावना है. इसके अलावा शेष स्थानों पर भी बारिश संभावित है।

### गुरुनानक देव का 554 वां प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया

**बिलासपुर**,4 दिसंबर (देशबन्धु)। गुरुनानक देव जी का 554 वां प्रकाश उत्सव पूज्य सिंधी पंचायत आजाद नगर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

**NECC**

| 05.12.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 540 | 83 | 145 |
| चिल्हर | 6.50 | 98 | 175 |

डिलीवरी 555 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

# किन्नरों को सभी जगह बराबर की हिस्सेदारी देना चाहिए-अंजू




**बिलासपुर**, 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। आज डी.पी. विप्र महाविद्यालय एवं सममान संकल्प समिति टी.आई. के संयुक्त तत्वावधान में एड्स जागरूकता पखवाड़ा एवं कम्युनिटी इवेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अंजू शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि किन्नर समाज को सभी जगह बराबर की हिस्सेदारी देना चाहिए, उनके साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए और शिक्षा स्वास्थ्य, सेना, सभी जगह सेवा का मौका देना चाहिए। उन्होंने श्रीराम की रामायण कथा के बारे में बताया कि राम ने किन्नरों को वरदान दिया था कि जिसे भी आप आशीर्वाद दोगे उसका कार्य सफल हो जायेगा।

**■ एड्स जागरूकता पखवाड़ा व कयुनिटी इवेंट डी.पी. विप्र महाविद्यालय में आयोजित**

उन्होंने महाभारत के शिखण्डी और बृहन्नला के बारे में भी बताया और आज के समय में लोंगो को जागरूक रहने की बात कही और सभी के लिंग समुदाय के साथ समान व्यवहार करने की बात कही।

उन्होंने एच.आई.वी. एड्स के बारे में लोंगो को जागरूक रहने की बात कही। उन्होंने किन्नर समाज को अपने अधिकारों की मांग करने की बात कही। विजय अरोरा अपने उद्बोधन में कहा कि किन्नर समाज की दशा के बारे में कहा तथा एच.आई. वी. एड्स के बारे में विस्तार से बताया।

इसके फैलने का कारण तथा इसका किस प्रकार से इलाज किया जाये तथा एच.आई. वी. से संक्रमित लोगों के साथ भेदभाव न करने की बात कही तथा लोंगो को जागरूक रहने की बात कही। तत्पश्चात किन्नरों के द्वारा एड्स जागरूकता को नृत्य के माध्यम से संदेश दिया तथा अंत में रैम्प में मांडलिंग के माध्यम से एड्स जागरूकता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन लोकप्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एम.एस. तम्बोली ने किया तथा आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. किरण दुबे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. मनीष तिवारी, आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी प्रो. ए.श्रीराम एन.सी.सी. के लेफ्टिनेट डॉ. आशीष शर्मा, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी प्रो. यूपेश कुमार, डॉ. एम.एल. जायसवाल, डॉ. विवेक अम्बलकर, डॉ. आभा तिवारी, डॉ. सुषमा शर्मा, प्रो. निधीश चौबे, डॉ. ॠचा हाण्डा, प्रो. विश्वास विक्टर, डॉ. सुरूचि मिश्रा, प्रो. रूपेन्द्र शर्मा, प्रो. ज्योति तिवारी, प्रो. सुचीत दुबे, प्रो. प्रदीप जायसवाल छात्रसंघ आशीर्वाद पैनल से एवं एलुमिनी कमेटी अध्यक्ष अविनाश सेठी, गोविन्द सेठी, जित्तू ठाकुर, वीरेन्द्र साहू, विकास सिंह, मनीष मिश्रा ने सहयोग किया।

# 33वे वैश्विक गुप्त विज्ञान शिखर सम्मेलन 2023 और ज्योतिष महाकुंभ का सफल आयोजन

## बिलासपुर से पहुंचे आचार्य डॉक्टर दिनेश महाराज ने सनातन, ज्योतिष शास्त्र एवं माँ पीताम्बरा बगलामुखी पर दिया व्याख्यान

**बिलासपुर** , 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। अहमदाबाद के होटल प्रेसिडेंट में आयोजित 33 वें वैश्विक गुप्त विज्ञान शिखर सम्मेलन 2023, ज्योतिष महाकुंभ का शनिवार को औपचारिक समापन हो गया। जिसमें देशभर से ज्योतिष शास्त्री और संत महात्मा एवं धर्माचार्य शामिल हुए। 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में देशभर से विद्वान पहुंचे, जिनमे बिलासपुर सरकंडा सुभाष चौक स्थित श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर के पीठाधीश्वर आचार्य एवं डॉ दिनेश चंद्र महाराज भी सम्मिलित हुए। प्रथम दिवस देश भर के जाने-माने विद्वानों के साथ उन्होंने भी सनातन धर्म पर आयोजित व्याख्यान माला में अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि 21वीं सदी सनातन धर्म की सदी है और एक बार फिर से देश ही नहीं विदेशों में भी सनातन की पुर्नस्थापना हो रही है। 1 जनवरी को ज्योतिष महाकुंभ में देश भर से पहुंचे ज्योतिष विद्वानों ने ज्योतिष शास्त्र की प्रमाणिकता, उसके इतिहास और वर्तमान, फलादेश की सटीकता के प्रामाणिक आधार आदि पर अपनी बात रखी। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध फिल्म



अभिनेत्री और पूर्व सांसद जयाप्रदा भी शामिल हुई , जिन्होंने आचार्य डॉक्टर दिनेश चंद्र महाराज से प्रसाद स्वरूप श्री पीतांबरा हवनात्मक महायज्ञ का भस्म प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने भविष्य में राजनीतिक सफलता के लिए भी उनसे आशीर्वाद मांगा। शनिवार को आचार्य दिनेश चंद्र महाराज ने मां भगवती पीतांबरा के संबंध में विस्तार से अपनी बातें सभासदों के सामने रखी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से मां भगवती बगलामुखी की आराधना से व्यक्ति के जीवन और घर में नकारात्मक ऊर्जा का दमन होता है। अदालती मामले, व्यापार व्यवसाय में, प्रतिस्पर्धा और सभी क्षेत्रों में सफलता मिलती है। महाशक्ति अपने भक्तों को सौभाग्य प्रदान करती है । इस मौके पर उन्होंने सभी को पीतांबरा हवनात्मक महायज्ञ का भस्म प्रसाद स्वरूप प्रदान किया। विगत दिनों बिलासपुर में हवनात्मक महायज्ञ संपन्न किया गया था, जिसका पवित्र अभिमंत्रित भस्म सभी को बीज मंत्र के उच्चारण के साथ प्रदान किया गया। बताया गया कि इस पवित्र भस्म का तिलक लगाने से वातावरण पवित्र और संतुलित होता है। घर के चौखट पर छिड़कने से या अग्नि कोण या रसोई में रखने से घर का वातावरण पवित्र और संतुलित होता है तथा घर की नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है। वही सभी प्रतिस्पर्धा में सफलता मिलती है ,शत्रु से विजय प्राप्त होती है ।

बिलासपुर से इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में बतौर वीआईपी अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर श्री पीतांबरा पीठ के पीठाधीश्वर डॉक्टर दिनेश महाराज ने तीन दिवसीय आयोजन में हर दिन अलग-अलग विषयो पर सारगर्भित बातें रखी। यह उनके साथ बिलासपुर के लिए भी बड़ी उपलब्धि है। इस सफल आयोजन में अपनी छाप छोड़ने के बाद रविवार देर रात डॉक्टर दिनेश चंद्र महाराज की बिलासपुर वापसी होगी। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय 33वें वैश्विक गुप्त विज्ञान शिखर सम्मेलन एवं ज्योतिष महाकुंभ में शामिल होकर वे नए अनुभव के साथ लौट रहे हैं। इस अवसर पर ज्योतिष, अंक शास्त्र, वास्तु शास्त्र, शिक्षा और अन्य क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए रेडियंस आईकॉनिक अवार्ड प्रदान किए गए। इस दौरान आचार्य शुभेश शर्मन महाराज, राष्ट्रीय प्रमुख धर्म समाज अखिल भारतीय संत समिति आचार्य अनिल वत्स आचार्य अक्षय शर्मा मोगा पंजाब, आचार्य संतोष भार्गव मीरल फाउंडेशन की अध्यक्ष कार्यक्रम अयोजिका मीता जानी हिना बेन ओझा मुंबई लक्ष्मी चेलानी प्रदीप पांडे पूर्व सांसद एवम प्रसिद्ध सिने अभिनेत्री जया प्रदा उपस्थित रहे ।

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188